हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची • मंगलवार • 25.11.2025 • वर्ष : 16 • अंक : 120 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : 3 रुपये 2 रुपये

## एक नजर

### मॉस्को की ओर आ रहे 8 यूक्रेनी ड्रोन को रूसी रक्षा प्रणाली ने मार गिराया

**मॉस्को** : रूस ने सोमवार सुबह मॉस्को की ओर बढ़ रहे आठ यूक्रेनी ड्रोन मार गिराया, यह जानकारी मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने दी। यह हमला उस घटना के एक दिन बाद हुआ, जिसमें यूक्रेन ने राजधानी के पास स्थित शातुरा पावर और हीट स्टेशन को निशाना बनाकर हजारों लोगों की हीटिंग व्यवस्था बाधित कर दी थी। रूसी रक्षा मंत्रालय ने बताया कि कुल 10 ड्रोन तीन क्षेत्रों मॉस्को, कालुगा और ब्रायंस्क में मार गिराए गए। रविवार के हमले के बाद शातुरा शहर (जनसंख्या 33,000) में बैकअप पावर चालू करनी पड़ी और तापमान शून्य के आसपास पहुंचने के कारण मोबाइल हीटिंग यूनिट्स तैनात किए गए। पिछले महीनों में यूक्रेन में रूसी हमलों के चलते कई क्षेत्रों में बिजली और हीटिंग बंद होने की घटनाएं बढ़ी हैं, जबकि यूक्रेन भी समय-समय पर रूस-नियंत्रित क्षेत्रों में ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर हमले करता रहा है। हालांकि अब तक यूक्रेन ने मॉस्को और उसके आसपास के 2.2 करोड़ से अधिक आबादी वाले क्षेत्र में कोई बड़ा नुकसान नहीं पहुंचाया है।

### बदरीनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए कल होंगे बंद

**देहरादून** : भू-बैकुंठ बदरीनाथ धाम के कपाट मंगलवार को लक्ष्मीजी के गर्भगृह में प्रवेश के साथ बंद हो जाएंगे। तीर्थ पुरोहित हितों के साथ ही मंदिर समिति ने तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। मंदिर को को फूलों से सजाने के साथ ही रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया है। बदरीनाथ - केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी सोमवार को बदरीनाथ धाम पहुंचे और बदरीनाथ धाम के कपाट बंद की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि बदरीनाथ धाम को 12 क्विंटल फूलों से सजाया गया है। आज सोमवार को माता लक्ष्मी मंदिर में पूजा-अर्चना व आमंत्रण कार्यक्रम में रावल अमरनाथ नंबूदरी सहित माता लक्ष्मी मंदिर पुजारी, धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल, प्रभारी धर्माधिकारी स्वयंबर सेमवाल, वेदपाठी रविंद्र भट्ट एवं अमित बंदोलिया ने पूजा-अर्चना संपन्न की।

### भाजपा ने टीएमसी पर चुनाव से पहले माहौल बिगाड़ने का लगाया आरोप

**नई दिल्ली** : पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के विधायक हुमायूं कबीर के बाबरी मस्जिद निर्माण की घोषणा से राजनीति गरमा गयी है। भारतीय जनता पार्टी ने इसका विरोध जताते हुए इसे चुनावी पैतरा बताया है। भाजपा ने कहा कि राज्य में चुनाव से पहले इस तरह की घोषणा कर और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का विरोध जता कर वहां माहौल बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सदस्य डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा कि पश्चिम बंगाल में हालत बहुत खराब है। मुर्शिदाबाद में टीएमसी विधायक हुमायूं कबीर कहते हैं कि वो बाबरी मस्जिद का पुनर्निर्माण करेंगे। इंडी गठबंधन के नेता या तो इस पर चुप हैं या इसका समर्थन कर रहे हैं। चुनाव के समय टीएमसी और कांग्रेस किस तरह का माहौल बनाने की कोशिश कर रही हैं? उन्होंने कहा कि 2005 में ममता बनर्जी ने नाराज होकर स्पीकर की पीठ पर फाइल फेंक दी थी।

# गांवों से चलती है हमारी सरकार : हेमन्त सोरेन

## राज्य सरकार किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री






### मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने प्रशासनिक इकाइयों में कोई बदलाव नहीं करने का दिया निर्देश

**रांची** : झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जनगणना अधिनियम, 1948 (केन्द्रीय अधिनियम संख्या 37, 1948) के अधीन जनगणना नियमावली की शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारत की जनगणना 2027 के लिए राज्य की सभी प्रशासनिक इकाइयों में कोई परिवर्तन नहीं करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि राज्य की सभी प्रशासनिक इकाइयों में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया जाएगा। इन प्रशासनिक इकाइयों में जिला, उपखंड, प्रखंड (ब्लॉक), नगर निगम, नगर परिषद, नगर पंचायत, छावनी बोर्ड, वार्ड, पंचायत और गांव शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि 1 जनवरी 2026 से 31 मार्च 2027 की अवधि के दौरान इन सभी इकाइयों की सीमाओं में किसी भी प्रकार का बदलाव नहीं किया जाए। उन्होंने यह भी कहा है कि 31 दिसंबर 2025 तक क्षेत्रीय सीमाओं में किए गए सभी परिवर्तनों से संबंधित विवरण और आवश्यक अधिसूचनाएं निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय, झारखंड को उपलब्ध करा दिए जाएं।

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : राज्य गठन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर झारखंड विकास के एक नए दौर में प्रवेश कर रहा है। संथाल परगना से खींची गई विकास की लकीर अब राजधानी रांची तक फैलेगी। यह सिर्फ भौगोलिक विस्तार नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम है। आने वाले समय में यह फ्लाइंग इंस्टीट्यूट राज्य के युवाओं के सपनों को साकार करने के साथ-साथ झारखंड को विमानन प्रशिक्षण के क्षेत्र में देशभर में एक विशिष्ट पहचान दिलाएगा। वर्ष 2008 में जिसकी आधारशिला रखी गई थी, उस फ्लाइंग इंस्टीट्यूट ने आज अपने सपनों के पंख खोल दिए हैं। यह सिर्फ एक संस्थान नहीं बल्कि बाबा दिशोम गुरु शिबू सोरेन के सपनों को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज सिदो-कान्हू एयरपोर्ट, दुमका से 'झारखंड फ्लाइंग इंस्टीट्यूट' के उद्घाटन समारोह में कहीं। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि इस फ्लाइंग इंस्टीट्यूट के माध्यम से पहले चरण में 30 पायलटों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इनमें से 15 पायलटों के प्रशिक्षण का पूरा खर्च राज्य सरकार स्वयं वहन करेगी। इससे झारखंड के युवाओं को न केवल उच्चस्तरीय विमानन प्रशिक्षण मिलेगा, बल्कि वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकेंगे। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के दौरान राज्य सरकार ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए हवाई जहाज से हजारों प्रवासी श्रमिकों को उनके घर सुरक्षित वापस लाया था। आज, उन्हीं श्रमिक परिवारों के बेटों और बेटियों में से पायलट और विमान इंजीनियर तैयार करने की दिशा में ठोस कदम उठाया जा रहा है। यह बदलाव की वह कहानी है जो झारखंड की नई उड़ान का संकेत दे रही है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षण से जुड़ी हर बारीकी को गहराई से समझा। उन्होंने स्वयं प्रशिक्षुओं और कैप्टन के साथ मिलकर विमानन प्रशिक्षण की तकनीकों, उपकरणों और ट्रेनिंग के हर पहलू का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान विमानन सुरक्षा, पायलटों को दी जाने वाली कड़ी थ्योरी कक्षाओं, सिम्युलेटर ट्रेनिंग, फ्लाइट ऑपरेशंस और आपात स्थिति प्रबंधन की विधियों को भी देखा। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि हमारी सरकार जो कहती है, करके दिखाती है – राज्य की आधी आबादी को सशक्त बनाने के लिए सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, और आर्थिक सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में विशेष कदम उठाए हैं। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट विद्यालयों की स्थापना से गुणवत्ता शिक्षा पहुंचने लगी है, जिससे युवाओं का सर्वांगीण विकास संभव हो रहा है। विशेष रूप से, मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जो उच्च शिक्षा के लिए विद्यार्थियों को विदेश भेजकर उनके भविष्य को उज्जवल बनाने का काम करती है। इस योजना के तहत हर वर्ष 25 छात्र-छात्राओं को चयनित कर उनकी विदेश में पढ़ाई का पूरा खर्च राज्य सरकार उठाती है। इसमें अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र शामिल होते हैं। यह कदम राज्य सरकार की उस प्रतिबद्धता का उदाहरण है जो वह कहती है उसे पूरा करके दिखाती है। यह योजना न केवल उच्च शिक्षा के अवसर प्रदान करती है, बल्कि युवाओं को आत्म-निर्भर बनाने और उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने में भी सहायक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार हेडक्वार्टर से नहीं बल्कि गांवों से चलने वाली सरकार है। इस दिशा में सेवा का अधिकार कार्यक्रम एक अहम पहल बनकर उभरा है, जिसके तहत अधिकारी अब पंचायत स्तर पर जाकर सीधे ग्रामीण जनता की समस्याओं को सुनकर समाधान कर रहे हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों में शिविर लगाकर सरकारी सेवाओं और योजनाओं के लाभ सीधे जनता तक पहुंचाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों द्वारा निर्धारित समय सीमा में समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो उन अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। सेवा का अधिकार सप्ताह के दौरान जाति, आवासीय, आय प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन स्वीकृति आदि की सुविधा ग्राम स्तर पर उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही आप सरकारी योजनाओं के लिए आवेदन भी शिविरों में ही कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मैंने मसलियाझरानेश्वर मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना के कार्य प्रगति का निरीक्षण किया। यह परियोजना राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है और इसे इस क्षेत्र के किसानों के लिए संपूर्ण वर्ष सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बनाया जा रहा है। मसलियाझरानेश्वर मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना से किसान वर्षभर पानी के अभाव से मुक्त रहेंगे, जिससे उनकी फसल उपज और आय बढ़ेगी और क्षेत्र में कृषि की नई संभावनाएं विकसित होंगी। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि राज्य सरकार किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। इस परियोजना के सफल कार्यान्वयन से किसानों की जीवनशैली में सुधार होगा। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों की 190.647 करोड़ रुपये की 12 योजनाओं का उद्घाटन एवं 123.48 करोड़ रुपये की 14 योजनाओं की आधारशिला रखी। साथ ही 23 लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया, जिससे उन्हें आजीविका संवर्द्धन और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में नई संभावनाएं प्राप्त हुईं। वितरित परिसंपत्तियों में दिव्यांगों के लिए मोटर ट्राइसाइकिल, मोटरसाइकिल, मिनी मेडिकल यूनिट, बस, जेयूएन छात्रावास और वित्तीय सहायता आदि शामिल हैं। इस अवसर पर सांसद नलिन सोरेन, विधायक बसंत सोरेन, विधायक प्रदीप यादव, विधायक लुईस मरांडी, विधायक आलोक सोरेन, जिला परिषद अध्यक्ष जॉयस बेसरा, मुख्य सचिव अविनाश कुमार, सचिव, प्रशांत कुमार, झारखंड फ्लाइंग इंस्टीट्यूट के निदेशक, कैप्टन एस. पी सिन्हा, इंस्टीट्यूट के ट्रेनी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## दिल्ली-एनसीआर की हवा बेहद खराब, अगले कुछ दिन तक राहत की संभावना नहीं

एजेंसी

**नई दिल्ली** : दिल्ली-एनसीआर में हवा की गुणवत्ता लगातार चिंताजनक स्तर पर बनी हुई है। पिछले 24 घंटों में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) औसतन 382 दर्ज किया गया, जो हवा की बेहद खराब श्रेणी में आता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, राजधानी में दोपहर दो बजे पीएम-10 का स्तर 341.2 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर और पीएम2.5 का स्तर 201 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रिकार्ड किया गया। एनसीआर में नोएडा का एक्यूआई 397, गाजियाबाद का 396, ग्रेटर नोएडा का 382 और गुरुग्राम का 286 रहा। फरीदाबाद में एक्यूआई 296 दर्ज किया गया, जो खराब श्रेणी में आता है। दिल्ली के 38 प्रदूषण निगरानी केंद्रों में से 19 पर हवा गंभीर श्रेणी में रही और बाकी केंद्रों पर एक्यूआई 300 के आसपास दर्ज हुआ। सीपीसीबी ने बताया कि हवा की यह स्थिति बेहद खराब श्रेणी में है और बुधवार तक इससे राहत मिलने की संभावना नहीं है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस स्तर के प्रदूषण में सांस, आंख और फेफड़ों से संबंधित बीमारियों के मरीजों को अधिक परेशानी हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार को हवा उत्तर-पश्चिम दिशा से लगभग 10 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चली। अधिकतम मिश्रण गहराई 1500 मीटर और वेंटिलेशन इंडेक्स 6000 मीटर वर्ग सेकंड रहा, जो प्रदूषकों के फैलाव के लिए अपर्याप्त माना जा रहा है।

## छत्तीसगढ़ के सुकमा में 48 लाख के इनामी 15 माओवादियों ने बिना हथियार किया समर्पण

एजेंसी

**सुकमा** : छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले की पुलिस के समक्ष सोमवार को 48 लाख के ईनामी 15 सक्रिय माओवादियों ने बिना हथियार के समर्पण किया। आत्मसमर्पित माओवादियों में 05 महिला सहित 15 पुरूष माओवादी है। आत्मसमर्पित 4 माओवादी पर 08-08 लाख, 02 माओवादी पर 05-05 लाख, एक माओवादी पर 3 लाख, एक माओवादी पर 2 लाख एवं एक माओवादी पर एक लाख कुल 48 लाख रुपए के इनाम घोषित है। छत्तीसगढ़ शासन की छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति एवं नियद नेल्ला नार योजना से प्रभावित होकर तथा अति संवेदनशील अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार कैम्प स्थापित होने से पुलिस के बढ़ते प्रभाव से संगठन में सक्रिय 05 महिला सहित 15 माओवादियों के द्वारा माओवादी संगठन को छोड़कर समाज की मुख्यधारा में जुड़ने के उद्देश्य से सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी किरण चव्हाण, सीआरपीएफ द्वितीय वाहिनी कमाण्डेन्ट कमलेश कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी सुरेश सिंह पायल, एएसपी अभिषेक वर्मा, एएसपी नक्सल ऑप्स मनीष रात्रे, एएसपी मोनिका श्याम, एवं सीआरपीएफ निरीक्षक सुजीत कुमार के समक्ष खाली हाथ समर्पण किया गया। आत्मसमर्पित सभी माओवादियों को शासन के नवीन पुनर्वास नीति छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति - 2025 के तहत प्रत्येक को 50-50 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि एवं अन्य सुविधाएं प्रदान किए जाएंगे। एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि पीएलजीए बटालियन नंबर 01 में सक्रिय 04 हार्डकोर माओवादी सहित अन्य क्षेत्रों में सक्रिय 15 माओवादियों ने आज बिना हथियार पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पित माओवादियों में पीपीसीएम 04, एसीएम 02 पार्टी सदस्य 03 एवं अन्य 08 संगठन में सक्रिय सदस्यों ने आत्म समर्पण किया। उन्होंने बताया कि लगातार पुलिस के द्वारा माओवादियों के खिलाफ ऑपरेशन चलाए जा रहे हैं एवं नए कैंप स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने पुनर्वास नीति तहत आत्मसमर्पण कर समाज के मुख्य धारा में लौटने की अपील की।

# फिल्म इंडस्ट्री के 'ही-मैन' धर्मेंद्र नहीं रहे भारतीय सिनेमा जगत गहरे शोक में डूबा

एजेंसी



**मुंबई** : बॉलीवुड से एक बेहद दुखद और मन को झकझोर देने वाली खबर सामने आई है। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गज अभिनेता और 'ही-मैन' के नाम से मशहूर धर्मेंद्र का 89 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। उनकी इस दुनिया से विदाई ने न सिर्फ उनके परिवार, बल्कि पूरे देश और भारतीय सिनेमा को गहरे शोक में डुबो दिया है। बीते कुछ समय से धर्मेंद्र की सेहत लगातार गिर रही थी और वह बढ़ती उम्र से जुड़ी कई समस्याओं से जूझ रहे थे। कुछ दिन पहले उन्हें मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनकी हालत बिगड़ने पर परिवार लगातार उनके साथ था। बाद में उन्हें घर ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा था। धर्मेंद्र का अंतिम संस्कार पवन हंस श्मशान घाट पर किया जा रहा है। उनका पूरा नाम धर्मेंद्र केवल कृष्ण देओल था और उनका जन्म 8 दिसंबर, 1935 को पंजाब के नसरानी गांव में हुआ था। एक छोटे-से गांव से निकलकर भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े सितारों में शामिल होने तक का उनका सफर किसी किंवदंती से कम नहीं रहा।

**पूरे फिल्म उद्योग में शोक की लहर**

धर्मेंद्र के निधन की खबर फैलते ही फिल्म इंडस्ट्री में मातम छा गया। उनके चाहने वाले, साथी कलाकार और दोस्त इस खबर पर विश्वास नहीं कर पा रहे हैं। सोशल मीडिया पर हजारों पोस्ट उनके नाम से भरे पड़े हैं, फैंस, सेलेब्रिटीज और फिल्मकार उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे हैं। सभी के संदेशों में एक ही बात है, धर्मेंद्र का जाना एक युग का अंत है। उनकी मुस्कुराती तस्वीरें, उनकी भारी-भरकम आवाज, उनका करिश्मा और सादगी, सब अब केवल यादों में रह जाएंगे। कई लोग मानने को तैयार ही नहीं कि बॉलीवुड का 'ही-मैन' अब इस दुनिया में नहीं है।

**फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र का निधन, प्रधानमंत्री ने जताया शोक**

फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र का निधन पर प्रधानमंत्री ने जताया शोक।

### राज्यपाल, मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष ने अभिनेता धर्मेंद्र के निधन पर जताया शोक

रांची : झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, धर्मेंद्र के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। धर्मेंद्र ने अपने सहज स्वभाव और बेहतरीन अभिनय से करोड़ों लोगों के दिलों में विशेष स्थान बनाया। उनका जाना भारतीय फिल्म जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। राज्यपाल ने शोकाकुल परिवार और प्रशंसकों के प्रति संवेदना प्रकट की। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने धर्मेंद्र के निधन पर शोक जताते हुए उन्हें अंतिम जोहार अर्पित किया। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि भारतीय सिनेमा के महान अभिनेता धर्मेंद्र का जाना अत्यंत व्यथित करने वाला है। उन्होंने सरल और प्रभावशाली अभिनय से पीढ़ियों पर अमिट छाप छोड़ी। उनका विनम्र और प्रेरणादायक व्यक्तित्व हमेशा याद रखा जाएगा। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और परिजनों व प्रशंसकों के प्रति संवेदना व्यक्त की। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी धर्मेंद्र को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र ने अपने अभिनय के माध्यम से भारतीय सिनेमा की लोकप्रियता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दें। उन्होंने शोकाकुल परिवार और प्रशंसकों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

## गिरिडीह में हाथी ने तीन को कुचला, दो की मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गिरिडीह** : जिले के विभिन्न अंचलो में हाल के दिनो में जंगली हाथियों के आंतक से कई गांवों के ग्रामीणों की दिनचर्या असंतुलित हो गई है। हाथी जान माल दोनों की क्षति कर रहे है। ताजा मामला बिरनी थाना क्षेत्र का है, जहा सोमवार को एक बार फिर जंगली हाथियों ने कहर बरपाया। हाथियों ने सोमवार को अहले सुबह में दो महिलाएं सहित तीन लोगों को बेरहमी से कुचल दिया। जिससे दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है । घटना के बाद वन विभाग के खिलाफ ग्रामीणों में भारी आक्रोश है । ग्रामीण पीड़ित परिजनों को मुआवजा एवं घायल के इलाज की गारंटी की मांग की है। इस बीच डीएफओ मनीष तिवारी ने कहा कि दोनों मृतकों के परिजनो को शुरूवाती मुआवाजा राशि 30 - 30 हजार का भुगतान किया गया है। बताया गया कि घटना जिले के बिरनी थाना क्षेत्र के गादी गांव की है। मृतकों में शांति देवी ( 65 ) एवं बोधी पंडित ( 55 ) शामिल हैं ।गंभीर रूप से घायल की पहचान पेशम गांव की सुदामा देवी के रूप में की गई है। उनका इलाज गिरिडीह सदर अस्पताल में किया जा रहा है। घटना के बाबत ग्रामीण संतोष पंडित सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि सोमवार की सुबह शांति देवी और बोधी पंडित अपने खलिहान और बारी काम कर रहे थे। तभीअचानक हाथियों ने दोनो पर हमला कर दोनों को कुचल दिया। जबकि सुदामा देवी को एक हाथी ने बुरी तरह से पटक दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई । घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग और बरकट्ठा पुलिस मौके पर पहुंची ।इस बीच मौके पर पहुंचे क्षेत्र के विद्यायक नगेन्द्र महतो ने वन विभाग के अधिकारियो से अविलम्ब हाथियों का गांव से बाहर करने का आग्रह किया और कहा कि मृतको को मुआवजे की शेष राशि तीन लाख 70 हजार का सात दिनों के भीतर भुगतान कराने का प्रयास करेंगे। उल्लेखनीय है कि दो दिनो पूर्व भी देवरी थाना के सियाटाड़ में जागो महतो ( 40 ) की झुंड से बिछडे हाथी ने कुचल कर माल डाला था।

## एक नजर

### युवती ने जहर खाया परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया

**बरही** : बरही बाराटांड़ की रहने वाली एक युवती ने घर में जहर खा लिया। जब वह बेहोश होकर अचानक गिर गई तब परिजनों को पता चला। परिजन उसे इलाज के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल लेकर आए। बरही अनुमंडलीय अस्पताल में ही उसका इलाज चल रहा है। वह अपने ननिहाल बाराटांड़ में पिछले पांच वर्षों से रह रही है।

### चलकुशा प्रखंड के सलैयडीह व मनैया में लग सरकार आपके द्वार शिविर का हुआ आयोजन



चलकुशा (हजारीबाग) : प्रखंड के पंचायत सलैयडीह मुखिया सुखदेव यादव, एवं मनैया मुखिया लखिया देवी की अध्यक्षता में सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ शिविर कार्यक्रम में जिप सदस्य सविता सिंह बीडीओ अमृता सिंह सीओ नवीन भुषण कुल्लू बींस सुत्री अध्यक्ष सलीम अंसारी, मुखिया संघ अध्यक्ष आलोक सिंह , बींस सुत्री उपाध्यक्ष मोइन उदीन मुखिया प्रतिनिधि केदार यादव पंसस प्रतिनिधि उमेश ठाकुर एवं अन्य जनप्रतिनिधि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर किया इस दौरान विधवा पेंशन, जन्म, मृत्यु प्रमाणपत्र, दाखिल खारिज , राशन कार्ड एवं अन्य सम्बंधित आवेदन प्राप्त किया गया।

### आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार में लगे शिविर में उमड़ा ग्रामीणों की भीड़

**चौपारण** : प्रखंड के झापा, दैहर एवं सेल्हाराकला पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। तीनों पंचायतों में लगे जनता दरबार में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। कई मामलों का समाधान मौके पर ही किया गया, जिससे लोगों में संतोष देखा गया। शिविर का उद्घाटन दैहर पंचायत में बीडीओ नितेश भास्कर, बीपीओ संतोष कुमार, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष उज्ज्वल सिंह, मुखिया ब्रह्मदेव भुइयां तथा मुखिया प्रतिनिधि नागेंद्र कुमार, झापा पंचायत में बीडीओ नितेश भास्कर, जीप सदस्य राकेश रंजन, मुखिया अनपूर्णा देवी, प्रतिनिधि बिनोद सिंह, केशरी नायक, और सेल्हाराकला पंचायत में एलआरडीसी अजय भगत, सीओ संजय यादव, पूर्व मुखिया पति कैलाश पासवान तथा पंचायत समिति सदस्य सुरेंद्र रजक ने संयुक्त रूप से किया।

# पदमा के सरैया पंचायत में 'सरकार आपके द्वार' शिविर का आयोजन: 491 आवेदन प्राप्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पदमा** : प्रखंड के सरैया पंचायत में सोमवार को 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस महत्वाकांक्षी सरकारी पहल का उद्देश्य विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे ग्रामीणों तक पहुँचाना था। कार्यक्रम की शुरूआत प्रखंड विकास पदाधिकारी (इऊड) निधि राजवर और पंचायत की मुखिया शांति देवी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की गई।



**प्रमुख अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति**

शिविर में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की उपस्थिति देखी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य बसंत नारायण मेहता, उप प्रमुख सतेंद्र राणा, संजय यादव, मुखिया शांति देवी, और पंचायत के सभी प्रतिनिधि तथा वार्ड सदस्य मौजूद रहे। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया और उन्हें शिविर का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

**विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए**

शिविर में ग्रामीणों की सुविधा के लिए विभिन्न सरकारी विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। इन स्टॉलों पर ग्रामीण अपनी समस्याओं और योजनाओं से संबंधित आवेदन जमा कर सकते थे। प्रमुख रूप से मनरेगा, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, बिजली विभाग, और कल्याण विभाग के स्टॉल लगाए गए थे।

**आवेदनों की संख्या और निराशाजनक निष्पादन**

'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का उद्देश्य मौके पर ही आवेदनों का निष्पादन कर ग्रामीणों को त्वरित लाभ पहुँचाना होता है, लेकिन सरैया पंचायत के शिविर में यह लक्ष्य पूरा नहीं हो सका।

महत्वपूर्ण जानकारीः विभिन्न स्टॉलों से कुल 491 आवेदन प्राप्त हुए। हालांकि, सबसे चिंताजनक बात यह रही कि इनमें से एक भी आवेदन का मौके पर निष्पादन नहीं किया गया। आवेदनों का निष्पादन न होने से ग्रामीणों में कुछ निराशा देखने को मिली, जिसके लिए प्रशासन को त्वरित कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

## डपोक एवं मलकोको पंचायत में लगा स्वास्थ्य जांच शिविर, 431 की हुई जांच




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही** : झारखंड सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम आपकी योजना, आपकी सरकार ,आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बरही अनुमंडलीय अस्पताल की ओर से डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी के निर्देशन में डपोक एवं मलकोको में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। डपोक में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में कुल 121 मरीजों का जांच कर इलाज किया गया। इसके साथ ही नेत्र जांच 25, टीबी जांच 06, एनसीडी 65, आयुष्मान कार्ड 58, मलेरिया स्लाइड 7, सिक्वल सेल 20, आभा कार्ड 74, टीकारण 6 तथा 8 कुष्ठ रोग मरीज की जांच की गई। वही मलकोको पंचायत में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में कुल 310 लोगों की इलाज कर जरूरी दवाएं उपलब्ध कराई गई। इसके अलावा 10 नेत्र जांच, टीबी जांच 5 एनसीडी 60, आयुष्मान कार्ड 74, मलेरिया स्लाइड 20, सिक्वल सेल 20, आभा कार्ड 10, कुष्ठ जांच 9 की जांच की गई। डपोक पंचायत में डॉ अंकुर विहान, दीपक कुमार नेत्र सहायक, सुधांशु कुमार, सलोनी कुमारी, अनीता कुमारी, मृत्युंजय चौरसिया, रवि शंकर कुमार, हीरा कुजूर, कुलदीप कुमार सहित सहिया एवं मल को पंचायत में आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में मो एजाज, संतोष कुमार, पूर्णिमा गुरुंग, प्रहलाद कुमार, गीता कुमारी सहित संबंधित पंचायत के सहिया एवं सहिया साथी का योगदान रहा।

## एनएमएल पकरी बरवाडीह परियोजना का निदेशक शिवम श्रीवास्तव ने किया तीन दिवसीय दौरा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव** : निदेशक शिवम श्रीवास्तव ने एनएमएल पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना का तीन दिवसीय दौरा किया। जिसमें उन्होंने परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। नई सुविधाओं का उद्घाटन किया तथा कर्मचारियों के साथ संवाद स्थापित किया। दौरे की शुरूआत सिकरी टाउनशिप में अवसंरचना कार्यों की विस्तृत समीक्षा से हुई। निदेशक ने क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक के साथ निमार्णाधीन क्षेत्रों का निरीक्षण किया और टाउनशिप विकास कार्यों की प्रगति का आकलन किया। दूसरे दिन, निदेशक ने लांगतु स्थित नव-निर्मित सीआईएसएफ बैरक का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने सिकरी टाउनशिप में नवनिर्मित बैचलर हॉस्टल-3 का भी उद्घाटन किया। उद्घाटन के उपरांत निदेशक क और क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक के बीच एक मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच आयोजित किया गया, जिसमें निदेशक क ने जीत हासिल की। उसी दिन शाम को निदेशक के सम्मान में एक गजल संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं और कार्यक्रम को यादगार सांस्कृतिक संध्या में बदल दिया। तीसरे दिन, एक खुला मंच ओपन फॉरम आयोजित किया गया। जिसमें हजारीबाग स्थित सभी एनटीपीसी कोयला खनन परियोजनाओं के कर्मचारियों ने नेतृत्व से सीधा संवाद किया। इस सत्र ने सुझाव साझा करने, स्पष्टीकरण प्राप्त करने तथा संचालन, कल्याण और परियोजना से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा का अवसर प्रदान किया। इसी खुला मंच के साथ बहुदिवसीय दौरा सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। शनिवार संध्या से शुरू हुए इस दौरे के दौरान निदेशक के साथ क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक नवीन जैन, परियोजना प्रमुख पकरी बरवाडीह सुब्रत कुमार दास के अलावा अन्य उपस्थित थे।




## बड़कागांव मध्य, हरली एवं महंगाई कला में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव** : बड़कागांव में सोमवार को प्रखंड के तीन पंचायत में झारखंड सरकार के द्वारा संचालित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़कागांव प्रखंड के बड़कागांव मध्य, हरली एवं मोहगाई पंचायत भवन में आयोजन किया गया । जिसमें हरली में 553 आवेदन ,बड़कागांव मध्य में 459 आवेदन ,मोहगाई में 481आवेदन , कुल 1493 आवेदन जमा हुए जिसमें कई मामलों का निपटारा शिविर में ही किया गया। बड़कागांव मध्य पंचायत भवन में, नोडल पदाधिकारी आशीष कुमार पासवान , मुखिया तकरीमुला खान के नेतृत्व में शिविर लगाया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रमुख फुलवा देवी एवं संचालन पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर ने किया । शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि डीएलओ निर्भय कुमार व विशिष्ट अतिथि अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। कई विभाग के द्वारा स्टॉल लगाए गए । इस दौरान कई लोगों की समस्याओं का निष्पादन शिविर में हीं कर दिया गया । इस दौरान अधिकारियों ने स्टॉल का निरीक्षण किया गया। जन वितरण प्रणाली के दुकानदार रामेश्वर राम,जय प्रकाश राम के नेतृत्व में लाभुको के बीच धोती साड़ी लूंगी का वितरण किया गया, बच्चों के बीच गर्म वस्त्र परिसंपत्तियों का भी वितरण किया। मईया सम्मान योजना, अबुवा आवास ,प्रधानमंत्री आवास, मत्स्य पालन, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, जाति, आवासीय ,पेंशन योजना के अलावा अन्य योजना को लेकर स्टॉल लगाए गए थे। बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल की अध्यक्षता में हरली पंचायत मुखिया कविता देवी,मोहगाई में मुखिया बेबी देवी के नेतृत्व में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर नोडल पदाधिकारी आशीष कुमार, कांग्रेस पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, दीपक कुमार, अरुण पासवान,अंनत कुशवाहा, मनीष पाठक, कृष्ण कुमार, सचिन कुमार ,नरेंद्र महतो, पप्पू खान, मेवालाल नाग , गौतम कुमार के अलावा कई लोग उपस्थित थे।



## बछई चौपारण के सुनील राणा बने एकल अभियान के अंचल प्राथमिक शिक्षा प्रभारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही** : एकल अभियान हजारीबाग अंचल समिति का विस्तार करते हुए चौपारण के सामाजिक सह शिक्षाप्रेमी सुनील कुमार राणा को एकल अभियान हजारीबाग अंचल समिति के अंचल प्राथमिक शिक्षा प्रभारी बनाया गया है। इसकी घोषणा एकल अभियान हजारीबाग अंचल समिति के अध्यक्ष भरत यादव एवं अंचल सचिव कृष्णा प्रजापति ने संयुक्त रूप से किया। बरही में एक सादे कार्यक्रम में एकल अभियान से जुड़े समिति के लोगों ने सुनील कुमार राणा को अंगवस्त्र के साथ स्वागत किया और एकल अभियान से परिचय कराया। अंचल अध्यक्ष भरत यादव ने कहा कि एकल अभियान पंचमुखी शिक्षा योजना के तहत काम करता है। इसमें प्राथमिक शिक्षा भी पंचमुखी शिक्षा योजना का एक हिस्सा है। जिसके तहत ग्रामीण बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा उपलब्ध कराई जाती है । उनकी शैक्षणिक प्रतिभा को निखारने का काम किया जाता है। नव मनोनीत अंचल प्राथमिक शिक्षा प्रभारी ने कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें मिली है, उसका निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करेंगे। मौके पर ग्राम स्वराज्य गतिविधि प्रभारी प्रो हीरामन साव, ग्राम स्वराज्य अध्यक्ष मुकुंद साव, श्रीहरि कथा सत्संग समिति अध्यक्ष बिपिन बिहारी पांडेय, मुख्य रूप से मौजूद रहे। एकल अभियान हजारीबाग अंचल के प्राथमिक शिक्षा प्रभारी बनाए जाने पर श्री हरि कथा सत्संग समिति अध्यक्ष बिपिन बिहारी पांडेय, सचिव कृष्णा गुप्ता, एकल अभियान प्रमुख विनोद कुमार, अधिवक्ता उदय सिंहा, अंचल प्रभारी करण महतो, मनोज कुमार, अभिषेक कुमार, नरेश पासवान, राजकुमार यादव, अमित गौरव, सहित कई लोगों ने बधाई दी है।



## डाडीकला पंचायत चिचाल मे शाहिद सह अन्दोलनकारी पचल महतो की शहीद दिवस मनाई गई




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत मंझलीडाडी में सांसद चुनाव में शहीद पचल महतो कि 24 नवंबर 1989 ई. में शहीद हुऐ थे उनका मंझलीडाडी के स्कूल मैदान में शहीद जयंती मनाए जाती थी लेकिन कोयला खदान खुलने के करण स्कूल का मैदान अब पुरी तरह खतम हो गया इस लिये शहीद पचल महतो की प्रतीमा को 4 नंबर गेट के पास स्थाई रूप से स्थापित किया गया साथ ही शहीद जयंती मनाया गया। मौके पर उपस्थित जेएलकेएम नेता प्रखंड संगठन मंत्री विकास कुमार, वार्ड सदस्य जितेंद्र महतो, वार्ड सदस्य बसंती देवी, शिव शंकर महतो, रामकुमार प्रसाद,कालेश्वर महतो, लखन महतो, लालजी महतो, जयपाली महतो, सरोज कुमार, श्रवन कुमार बालमिकी कुमार, सोभीलाल महतो, मो०मालती, अनीता देवी ,संजू देवी, प्रियंका कुमारी, अनु कुमारी, काजल कुमारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे ।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय सेमिनार की तैयारी तेज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही** : राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन का राष्ट्रीय सेमिनार जो झारखंड के कोडरमा जिला अंतर्गत उरवा में प्रस्तावित है,उस सेमिनार का आयोजन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक एसोसिएशन के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन प्रदेश प्रभारी मुकुंद साव ने किया।।बैठक में कई निर्णय लिए उनमें प्रदेश प्रभारी द्वारा बताया गया कि सेमिनार दो दिवसीय होगा, सेमिनार 14 दिसंबर 2025 को प्रस्तावित था वो विभिन्न परिस्थितियों को देखते हुए अब 10 और 11 जनवरी 2026 को होना सुनिश्चित हुआ है। अतिथियों और दूर से आने वाले लोगों के लिए रात्रि विश्राम की व्यवस्था की जाएगी। सभी झारखंड प्रदेश के पदाधिकारियों को 10 जनवरी को ही कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने का आग्रह किया गया है। 10 जनवरी की रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रम रखने का निर्णय लिया गया है। सेमिनार को सफलता पूर्वक संचालन हेतु जिम्मेवारी का भी आवंटन किया गया है,जिसमें सर्वसम्मति से अमित गौरव हजारीबाग जिला कल्याण सचिव को आयोजन समिति का कोषाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं होर्डिंग,फ्लैक्स,बैनर बनाने और लगवाने की जिम्मेवारी प्रदेश सचिव प्रो हीरामन साहू और बरही अनुमंडलीय सचिव प्रभाकर पाठक जी को दी गई है। स्थानीय स्तर पर कोष संग्रह टीम का गठन किया गया है जिसकी जिम्मेवारी विपिन बिहारी पाण्डेय प्रदेश संगठन सचिव,कमल शंकर पंडित अनुमंडल अध्यक्ष और बरही प्रखंड अध्यक्ष मो तैयब अंसारी को दिया गया है। प्रदेश संयोजक भरत यादव और प्रदेश प्रभारी मुकुंद साव जिला सचिव मिथुन कुमार ।को मोमेंटो, शॉल और पट्टा की व्यवस्था की जिम्मेवारी दी गई है,। घनश्याम यादव प्रदेश उपाध्यक्ष और राजकुमार यादव प्रदेश संगठन सचिव को नाश्ता, भोजन और आवास की व्यवस्था की जिम्मेवारी दी गई है। अमित गौरव जिला कल्याण सचिव,शरीफूल हक अनुमंडल सचिव और मनोज कुमार अनुमंडल संगठन सचिव को मंच सज्जा, साउंड, फोटो एवं वीडियो ग्राफी की जिम्मेवारी दी गई है। साथ ही इस पूरे कार्यक्रम की महत्वपूर्ण जिम्मेवारी बरही प्रखंड,चंदवारा प्रखंड ,बरही अनुमंडल तथा हजारीबाग और कोडरमा जिला अंतर्गत आने वाले राष्ट्रीय,/प्रदेश पदाधिकारी को हैं।



## संक्षिप्त खबरें

### ग्राम पाण्डु के राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन द्वारा एक आम सभा का किया गया आयोजन



**केरेडारी** : केरेडारी प्रखंड के अंतर्गत ग्राम पाण्डु के राष्ट्रीय कोयला मजदूर पाण्डु में पुरानी कमेटी को भंग किया गया जिसे पूराना कमेटी के कार्य से राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन पाण्डु के गांव ग्रामीण को किसी प्रकार से संतुष्ट हुआ इस लिए इस कमेटी को पुनर्गठन कमेटी को पूर्ण रूप से किया गया दिनांक 24/11/2025 को राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन के बनाया गया बनाया जिसे इस आम सभा में यूनियन के जोनल सचिव मोहम्मद जहूर द्वारा अध्यक्ष मोहम्मद अफरोज, सचिव हाफि ज अत्तेरी तथा कोषाध्यक्ष अजीत कुमार को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। आम सभा में बड़ी संख्या में मजदूरों की मौजूदगी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अध्यक्ष मोहम्मद अफरोज ने अपने संबोधन में कहा कि-मजदूर की एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। हम हमेशा निष्पक्ष, निडर होकर मजदूरों के हक और अधिकार दिलाने के लिए खड़े हैं। कंपनी से मजदूरों को उनका उचित अधिकार दिलाना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। सचिव हाफिज अत्तारी ने अपने बातों से संबोधन किया की इस यूनियन मैं हम सभी मजदूर मेहनत करके ऊंचाई तक पहुंचाने का काम करेंगे कोसा अध्यक्ष अजीत कुमार ने अपने बातों से संबोधन किए कि हम लोग सभी ईमानदारी पूर्वक काम करने का काम करेंगे मीडिया प्रभारी मोहम्मद शमसुद्दीन इस ग्राम सभा में हजारों ग्रामीण उपस्थित थे।

### जीडीएम बालिका उच्च विद्यालय में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम का किया गया आयोजन




**बड़कागांव** : प्रखंड में संचालित जीडीएम बालिका उच्च विद्यालय में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय प्रधानाध्यापक राम लखन महतो के नेतृत्व में किया गया। इस कार्यक्रम के तहत बालिकाओं के बीच राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण से संबंधित जानकारियां दी गई। साथ ही बालिकाओं के बीच क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जिसमें प्रथम सोनिका कुमारी ,द्वितीय हर्षिता कुमारी और तृतीय स्थान भूमिका कुमारी ने प्राप्त की। तीनों बालिकाओं को अतिथियों, प्रधानाध्यापक एवं वरिष्ठ शिक्षिकाओं के द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जिला तंबाकू परामर्शदाता रेहान जामी, तंबाकू नियंत्रण वर्कर इरफान नाज, आदेश पाल मोहम्मद इरफान, विद्यालय प्रधानाध्यापक राम लखन महतो, वरिष्ठ शिक्षिका विमली कुमारी,अशोक कुमार, अख्तर हुसैन, शोभा कुमारी , कुलदीप कुमार , शंकर महतो,शंकर राणा, मीना वर्मा, जितेंद्र कुमार, प्रमिला देवी, अर्जुन सिंह एवं बालिकाएं उपस्थित थे।

### एनटीपीसी में सिविल टेंडर बाहरी संवेदकों को देने का आरोप



**बड़कागांव** : एनटीपीसी कोल माइंस चाहे पकरीबरवाडीह कोल माइंस,चट्टी बरियातू, केरेडारी या फिर बादम कोल माइंस के सिविल का काम विस्थापित या जिले के संवेदक को न देकर राज्य के बाहर के संवेदकों को टेंडर दिए जाने का मामला सामने आया है। राज्य के बाहर के संवेदकों को कंपनी में टेंडर दिए जाने के विरुद्ध में स्थानीय संवेदकों ने दिसंबर माह के प्रथम सप्ताह में एनटीपीसी सिकरी साइड कार्यालय परिसर में एक दिवसीय धरना देने का चेतावनी दी है ।यह चेतावनी एनटीपीसी ढेंगा पुनर्वास कॉलोनी परिसर में स्थानीय संवेदकों के बैठक के बाद दी गई। पुनर्वास कॉलोनी में संवेदक संघ के अध्यक्ष लीलाधन कुमार की अध्यक्षता में एक बैठक की गई। बैठक में स्थानीय संवेदकों ने कहा कि एनटीपीसी के विभिन्न विभागों में सिविल का काम कंपनी के कुछ अधिकारी के हस्तक्षेप व मिली भगत से बिहार के संवेदकों को टेंडर दिया जा रहा है जो किसी भी दृष्टिकोण सेऔचित्य नहीं है। बैठक में संवेदकों ने कहा कि कंपनी के कुछ अधिकारी की मिली भगत से बाहरी को टेंडर देकर स्थानीय संवेदकों को बेरोजगार होने की स्थिति उत्पन्न कर दी है ।शुरूआती दौर में कहा गया था कि किसी भी परिस्थिति में लिमिटेड टेंडर किसी भी बाहरी संवेदक को काम नहीं दिया जाएगा। लेकिन अब कंपनी स्थानीय संवेदकों को ठगने का काम शुरू कर रही है।

### ब्रह्म विद्या विहंगम योग ने किया सत्संग गोष्ठी का हुआ आयोजन



**बरही** : ब्रह्म विद्या विहंगम योग की ओर से शकुंतला पैलेस में सोमवार को सत्संग गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपेन्द्र पांडे एवं संचालन कृष्ण कुमार गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में ॐ कार ध्वनि, स्वागत गान, मंगल गान, माल्यार्पण एवं उद्घोष सामूहिक रूप से किया गया। साथ ही ज्ञान गुदड़ी सुनीता देवी तथा स्वर्वेद का अखंड पाठ समुद्री देवी ने किया। भजन , अनीता देवी, समुद्री देवी एवं कैलाश प्रसाद केशरी ने किया। वहीं प्रवचन उपेन्द्र पांडे ने किया। इस दौरान अनुमंडल सत्संग प्रभारी कृष्णा गुप्ता ने मौके पर मौजूद सभी गुरु भाई एवं बहनों को विस्तार पूर्वक ब्रह्म विद्या विहंगम योग की विशेषता को बताया। साथ ही स्वर्वेद ग्रन्थ के बारे में भी जानकारी दी। मौके मुख्य रूप से मौजूद थे। मौके पर रविन्द्र सिंह, प्रमोद गुप्ता, अनीता देवी, राजेश कुमार, कैलाश केशरी, सत्येंद्र सिंह,सुनीता देवी भारती देवी, सुनील कुमार, सोनू कुमार, आदि लोग मौजूद थे।

# हर खेत तक पानी पहुंचाने के उद्देश्य से सिंचाई सुविधाओं का कर रहे हैं विस्तार : हेमन्त सोरेन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सोमवार को दुमका जिले के रानेश्वर प्रखंड अंतर्गत मुरगुनी स्थित सिद्धेश्वरी नदी पर निमार्णाधीन मसलिया-रानेश्वर मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के समय विधायक आलोक कुमार सोरेन, मुख्य सचिव अविनाश कुमार और सचिव प्रशांत कुमार भी मौजूद थे।



**तय समय सीमा में कार्य पूरा करने का निर्देश**

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना दुमका जिले के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे मसलिया और रानेश्वर प्रखंडों के 22 हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शेष कार्य जल्द पूरा कर किसानों को इसका लाभ दिलाने का निर्देश दिया।

**परियोजना को बहुउद्देशीय बनाने पर जोर**

मुख्यमंत्री ने बताया कि परियोजना का क्रियान्वयन इस प्रकार किया जा रहा है कि सिंचाई के साथ-साथ अतिरिक्त नदी जल को तालाबों और जलाशयों में मोड़ने की सुविधा भी हो। इसके अलावा यहां पर्यटन को बढ़ावा मिलने और रोजगार अवसर बढ़ने की भी संभावना है।

**80 प्रतिशत कार्य पूरा**

मसलिया-रानेश्वर मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना का निर्माण कर रही एलएंडटी कंपनी के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि इस परियोजना का लगभग 80 प्रतिशत काम पूर्ण हो चुका है। इसके तहत एक बैराज बनाया जा रहा है, जो लगभग तैयार है। कुल 15 गेटों का भी 90 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा हो चुका है । तीन पंप हाउस में से एक पूर्ण हो चुका है और दो का कार्य प्रगति पर है। इसके साथ इसमें पांच डिलीवरी चेंबर बनाए जा रहे हैं, जिसमें तीन पूरे हो चुके हैं, जबकि दो चेंबर भी बहुत जल्द पूरे हो जाएंगे। अधिकारियों ने बताया कि अगले वर्ष जनवरी तक 6,400 हेक्टेयर भूमि में भूमिगत पाइपलाइन से सिंचाई सुविधा प्रारंभ कर दी जाएगी।

**22,283 हेक्टेयर भूमि को मिलेगा सिंचाई जल**

उल्लेखनीय है कि 1313 करोड़ रुपये की लागत से बन रही यह मेगा परियोजना मसलिया प्रखंड के 15 पंचायतों और रानेश्वर प्रखंड के 4 पंचायतों के कुल 226 गांवों की 22,283 हेक्टेयर भूमि में भूमिगत पाइपलाइन के जरिए पानी पहुंचाएगी। इस योजना का शिलान्यास मुख्यमंत्री ने नवंबर 2022 में किया था।

## एक नजर

### संविधान बचाओ दिवस 26 को कांग्रेस ने दिया तैयारियों को अंतिम रूप

**रांची :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस आगामी 26 नवंबर को पुराने विधान सभा सभागार में संविधान बचाओ दिवस का आयोजन करेगी। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सभी जिला अध्यक्षों एवं जिला पर्यवेक्षकों को अपने-अपने जिलों में सक्रिय रूप से तैयारी करने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश कांग्रेस द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश के सभी स्थानीय पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया है। आयोजन में राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, पूर्व वित्त मंत्री एवं विधायक डॉ रामेश्वर उरांव सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 11 बजे बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर तथा भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर होगी। इसके बाद संबिधान बचाओ विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें संविधान की मूल भावनाओं और लोकतांत्रिक मूल्यों को सुरक्षित रखने पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

### द्वितीय रांची जिला मेजर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट का हुआ समापन

**रांची :** ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इंडोर स्टेडियम में आयोजित द्वितीय रांची जिला मेजर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट 2025 का आज सफल समापन हुआ. इस प्रतियोगिता में अलग-अलग आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाया और बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। समारोह के मुख्य अतिथि साकेत सिंह, आईजी सीआरपीएफ थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में महेश कुमार, कमांडेंट सीआरपीएफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत रथिन भद्र के स्वागत भाषण से हुई। उमा रानी पालित और राजा बागची ने फूल देकर अतिथियों का स्वागत किया। बीएआरडी के सचिव एन। के। डे ने मुख्य अतिथि को स्मृति-चिह्न भेंट किया। रथिन भद्र ने आदिवासी समुदाय द्वारा बने धातु के घोड़े देकर मुख्य अतिथि का सम्मान किया। साथ ही अन्य पदाधिकारियों ने अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। टूर्नामेंट के सफल संचालन में उमा रानी पालित, वाशिम, दीपक और पूरी तकनीकी टीम का बड़ा योगदान रहा।

### हिंदू रत्न सम्मान से नवाजे गए परमहंस संत शिरोमणि डॉ. स्वामी सदानंद जी महाराज

**रांची :** परमहंस संत शिरोमणि डॉ.स्वामी सदानंद जी महाराज हिंदू रत्न सम्मान से सम्मानित किए गए। यह कार्यक्रम डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रीय विचार मंच दिल्ली में आयोजित हुआ। 12वें राष्ट्रीय अधिवेशन एवं राष्ट्रीय अभिनंदन समारोह में यह प्रतिष्ठित सम्मान दिया गया है। ये अलंकृत होने वाले पहले प्रणामी संत बन गए। इस सम्मान से प्रणामी समाज में हर्ष है। अध्यात्मिक की धारा को नई पहचान मिली,मानवता, सेवा और समग्र कल्याण को मजबूती मिली। जीवन त्याग, तपस्या और निस्वार्थ सेवा की अद्भुत मिसाल बने। वे समाज में धार्मिक सद्भाव, मानवसेवा, शिक्षा और पर्यावरण सुरक्षा के लिए लोगों को प्रेरित किए। कृष्ण प्रणाली के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल ने कहा कि सदानंद जी महाराज ने अपने मार्गदर्शन में समाज के कमजोर वर्गों के लिए कई जनकल्याण कारी योजनाएं चलायी हैं। दिव्यांग एवं निराश्रितों के लिए घर आश्रम उपलब्ध कराए हैं। गरीब विद्यार्थियों की शिक्षा को प्रोत्साहित किया है। नशामुक्ति अभियान, वृक्षारोपण, गौ-सेवा और ग्रामीण विकास जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में योगदान दिए है।

# मैंने सिर्फ फर्जी बीएलओ पर बात की थी भाजपा कर रही झूठा प्रचार : इरफान अंसारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर उनके बयान को तोड़-मरोड़कर पेश करने का आरोप लगाया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्होंने फर्जी बीएलओ की गतिविधियों पर बात की थी। यानी ऐसे लोग जो नकली बीएलओ बनकर ग्रामीणों को डराने और पैसे वसूलने की कोशिश कर रहे हैं। मंत्री का कहना है कि भाजपा जानबूझकर उनके बयान को गलत रूप देकर गलत प्रचार कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा मुद्दों से भटक चुकी है और बेबुनियाद आरोपों के सहारे गंदी राजनीति कर रही है, लेकिन झारखंड की जनता सब जानती है। अंसारी ने बताया कि जामताड़ा साइबर फ्रॉड प्रभावित क्षेत्र है और यहां पहले भी शिकायतें आई हैं कि कुछ संदिग्ध लोग ग्रामीणों को नाम काटने का डर दिखाकर पैसे मांगते हैं। इस पर उन्होंने उपायुक्त से निगरानी बढ़ाने और फर्जी लोगों पर कार्रवाई करने की मांग की थी। मंत्री ने कहा कि असली बीएलओ सम्मानित अधिकारी होते हैं और फर्जी लोग उनकी जगह नहीं ले सकते। उन्होंने चुनाव आयोग से अपील की कि प्रक्रिया निष्पक्ष रखी जाए, ताकि किसी गरीब या वंचित व्यक्ति का नाम गलत तरीके से न हटाया जाए।

### एसआईआर के खिलाफ भड़काने वाले मंत्री इरफान अंसारी के पर दर्ज हो प्राथमिकी : आजसू

**रांची :** ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) ने झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आरोप लगाया कि जामताड़ा उपायुक्त के समक्ष मंत्री ने देश की संवैधानिक संस्था चुनाव आयोग के बीएलओ को बांधकर रखने के लिए जनता को भड़काया और उकसाया है। प्रभाकर ने राज्य सरकार से मांग की है कि मंत्री को तत्काल पद से बर्खास्त किया जाए। उन्होंने सवाल उठाया कि मंत्री को मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से भय क्यों लग रहा है। उन्होंने कहा कि जब कोई मंत्री ही भ्रम फैलाने लगे और संवैधानिक संस्था चुनाव आयोग के खिलाफ लोगों को भड़काए, तो ऐसे व्यक्ति को पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। यह आचरण आपराधिक कृत्य की श्रेणी में आता है। आजसू नेता ने कहा कि संविधान की दुहाई देने वाली कांग्रेस ने बिहार में भी एसआईआर को लेकर भ्रम फैलाने की कोशिश की थी, लेकिन जनता ने उन्हें उचित संदेश दे दिया। बिहार में एसआईआर प्रक्रिया को लेकर किसी भी मतदाता ने कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई थी। दरअसल, चुनाव आयोग का एसआईआर अभियान मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के लिए चलाया जाता है, जिसमें घर-घर जाकर सत्यापन किया जाता है।

### शराब घोटाला : जमशेदपुर डीसी से एसीबी ने की पूछताछ

**रांची :** झारखंड में हुए शराब घोटाले के मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की कार्रवाई जारी है। सोमवार को एसीबी ने इस सिलसिले में जमशेदपुर के उपायुक्त (डीसी) कर्ण सत्यार्थी से लंबी पूछताछ की। गौरतलब है कि कर्ण सत्यार्थी पूर्व में राज्य के उत्पाद आयुक्त के पद पर भी पदस्थापित रह चुके हैं। एसीबी ने पूछताछ के दौरान कर्ण सत्यार्थी से कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहन जानकारी ली। अधिकारियों का मुख्य ध्यान इस बात पर था कि उत्पाद आयुक्त के तौर पर उन्होंने प्लेसमेंट एजेंसियों के खिलाफ क्या कदम उठाए थे। उत्पाद आयुक्त रहते हुए उन्होंने फजीर्वाड़े में शामिल प्लेसमेंट एजेंसियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की? क्या उन्होंने एजेंसियों द्वारा दी गई बैंक गारंटी की जांच कराई थी? अगर जांच नहीं कराई गई, तो इसके पीछे की वजह क्या थी?

# आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में डीसी ने परिसंपत्ति का किया वितरण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड स्थापना की रजत जयंती के अवसर पर आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत रांची जिले में मंगलवार को बड़े स्तर पर पंचायत स्तरीय जनसेवा शिविरों का आयोजन किया गया। नामकुम प्रखंड के हाहाप पंचायत में आयोजित मुख्य शिविर में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रांची, मंजूनाथ भजन्त्री पहुंचे और मौके पर ही विभिन्न योजनाओं का लाभ वितरण किया। शिविर में उप विकास आयुक्त सौरभ भुवनिया, प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि मुक्तिनाथ मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि एतवा मुंडा, प्रमुख आशा कच्छप, मुखिया नाने कच्छप समेत कई विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। उपायुक्त ने कहा कि यह कार्यक्रम राज्य सरकार की वह पहल है जिसके माध्यम से प्रशासनिक तंत्र स्वयं ग्रामीणों के पास पहुंचकर उनकी समस्याएं सुन रहा है और मौके पर समाधान दे रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे बेझिझक अपनी समस्याएं रखें, क्योंकि जिला प्रशासन त्वरित निष्पादन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि पहले से आवेदन कर चुके लोगों को जाति, आय, आवासीय प्रमाण पत्र और अन्य जरूरी दस्तावेज ऑन-द-स्पॉट उपलब्ध कराए जा रहे हैं। साथ ही विभिन्न योजनाओं के लाभ भी मौके पर ही वितरित किए जा रहे हैं। जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी उपायुक्त ने गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, ग्राम गाड़ी योजना, मनरेगा सहित कई जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया भी समझाई ताकि अधिक से अधिक लोग इसका फायदा उठा सकें।

# झारखंड में 30 नवंबर तक छाए रहेंगे बादल आसमान साफ होने के बाद बढ़ेगी ठंड

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड में 30 नवंबर तक बादल छाए रहेंगे। इसके बाद आसमान साफ होने के बाद तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी, जिससे कनकनी में वृद्धि होगी। यह जानकारी मौसम विभाग ने सोमवार को दी। मौसम विभाग के अनुसार, सुबह और रात में कुहासा छाया रहेगा, जबकि दिन में आंशिक बादल छाए रहेंगे। बादल जाने से अधिकतम तापमान में आशिक गिरावट दर्ज की गई है, जबकि न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई है। सोमवार को राजधानी रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से आसमान में आंशिक बादल छाये रहे। बादल छाने के कारण दिन में भी लोगों को ठंड का एहसास हुआ, जबकि रात में अपेक्षाकृत ठंड में कमी महसूस होगी। पिछले 24 घंटों दौरान में राज्य में सबसे अधिक तापमान 29.8 डिग्री चाईबासा में और सबसे कम तापमान में गुमला में 10.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। सोमवार को रांची का अधिकतम तापमान 25.9 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12.6 डिग्री सेल्सियस, जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 29.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12.6 डिग्री सेल्सियस, डाल्टनगंज का अधिकतम तापमान 28.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11.6 डिग्री सेल्सियस, बोकारो में अधिकतम तापमान 25.6 डिग्री और 13.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि चाईबासा में अधिकतम तापमान 29.8 डिग्री और 14.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों देश के उत्तरी दिशा से आ रही ठंडी हवाओं के कारण झारखंड के विभिन्न जिलों में शीतलहर चली थी, लेकिन इसके बाद बादल छाने के कारण न्यूनतम तापमान में वृद्धि दर्ज की गई।


# रांची पुलिस की बड़ी कार्रवाई, ब्राउन शुगर-गांजा तस्करी के नेटवर्क का भंडाफोड़, 10 गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** वरीय पुलिस अधीक्षक महोदय राँची के निर्देशानुसार हाल के दिनों में जिला पुलिस के द्वारा मादक पदार्थों के तस्करी एवं अड्डेबाजी के विरूद्ध व्यापक स्तर पर सूबना आधारित छापामारी अभियान का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनाक 23.11.25-24.11.25 को वरीय पुलिस अधीक्षक राँची को गुप्त सूचना मिली कि काके थाना क्षेत्र अंतर्गत आई०आई०सी०एम०/ प्रेमनगर क्षेत्र में तथा बरियातु थाना क्षेत्र अंतर्गत हरिहरसिंह रोड एवं आस पास के क्षेत्र में मादक पदार्थों/नषीला दवाओं की खरीद बिक्री/तस्करी किया जा रहा है। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवष्यक कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रॉची एवं पुलिस अधीक्षक नगर रॉची के निर्देषन में क्रमषः वरीय पुलिस उपाधीक्षक (मु०) प्रथम राँची एवं वरीय पुलिस उपाधीक्षक सदर रॉची के नेतृत्व में दो अलग अलग छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी के क्रम में कांके थाना क्षेत्र के आई०आई०सी०एम० के पास मैदान में छापामारी की गई जहाँ से चार व्यक्तियो नामतः 1. अमीत कुमार गुप्ता उर्फ बिट्टू 2 मुकेष कुमार यादव 3 मुन्ना यादव 4 चिकू यादव को पकड़ा गया। जिनके पास से ब्राउन सुगर लगभग 50 ग्राम, गांजा ०१ कि०ग्राम, मोबाईल फोन, पैकिन्ग मेटेरियल, लाईटर, दो ऑटो वाहन एवं एक स्कूटी बरामद किया गया। इनके निषानदेही पर अग्रतर छापामारी किये जाने पर कोगे जयपुर गाँव से सैयद समीर के घर से 105 ग्राम ब्राउन सूगर, 1.6 कि०ग्राम गांजा, 181630/ रूपया नगद, काफी मात्रा में लाईटर, पैकिन्ग मेटेरियल, मोबाईल फोन, एल्यूमिनियम फॉयल, डिजिटल वेज मषीन इत्यादि बरामद किया गया। सैयद समीर एवं उसकी पत्नी बेबी परवीन से प्रतिबंधित मादक पदार्थों के स्त्रोत के संबंध में पूछताछ करने पर तथा उनके निषानदेही पर गोन्दा थाना अंतर्गत ओमनगर, गाँधीनगर के निवासी दीपक कुमार के घर पर छापामारी किये जाने पर 50 ग्राम ब्राउन सूगर 60000/ रूपया नगद, मोबाईल फोन, डिजिटल वेट मषीन, पैकिन्ग मेटेरियल, लाईटर इत्यादि सामग्री बरामद किया गया। दीपक कुमार से पूछताछ के क्रम में ज्ञात हुआ कि राजू कुमार थाना बिहटा जिला पटना बिहार के रहने वाले व्यक्ति के द्वारा पटना से लाकर उक्त प्रतिबंधित सामग्री की रॉची जिला के गोन्दा एवं कांके थाना क्षेत्रो में तस्करी एवं बिक्री की जाती है जिसके नेटवर्क में उक्त व्यक्तियों के अतिरिक्त अन्य कई लोग शामिल है। जो प्रायः अड्डेबाजी के स्थलों में घूम-घूमकर अत्यधिक दाम पर ब्राउन सुगर एवं गांजा का पुडिया बनाकर बेचते है। कांके थाना क्षेत्र में छापामारी के उपरान्त कुल आठ व्यक्तियों को गिरफतार किया गया है। जिनके द्वारा मादक पदार्थों के तस्करी के संगठित गिरोह का संचालन किया जा रहा था तथा इस गिरोह में शामिल अन्य व्यक्तियों को चिन्हित कर अग्रतर विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी। गिरफतार अभियुक्तों में से बेबी परवीन का अपराधिक इतिहास (सुखदेवनगर थाना) से वर्ष 2013 में एन०डी०पी०एस० काण्ड में आरोप पत्रित) है तथा शेष अभियुक्तों के अपराधिक इतिहास का छानबीन की जा रही है। सम्पूर्ण घटनाक्रम के संदर्भ में सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### सुपरस्टार धर्मेंद्र के निधन पर झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन ने दी श्रद्धांजलि



**रांची :** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता और सुपरस्टार धर्मेंद्र के निधन की खबर से पूरे देश में शोक की लहर है। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन ने उनके निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है।सम्मेलन के प्रांतीय संयुक्त महामंत्री संजय सर्राफ ने कहा कि धर्मेंद्र केवल बॉलीवुड के ही-मैन ही नहीं थे, बल्कि उनकी सहजता, विनम्रता और सरल स्वभाव ने उन्हें जनता के दिलों में हमेशा के लिए अमर बना दिया। उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र के अभिनय की यादें दिल की गहराइयों में हमेशा जीवित रहेंगी। सर्राफ ने धर्मेंद्र की लंबी और प्रतिष्ठित फिल्मी यात्रा को याद करते हुए कहा कि उनकी अभिनय क्षमता, करिश्माई व्यक्तित्व और बड़े दिल ने भारतीय सिनेमा को एक नई ऊंचाई दी। उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र की मुस्कान, उनकी बातें और उनके निभाए गए किरदार हमेशा याद किए जाते रहेंगे। उनके मूल्य और व्यक्तित्व ने समाज के हर वर्ग को जोड़ा। धर्मेंद्र को भारतीय सिनेमा के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में हमेशा याद किया जाएगा।

### आदर्श सामूहिक विवाह कार्यक्रम के तहत तीन अनाथ बेटियों का कराया निकाह



**रांची :** मोमिन पंचायत इलाहीनगर की ओर से सोमवार को राजधानी रांची में आयोजित आदर्श सामूहिक विवाह कार्यक्रम के तहत तीन अनाथ एवं गरीब बेटियों का निकाह कराया गया। इन बच्चियों के सिर से पिता का साया उठ चुका था, जिसके कारण उनके विवाह में आर्थिक कठिनाइयां आ रही थीं। कार्यक्रम में दहेज और भोजन की व्यवस्था मोमिन अंसारी पंचायत की ओर से की गई। पंचायत कमेटी द्वारा दहेज स्वरूप पलंग, गद्दा, चार कुर्सियां और आवश्यक बर्तन दिए गए। विवाह की रस्में कारी अब्दुल रसीद ने अदा कराईं। पंचायत के प्रतिनिधि फिरोज जिलानी की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि चान्हो निवासी गुलरेज अंसारी, सिल्ली निवासी मो. शमशेर और हुसीर निवासी रफीक आलम ने निकाह बच्चियों के साथ निकाह किया। इस अवसर पर हाजी अब्दुल हलीम ने कहा कि निकाह को आसान बनाने की आवश्यकता है, क्योंकि दहेज और गरीबी जैसी वजहों से गरीब बच्चियों की शादी में होने वाली देरी समाज के लिए दुखद है। उन्होंने मोमिन पंचायत की इस पहल की सराहना करते हुए इसे एक सराहनीय कदम बताया। पंचायत अध्यक्ष मो. हफीज ने कहा कि भविष्य में भी कोई गरीब या जरूरतमंद परिवार मदद के लिए आएगा तो पंचायत कमेटी पूरी सहायता करेगी। कार्यक्रम में दीपाटोली सद्भावना पंचायत के संरक्षक मेराज खान सहित हाजी अबुल कलाम, अब्दुल हसीब, परवेज आलम, मुस्तकीम अंसारी, जुबैर आलम, खुर्शीद कुरैशी, सद्दाम अली, जहीर खान, अबू तलहा, शमीम अंसारी, हाजी मुमताज, गुफरान आलम, इम्तियाज अख्तर, साबिर खान, जफीर इकबाल, मोहम्मद शफीक, मो. हैदर, कासिम अली, राघव इकबाल, शाहबाज आलम और सरफराज अंसारी उपस्थित थे।

### सेंट पॉल स्कूल में अभिभावक दिवस सह मासिक बैठक, बच्चों की प्रस्तुति ने मोहा मन



**रांची :** संत पॉल्स प्राथमिक विद्यालय में सोमवार को बालक छात्रावास एवं विद्यालय की ओर से अभिभावक दिवस सह मासिक अभिभावक बैठक का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत छात्रावास एवं विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुई। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों, शिक्षकों और आमंत्रित अतिथियों का दिल जीत लिया। इस अवसर पर छात्रावास में रहने वाले सभी छात्रों के अभिभावक तथा विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अजीता देमता ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों में अनुशासन, नैतिकता और जीवन-मूल्य की शिक्षा की नींव घर से ही पड़ती है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों की शिक्षा को गंभीरता से लें और उन्हें बेहतर भविष्य के लिए उचित मार्गदर्शन दें। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि घर और विद्यालय का संयुक्त प्रयास ही बच्चे के सर्वांगीण विकास का आधार है। बैठक की अध्यक्षता शमशेर आलम ने की। इस कार्यक्रम में हेडमास्टर समीर केरकेट्टा, वार्डन अरुण मलुआ, शिक्षिका प्रिया परीधया, शालिनी बखला, अल्का केरकेट्टा, रीना हंस और अंशु समद समेत विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा अनेक अभिभावक उपस्थित थे।

### राज्य के स्वास्थ्य मंत्री को अविलंब बर्खास्त करें मुख्यमंत्री : बाबूलाल मरांडी

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अविलंब बर्खास्त करने का आग्रह किया है। उन्होंने एसआईआर को लेकर बीएलओ को बंदी बनाए जाने संबंधी इरफान अंसारी के बयान पर अपनी कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, देश का संविधान चुनाव आयोग को मतदाता सूचियों की शुद्धता और सटीकता बनाए रखने के पूर्ण अधिकार देता है। लेकिन विडंबना यह है कि संविधान बचाने का ढोल पीटने वाले राहुल गांधी के करीबी और झारखंड सरकार के कांग्रेसी मंत्री इरफान अंसारी ही संवैधानिक प्रक्रिया में बाधक बन रहे हैं और सार्वजनिक मंच से BLO को घर में बंद करने और ह्लबंधक बनानेह्व जैसी धमकी दे रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, SIR प्रक्रिया का मूल उद्देश्य वोटर सूची को पारदर्शी, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना है। इसके तहत मृत मतदाताओं के नाम हटाना, डुप्लीकेट नामों को हटाना, स्थानांतरित मतदाताओं की जानकारी अपडेट करना, नए मतदाताओं को शामिल करना, फर्जी नामों और घुसपैठियों को हटाने जैसे कार्य किए जाते हैं। यह संपूर्ण प्रक्रिया चुनावी व्यवस्था की विश्वसनीयता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण आधार है। बाबूलाल मरांडी ने कहा, श्ऐसे गैर-जिम्मेदार और उकसाने वाले बयान न केवल रक्क प्रक्रिया को बाधित करते हैं, बल्कि पूरी चुनावी प्रणाली और लोकतांत्रिक मयार्दाओं पर सीधा प्रहार है। जब किसी मंत्री के शब्द ही कानून-व्यवस्था और चुनावी कर्मियों की सुरक्षा को खतरे में डाल दें, तो उसके पास पद पर बने रहने का न नैतिक और न ही संवैधानिक अधिकार रह जाता है।

## एक नजर

### झुमरी तिलैया के झंडा चौक पर यातायात नियम तोड़ने वालों की खैर नहीं

**झुमरी तिलैया** : जिले में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए, झुमरी तिलैया के झंडा चौक पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ एक सघन अभियान चलाया जा रहा है। अब ट्रिपल राइडिंग या कम उम्र के नाबालिगों को वाहन चलाते पकड़े जाने पर सख्ती बरती जा रही है, जिससे सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों का मौके पर ही ऑनलाइन चालान काटा जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाना और लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करना है। सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस अभियान में ट्रैफिक पुलिस में एएसआई रामानंद पाठक, हवलदार बी.के. सिंह और उनके साथ अन्य कई जवान सक्रिय रूप से लगे हुए हैं। उनकी टीम निगरानी कर रही है और नियम तोड़ने वालों पर तुरंत कार्रवाई की जा रही है। सावधान यदि आप झंडा चौक या आसपास के क्षेत्रों में ट्रिपल लोड या नाबालिग को गाड़ी चलाने देते हैं, तो आपका भारी ऑनलाइन चालान कट सकता है। सभी वाहन चालकों से अपील है कि वे अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करें।

### मंजुला शर्मा मेमोरियल अकादमी को मिला नया प्राचार्य

**डोमचांच/ कोडरमा** : मंजुला शर्मा मेमोरियल अकादमी में आज एक महत्वपूर्ण अवसर पर अभिषेक कुमार पांडेय ने विद्यालय के नए प्राचार्य के रूप में योगदान दिया। उनके आगमन से विद्यालय परिसर में उत्साह और उल्लास का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक श्री रजनीश जी ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पांडेय अनुभवी, विद्वान एवं प्रतिभावान शैक्षणिक प्रशासक हैं। उनके नेतृत्व में विद्यालय निश्चित रूप से नई ऊँचाइयाँ प्राप्त करेगा। उन्होने ने कहा कि श्री पाण्डेय देश के प्रतिष्ठित विश्व विद्यालय बेंगलुरु से माइक्रोबायोलॉजी में स्नातकोत्तर तथा बी एड हैं, पूर्व में भी अन्य सीबीएसई स्कूलों में प्राचार्य के रुप में कार्य किया है। इनके अनुभव का लाभ इस विद्यालय को भरपूर मिलेगा। नव–नियुक्त प्राचार्य अभिषेक कुमार पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि—विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को नई दिशा देना, अनुशासन, नवाचार और मूल्यों पर आधारित शिक्षा प्रदान करना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। शिक्षक–कर्मचारियों के सहयोग से हम विद्यालय को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएँगे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासक आर. पी. पांडेय ने भी श्री पांडेय को शुभकामनाएँ देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

### झारखंड में पालतु कुत्ता व बिल्ली का पंजीकरण होगा अनिवार्य

झुमरी तिलैया : राज्य के शहरी क्षेत्र में रहने वाले लोगों को अब अपने पालतू कुत्ते और बिल्ली का पंजीकरण कराना जरूरी होगा। सुप्रीम कोर्ट के स्वत संज्ञान मामले में दिए गए आदेश के बाद शहरी निकायों ने आम सूचना जारी कर लोगों को दिशा–निर्देशों का पालन करने को कहा है। इधर झुमरी तिलैया नगर परिषद के सीटी मैनेजर लिमांशु कुमार ने बताया कि शीर्घ ही इसके लिए टेंडर की प्रक्रिया की जायेगी। किसी एंजेसी को इसके लिए अधिकृत किया जायेगा। शहर में दो फिडिंग जोन खाना खिलाने के लिए मडुआटांड और ब्लॉक मैदान में किया जायेगा। इधर रॉची के चिकित्सक डॉ अवधेश सेठ ने बताया कि स्नेहा एनीमिल सोसाईटी के द्वारा रॉची में 2007 से ही कुत्तों के प्रति कार्य किया जा रहा है और अभी तक 7 लाख सर्जरी की जा चुकी है।

# आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार अभियान में उमड़ी भीड़, बोकारो में जनसहभागिता चरम पर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो :** जिले के सभी प्रखंडों में सोमवार को चल रहे 'आपकी योजना-आपकी सरकारझआपके द्वार' सेवा अधिकार सप्ताह अभियान के तहत लगे शिविरों में जनसहभागिता चरम पर रही। सुबह से ही विभिन्न पंचायतों में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। सरकार द्वारा संचालित लोककल्याणकारी योजनाओं का लाभ घर-घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित यह विशेष अभियान ग्रामीणों के बीच उत्साह और भरोसे का केंद्र बना रहा।शिविरों में मौजूद जिला और प्रखंड स्तरीय अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनकर कई मामलों का स्थल पर ही निष्पादन किया। जिन मुद्दों का तत्काल समाधान संभव नहीं था, उनके लिए शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि अभियान का मकसद सरकार और जनता के बीच की दूरी को खत्म कर सेवा वितरण को पारदर्शी और सरल बनाना है।

**वरीय पदाधिकारियों ने संभाली कमान**

शिविरों की निगरानी के लिए जिले के हर प्रखंड में वरीय नोडल पदाधिकारियों को नियुक्त किया गया था। चास में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, चंद्रपुरा में डीपीएलआर निदेशक मेनका, चंदनकियारी में एसडीओ चास प्रांजल ढांडा, जरीडीह में अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, पेटरवार में जिला परिवहन पदाधिकारी मारुति मिंज, नावाडीह में एसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ, बेरमो में जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालको, कसमार में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा तथा गोमिया में जिला पंचायती राज पदाधिकारी मो. शफीक आलम ने नियंत्रण संभाला।इन पदाधिकारियों ने दिनभर शिविरों का दौरा करते हुए लाभुकों से संवाद किया और विभागीय टीमों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**विभिन्न सेवाओं के लिए हजारों आवेदन**

अभियान के तहत जाति, आवासीय व आय प्रमाण पत्र, जन्मझमृत्यु प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, दाखिलझखारिज, भूमि मापी, भूमि धारण प्रमाण पत्र (एलपीसी), सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसी सेवाओं के लिए हजारों आवेदन प्राप्त हुए। प्रशासन की तत्परता और सहज प्रक्रिया से ग्रामीणों में भारी उत्साह रहा। लाभुकों ने बताया कि पहले जहां इन प्रमाण पत्रों के लिए कई बार दफ्तरों का चक्कर लगाना पड़ता था, वहीं अब एक ही मंच पर समाधान मिल रहा है।

**सुव्यवस्थित प्रबंधन से राहत महसूस की**

शिविरों में व्यवस्था को लेकर प्रशासन हर स्तर पर मुस्तैद रहा। लाभुकों की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क, पेयजल, बैठने की व्यवस्था, पुलिस सहायता केंद्र, मीडिया सेंटर तथा तकनीकी सहायता डेस्क जैसी सुविधाएं सुनिश्चित की गईं। इससे लोगों को आवेदन प्रक्रिया के दौरान किसी भी तरह की परेशानी नहीं हुई और शिविर का अनुभव राहतभरा साबित हुआ।

## कोडरमा में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** आपकी योजना -आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सोमवार को डोमचांच नगर पंचायत के वार्ड नंबर 5,6 मे सामूहिक रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया गया । साथ ही काराखुट पंचायत भवन, बगडो पंचायत भवन,बागरीडीह पंचायत भवन में किया गया मौके पर उप विकाश आयुक्त रवि जैन डोमचांच वीडियो भोला पांडे साथ ही नगर पंचायत के सभी पदाधिकारी, पंचायत के मुखिया पंचायत के सभी लाभुक अपना अपना फॉर्म जमा किए ।कार्यक्रम के दौरान पदाधिकारियों ने ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान। मुख्य रूप से आवास,9 खाद्य आपूर्ति की संख्या लगभग 45 वृद्धा पेंशन 8,समेत । शिविर मे नगर पंचायत के सभी लाभुको द्वारा आवेदन दिया गया । साथ ही सभी लाभुको को संबंधित जानकारी दिया गया ।

## डीवीसी केटीपीएस बॉझेडीह में ऐक्टू और एटक की संयुक्त बैठक संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** 4 श्रम कोड जो श्रमिक विरोधी,कॉरपोरेट पक्षिय, कानून को जबरन मोदी सरकार के द्वारा 21 नवम्बर 2025 को लागू करने के खिलाफ केन्द्रीय श्रमिक संगठनों ने दिनांक 26 नवम्बर 2025 को विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया है। 0इसकी तैयारी को लेकर ऐक्टू और एटक के नेतृत्व में आज एडीएम बिल्डिंग के समझ झारखंड जेनरल मजदूर यूनियन के अध्यक्ष राजेंद्र यादव की अध्यक्षता में बैठक की गई बैठक में मुख्य रूप से ऐक्टू जिला सचिव विजय पासवान, एटक जिला अध्यक्ष विनोद पासवान उपस्थित थे बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 26 नवम्बर 2025 को केन्द्रीय ट्रेड यूनियन के आह्वान के समर्थन में डीवीसी केटीपीएस बॉझेडीह के मजदूर भी विरोध प्रदर्शन करेंगे। बैठक को सम्बोधित करते हुए ऐक्टू जिला सचिव विजय पासवान ने कहा कि मजदूर विरोधी और नियोक्ता समर्थक श्रम संहिताओं के घोर एक तरफा कार्यान्वयन की कड़ी निंदा करता हूं, केंद्र सरकार के द्वारा जो निर्णय लिया गया है यह मेहनतकश मजदूरों के अधिकारों पर सीधा हमला है 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियन और स्वतंत्र औद्योगिक संगठनों के संयुक्त मंचों के द्वारा इनकठोर श्रम संहिताओं के कार्यान्वयन का उस दिन से विरोध चल रहा है जिस दिन से इन्हें मौजूद 29 केंद्रीय श्रम कानून को निरस्त करते हुए लागू किया गया था।

## बीएसएल में 'मंथली सेफ्टी चैंपियन' पुरस्कार की शुरूआत



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** स्टील प्लांट के रिफ्रैक्टरी मटेरियल प्लांट विभाग ने संयंत्र की सुरक्षा संस्कृति को और मजबूत बनाने एवं श्रमिकों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 'मंथली सेफ्टी चैंपियन ऑफ RMP' पुरस्कार की शुरूआत की है। यह पहल विशेष रूप से संविदा श्रमिकों को सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करने, सुरक्षित कार्य व्यवहार को प्रोत्साहित करने और कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। आरएमपी विभाग के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में अक्टूबर 2025 माह के लिए यह पुरस्कार संविदा श्रमिक देव शरण पाल को प्रदान किया गया। सुरक्षित कार्य प्रणालियों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, अनुशासित कार्यशैली तथा कार्य के दौरान सतत सतर्कता को देखते हुए उन्हें यह सम्मान दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक नागराजन श्रीकांत, महाप्रबंधक मुकेश कुमार सिंह सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी एवं संविदा श्रमिक उपस्थित थे। पुरस्कार प्रदान करते हुए मुख्य महाप्रबंधक नागराजन श्रीकांत ने देव शरण पाल के सुरक्षित कार्य दृष्टिकोण की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार केवल सम्मान नहीं, बल्कि इस विश्वास का प्रतीक है कि संविदा श्रमिक हमारी सुरक्षा व्यवस्था के अभिन्न अंग हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा सामूहिक जिम्मेदारी है, और ऐसे प्रोत्साहन कार्यक्रम ह्यशून्य-दुर्घटना लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हैं। पुरस्कार प्राप्तकर्ता देव शरण पाल ने अपने कार्य में अपनाई जाने वाली सुरक्षा सावधानियों तथा सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा किया और उपयोगी सुझाव भी दिए। उपस्थित अधिकारियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि मंथली सेफ्टी चैंपियन जैसे कार्यक्रम श्रमिकों में उत्साह और सहभागिता बढ़ाने के साथ-साथ कार्यस्थल पर सुरक्षा-अनुशासन और सतर्कता को और मजबूती प्रदान करते हैं।

## कोटपा-2003 के विभिन्न धाराओं के अनुपालन हेतु चास थाना क्षेत्र में चलाया गया छापामारी अभियान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** सोमवार को डा0 अभय भूषण प्रसाद सिविल सर्जन बोकारो के निर्देशन एवं चास थाना प्रभारी के सहयोग से तम्बाकू उत्पाद अधिनियम-2003 की धारा 4 व 6ए, 6बी के तहत जांच अभियान चलाया गया जिसमें जिला छापामारी दल के सदस्य मो0 असलम के द्वारा चास थाना क्षेत्र के धर्मशाला मोड, महावीर चौक, तेलीडीह मोड, चेकपोस्ट एवं चास मेन रोड के कुल 87 दुकानों की जांच की गई जिसमें 15 दुकानों/व्यक्तियों द्वारा कोटपा कानून उल्लंघंन करते हुये पाया गया जिनसे अर्थदण्ड के रूप में कुल 3450 रुपए की वसूली की गई। जिला परामर्शी मो0 असलम तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम बोकारो ने बताया कि आज चास थाना अन्तर्गत छापामारी के दौरान दुकानों से तम्बाकू उत्पाद के प्रचार वाले पोस्टर हटाये गये और उन्हें 21 वर्ष से कम आयु के बच्चों को तम्बाकू बेचना कानूनन अपराध है इसका एक पोस्टर दुकानदार को डिसप्ले करने के लिये दिया गया। मो0 असलम जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम बोकारो द्वारा बताया गया कि कोटपा-2003 झारखण्ड संशोधन अधिनियम 2021 की धारा 6 सी के तहत कोई भी दुकानदार खुला एवं खुला पैकेट मे सिगरेट की विक्री नही करेगा पकडे जाने पर 1000 रुपए तक का जुमार्ना हो सकता है। इस अवसर पर चास थाना से छापामारी दल व स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि मो0 असलम जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम उपस्थित थे।

# बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में "हमर बिरसा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता" एवं विजेता सम्मान समारोह संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**कोडरमा :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कोडरमा द्वारा बिरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती के अवसर पर दिनांक 19 नवम्बर 2025 को आयोजित हमर बिरसा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता सफलता के साथ सम्पन्न हुई। इस परीक्षा में लगभग 1500 विद्यार्थियों ने भाग लिया। आज 24 नवम्बर 2025 को प्रतियोगिता के विजेताओं का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की देवी माता सरस्वती, युवा के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद एवं झारखंड के महान क्रांतिकारी भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पित कर किया गया। मंचासीन अतिथियों का स्वागत समिति चिन्ह और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

**मुख्य अतिथि का संबोधन**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायिका डॉ. नीरा यादव उपस्थित रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा– "विद्यार्थी मन लगाकर अध्ययन करें और कोडरमा का नाम हर क्षेत्र में रोशन करें। उन्होंने प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर अभाविप कोडरमा की टीम, शिक्षकों, अभिभावकों तथा सभी सहयोगियों को हार्दिक बधाई दी। मुख्य अतिथि द्वारा प्रतियोगिता के प्रथम विजेता की घोषणा की गई तथा उनके हाथों से चेक, मेडल और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

**कॉलेज प्राचार्य का संदेश**

जे.जे. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मिथलेश उपाध्याय ने कहा कि– इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में ज्ञान, प्रतिस्पर्धा और व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देती हैं। उपस्थित अतिथिगण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे– हजारीबाग सह-विभाग संयोजक मनोज राणा पूर्व विभाग सह संयोजक बीरेंद्र कराटे रितेश माधव राजेश पांडेय कार्यकारिणी सदस्य मिथुन कुमार पूर्व कार्यकर्ता राज कुमार अभाविप नेतृत्व का संबोधन कार्यक्रम को जिला संयोजक अतुल आनंद एवं नगर मंत्री सुधांशु यादव के नेतृत्व में सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया। जिला संयोजक अतुल आनंद ने कहा-अभाविप लगातार विद्यार्थियों की प्रतिभा, ज्ञान एवं व्यक्तित्व विकास के लिए कार्य करता रहा है। यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा, जागरूकता और नेतृत्व क्षमता बढ़ाने का महत्वपूर्ण प्रयास है। जिला संगठन मंत्री नितेश तिवारी ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा–भविष्य में भी अभाविप शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़े कार्यक्रम निरंतर आयोजित करता रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पार्षद पिंकी जैन ने लोगों को किया जागरूक



कोडरमा : झुमरीतिलैया वार्ड पार्षद पिंकी जैन ने आज सी एच हाई स्कूल में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के कैंप में शामिल होकर लोगों को सरकारी योजना का लाभ लेने के लिए जागरूक किया और उन्हें मदद प्रदान की उन्होंने कहा कि भारत सरकार और राज्य सरकार के द्वारा जनहित में जरूरतमंदों के लिए बहुत योजनाएं चलाई जा रही है उसका सभी को लाभ लेना चाहिए राज्य सरकार का यह कदम स्वागत योग्य है समय–समय पर इस तरह के कैंप लगाने से जरूरतमंदों को बहुत मदद मिलती है पार्षद पिंकी जैन ने 20 जरूरतमंदों के वृद्धा, विधवा, विकलांग पेंशन के फॉर्म को जमा किया और निवेदन किया की जल्द से जल्द सभी फॉर्म को स्वीकृत कर पेंशन की योजना जरूरतमंदों को प्रदान की जाए

### रॉयल स्कूल की टीम झारखंड राज्य रग्बी में बना प्रथम रनर अप




**बोकारो** : रॉयल पब्लिक स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में अपनी उपस्थिति तो दर्ज कर ही रहा है साथ ही खेल की दुनिया में भी इसके कदम आगे बढ़ते जा रहे हैं। विद्यालय की तरफ से झारखंड राज्य रग्वी चैंपियनशिप में स्टेट अंडर 15 बॉयज एंड गर्ल्स की टीम खेल में रॉयल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने फस्ट रनर होकर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय की तरफ से खेलते हुए कक्षा 8 के आदित्य कर्मकार ने सबसे अधिक गोल किए। वहीं सूरज यादव, सूरज साहू ,राहुल कुमार ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में पहुंचने तक का सफर तय किया। वहीं लड़कियों में तुलसी, महक साहू, सिया कुमारी, तान्या कुमारी, पार्वती कुमारी, प्रियांशी कुमारी, सौम्या कुमारी, पूनम कुमारी इत्यादि ने भी बेहतर प्रदर्शन किया। रग्वि के कोच फिरोज कुमार ने बच्चों के प्रदर्शन पर असीम संभावनाएं व्यक्त करते हुए कहा यह बच्चे देश के भविष्य हैं और एक दिन यह देश के लिए आवशयक खेलेंगे। विद्यालय के प्राचार्य रूपम गुप्ता ने बच्चों को उत्साहित करते हुए उन्हें मेडल प्रदान किया व खेल जगत में उज्जवल भविष्य की कामना की।

### अखिल भारतीय साहित्य परिषद् ने आयोजित की मासिक काव्य गोष्ठी



**बोकारो:** अखिल भारतीय साहित्य परिषद् बोकारो की मासिक काव्य गोष्ठी परिषद् के उपाध्यक्ष दयानंद सिंह की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक रविवार को संपन्न हुआ। गोष्ठी की शुरूआत माँ भारती के चरणों में दीप प्रज्ज्वलित कर मंगलाचरण एवं पूष्पांजली कर की गयी ।सुनील कुमार की सरस्वती वंदना एवं कविता ' प्रेम की फुलवारी में सबका फूल खिलने दो' से गोष्ठी का शुभारंभ हूआ ।डॉ आशा पूष्प की रंग बदलेगा ना मेरा आसमां, डॉ नरेन्द्र राय की भोजपूरी कविता अब तो देर हो तरुए,बताव देश के अपना,परिषद् के महासचिव ब्रह्मानंद गोस्वामी' विकल राही' की समाजीक समरसता बहूत जरुरी हैं, हास्य कवि वकील दीक्षित की हॅस हॅस बोली नन्हीं चिडैयॉ चल अपना गाँव रे, गीता कुमारी गुस्ताख की मेरा देश है शिरमौर, मचां सारी दूनिया में शोर, कवियत्री करुणा कलिका की में नारी हूँ नारी का प्रतिमान लिखती हूँ, गंगेश कुमार पाठक की समझदार कातिल था, मुहब्बत करके छोङ गया, रिंकू गिरि'रतन' की जीवन एक केनवास की तरह है, कभी उस पर धूप कभी बादलों की छाया, विभा तिवारी ने पूरब की धरती सिंदूरी, युवा कवि सत्यम हरिशंकर पांडे ने संस्कृत में कविता वन्देमातरम् भारतवर्षम्,दीनानाथ ठाकुर की जिंदा रहूँ तो घर में तिरंगा,मर जाऊँ तो कफन तिरंगा सहित शगुन कृति ने कविता पाठ किया ।कार्यक्रम का संचालन करुणा कलिका ने की और भगवान पाठक ने धन्यवाद् ज्ञापन किया। कार्यक्रम में संघ के सरयु गोस्वामी उपस्थित रहे।

### जेएसएलपीएस कर्मियों की मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू



**बोकारो:** झारखंड राज्य आजीविका कर्मचारी संघ, बोकारो इकाई के बैनर तले एल–5 से एल–8 स्तर तक के जेएसएलपीएस कर्मियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 21 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। हड़ताल का नेतृत्व जिलाध्यक्ष जानकी महतो कर रहे हैं। धरना पलाश जेएसएलपीएस जिला कार्यालय के समक्ष जारी है, जहां सैकड़ों कर्मचारी डटे हुए हैं। संघ के प्रतिनिधियों ने कहा कि वर्षों से सरकार के समक्ष रखी गई मांगों पर अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक सभी मांगों पर सरकार सकारात्मक निर्णय नहीं लेती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। संघ की प्रमुख मांगों में एनएमएमयू नीति को बिना संशोधन लागू करना, पलाश जेएसएलपीएस को सोसायटी एक्ट से हटाकर कर्मियों को राज्य कर्मचारी का दर्जा प्रदान करना, तथा एल–5 से एल–8 स्तर के कर्मियों को वरिष्ठता और योग्यता के आधार पर आंतरिक प्रोन्नति की व्यवस्था करना शामिल है। इसके साथ ही कर्मियों ने प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत स्वचालित वेतन वृद्धि की मांग भी की है। संघ द्वारा स्तर–7 और स्तर–8 के कर्मियों की पदस्थापना गृह जिले के नजदीकी प्रखंडों में किए जाने की भी मांग रखी गई है। हड़ताल स्थल पर डीएफएम समकृष्ण पाठक, डीएमएफआई अमरनाथ सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### टाटीसिलवे में अखंड कीर्तन व रामायण कार्यक्रम का होगा आयोजन

**अनगड़ा :** टाटीसिलवे में मार्ग शीर्ष शुक्ल पक्ष पंचमी को लेकर आज सुबह 7 बजे एवम रात्रि में अखंड हरि कीर्तन रामायण पाठ व सांस्कृतिक एवं वैवाहिक गीत का आयोजन किया गया है जिसकी जानकारी क्यों प्रेशर परिषद टाटी सि लवे के सदस्य मधु सूदन पांडे ने जानकारी दी कहा कि हर वर्ष की तरह इस बार भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया है लोगो से आह्वान किया है को भारी संख्या में लोग सामिल हो ओर समाप्ति का यज्ञ की समाप्ति एवम हवन प्रसाद वितरण ग्रहण करे

### कौशल विकास की बड़ी पहल: 50 चयनित छात्र प्लास्टिक अभियांत्रिकी प्रशिक्षण के लिए रवाना

**सिमडेगा :** जिले में युवा सशक्तिकरण और रोजगारपरक कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन सिमडेगा द्वारा संचालित विशेष पहल के तहत विभिन्न प्रखंडों से चयनित 50 छात्र-छात्राओं को आज रांची के हेहल स्थित सिपेट संस्थान में तीन माह के आवासीय प्लास्टिक अभियांत्रिकी कौशल प्रशिक्षण के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त दीपांकर चौधरी, सिमडेगा ने सभी चयनित प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखाकर औपचारिक रूप से प्रशिक्षण के लिए प्रेषित किया। यह प्रशिक्षण पूर्णत: नि:शुल्क, आवासीय तथा रोजगारमुखी है, जिसे JIIDCO और CIPET के संयुक्त सहयोग से संचालित किया जा रहा है। जिला प्रशासन के अनुसार, प्रतिभागियों को प्लास्टिक उद्योग से संबंधित विभिन्न तकनीकी और व्यावहारिक कार्यों का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें मोल्डिंग, मशीन संचालन, प्रोसेसिंग, गुणवत्ता परीक्षण, डिजाइन तथा इंडस्ट्री-संबंधित सुरक्षा मानकों की जानकारी शामिल है।

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को लेकर भाजपा ने प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** सोमवार को संध्या 3 :30 बजे हाथीमारा स्थित भाजपा जिला कार्यालय में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को गति देने को लेकर प्रखण्ड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन मंडल अध्यक्ष मनोज गिरि की अध्यक्षता में किया गया। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पण्डित दीनदयाल उपाध्याय के तस्वीर पर माल्यार्पण कर तथा वन्दे मातरम् गीत का सामूहिक गान कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वहीं आए हुए अतिथियों को अंग वस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर स्वागत और सम्मानित किया गया । कार्यशाला में चर्चा करते हुए मुख्य वक्ता सह जिला कार्यक्रम संयोजक एवं जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत




का मुख्य उद्देश्य भारत को आर्थिक रूप सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना तथा एक निर्यातक देश के रूप में स्थापित करना है। इसके तहत स्वदेशी उत्पादन और खपत को बढ़ावा देना, घरेलू उद्योगो को मजबूत बनाना, स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करना और आयात पर निर्भरता कम करना शामिल है । इस अभियान के माध्यम से मोदी सरकार का लक्ष्य लोकल फॉर वोकल प्रोत्साहित करते हुए स्थानीय उत्पाद को ग्लोबल बनाना और सभी वर्गों के लिए राष्ट्रीय प्रगति में योगदान देने के लिए सशक्त बनाना है। इसके लिए हम सब मिलकर आत्मनिर्भर भारत संकल्प के इस महाअभियान में लोगों के बीच जागरण का काम करें। उन्होंने स्वदेशी अपनाने और आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को गति देने को लेकर आगामी कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी।भाजपा जिला मीडिया प्रभारी एवं कार्यक्रम सह प्रभारी राजीव पामदत्त ने कहा कि "आत्मनिर्भर भारत" और स्वदेशी अपनाने का संकल्प हर घर का मंत्र बने। लोग ज्यादा से ज्यादा स्वदेशी सामग्री का क्रय करे तभी आत्मनिर्भर भारत का संकल्प पूरा होगा। हमारे प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि 140 करोड़ भारतीयों के सहयोग से भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करना है। इसे साकार करने के लिए भाजपा का एक एक कार्यकर्ता घर घर जा कर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। भाजपा नगर अध्यक्ष मनोज गिरि ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा है हर घर स्वदेशी घर घर स्वदेशी अभियान को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन जिला नेतृत्व के निदेर्शानुसार किया गया है। आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान से नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करना है। कहा कि बुथ से लेकर मंडल तक हमलोग स्थानीय उत्पाद खरीदने और स्वदेशी अपनाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने का काम कर रहे हैं । घर घर स्वदेशी हर घर स्वदेशी यह सिर्फ नारा नहीं है इसका मुख्य उद्देश्य भारत को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यक्रम के अन्त में उपस्थित कार्यकताओं से आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को तहत स्वदेशी संकल्प पत्र भरवाया गया और स्वदेशी अपनाने को लेकर शपथ दिलाई गई।

## संक्षिप्त खबरें

### हीरोडीह स्टेशन पर RPF की बड़ी कार्रवाई धनबाद-सासाराम इंटरसिटी से पकड़ा गया अवैध शराब तस्कर



**सरिया :** रेलवे सुरक्षा बल की सतर्कता एक बार फिर रंग लाई। सोमवार सुबह हीरोडीह रेलवे स्टेशन पर कैंपिंग ड्यूटी पर तैनात स्टाफ ने धनबाद-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस (13305 अप) में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब ले जा रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया।सूचना के अनुसार, RPF पोस्ट हजारीबाग रोड के अंतर्गत हीरोडीह स्टेशन पर ड्यूटी में तैनात प्रधान आरक्षी विनोद कुमार सिंह एवं प्रधान आरक्षी राधा मोहन शर्मा गश्त और ट्रेन पासिंग ड्यूटी कर रहे थे। ठीक सुबह 7 :35 बजे जब गाड़ी संख्या 13305 अप धनबाद-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म पर रुकी, तभी एक व्यक्ति लाल रंग के भारी-भरकम झोले के साथ कोच में चढ़ता दिखाई दिया।उसकी हरकतें संदिग्ध लगने पर दोनों जवानों ने तुरंत उसे रोका और झोले की तलाशी ली। पूछताछ में व्यक्ति ने कबूल किया कि झोले में अंग्रेजी शराब भरी हुई है। आगे की पूछताछ में उसने बताया कि बिहार में शराबबंदी होने के कारण वह झारखंड से सस्ते में शराब खरीदकर बिहार में ऊंचे दाम पर बेचकर मुनाफा कमाता है। उसके पास शराब परिवहन या व्यापार का कोई वैध दस्तावेज नहीं था। RPF जवानों ने तुरंत व्यक्ति को हिरासत में लेकर झोले सहित पूरे माल को अपने कब्जे में ले लिया और उसे RPF पोस्ट हजारीबाग रोड लाया गया। वहां लिखित शिकायत दर्ज कर प्रस्तुति-सह-जब्ती सूची तैयार की गई। अवैध अंग्रेजी शराब को विधिवत जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए आरोपी व्यक्ति एवं जब्त शराब को उत्पाद विभाग, गिरिडीह को सुपुर्द कर दिया गया है। RPF की इस मुस्तैदी से एक बार फिर रेलवे परिसर में अवैध शराब तस्करी पर लगाम लगाने का संदेश गया है।

### बिरसा मुंडा तीरंदाजी एकेडमी की सुरभि ने जीता रजत



**मुरी/सिल्ली :** 42 वीं एनटीपीसी सब जूनियर नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में झारखंड की ओर से खेलते हुए बिरसा मुंडा तीरंदाजी अकादमी की प्रशिक्षु सिल्ली स्पोर्ट्स एकेडमी के सदस्य बड़ामुरी निवासी अमर पाल की सुपुत्री सुरभि पाल ने रिकर्व डिविजन के व्यक्तिगत एकल स्पर्धा में सिल्वर मेडल जीतकर राज्य और सिल्ली का नाम रोशन किया। ज्ञात हो कि 22 से 30 नवंबर 2025 तक आयोजित यह नेशनल अरुणाचल प्रदेश के इटानगर में आयोजित है जिसमें अकादमी की ओर से सुरभि पाल, मनीषा कुमारी, अश्विन साहू प्रतिभागी के रूप में हिस्सा ले रहे हैं जिसमें सुरभि पाल ने व्यक्तिगत एकल स्पर्धा में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर फाइनल में जगह बनाई, जिसमें रजत पदक जीता इस बड़ी जीत पर अकादमी की अध्यक्ष नेहा महतो,मुख्य संरक्षक सुदेश कुमार महतो के साथ-साथ सभी कोच और प्रशिक्षु खिलाड़ियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।सुरभि पाल इस वर्ष होने वाले सभी नेशनल तीरंदाजी टीम सब जूनियर जूनियर और सीनियर में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाली है हाल ही में आयोजित स्टेट चैंपियनशिप जमशेदपुर में चार गोल्ड और एक सिल्वर मेडल जीतकर ओवरऑल चैंपियन बनने का खिताब हासिल किया था। सब जूनियर की खिलाड़ी होने के बावजूद जूनियर और सीनियर में अपना बेहतर प्रदर्शन कर झारखंड टीम में स्थान सुनिश्चित किया है ।

## चांडिल कांड्रा मुख्य मार्ग को अविलंब मरम्मती कराने को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** चांडिल अनुमंडल कार्यालय में सोमवार को ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के प्रतिनिधियों व ग्रामीण मिलकर चांडिल अनुमंडल पदाधिकारी को ज्ञापन सौपा। चांडिल- काण्ड्रा मुख्य मार्ग की बदहाल स्थिति, सड़क की जर्जर हालत से घर से निकलते ही जान हथेली पर लेकर निकलने की स्थिति हो गयी है। आए दिन सड़क हादसा हो रही है । छः माह पूर्व ही समाचार पत्र के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुआ था कि चाण्डिल-काण्ड्रा रोड का टेंडर निकला है, उसके बाद से अभी तक सड़क की मरम्मती का कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है। कार्यकताओं ने यह सारी समस्याओं को अविलम्ब समाधान के लिए कार्रवाई करने का मांग किया है , कहा गया है कि अगर संतोषपूर्वक



कार्रवाई सात दिनों के अन्दर नहीं होती है तो सभी ग्रामीण जनता उग्र आदोलन के लिए बाध्य होगे और इसका जवाबदेही विभाग के पदाधिकारी होगे। मांग पत्र में अविलम्ब चाण्डिल-काण्ड्रा रोड मरम्मती कराने, जब तक सड़क की मरम्मत का कार्य पूर्ण हो तब तक कम से कम दिन में तीन बार पानी का छिडकाव करने का मांग किया गया है। आशुदेव महतो, मनोज वर्मा, सुभाष चंद्र तांती, भुजंग मछुआ, राजेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## छठे पर्यावरणीय सम्मेलन में सरला बिरला विश्वविद्यालय का सम्मानपूर्ण प्रतिनिधित्व

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** डेनमार्क की राजधानी कोपनहेगन में जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग पर आयोजित छठे पर्यावरणीय सम्मेलन में सरला बिरला विश्वविद्यालय के माननीय महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक वर्चुअल प्रेजेंटेशन के माध्यम से बतौर पैनलिस्ट सम्मिलित हुए। इस दौरान दुनिया भर से जुटे प्रख्यात पर्यावरणविदों, वैज्ञानिकों और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी महत्वपूर्ण हस्तियों ने पारिस्थितिकी तंत्र परिवर्तन, इससे उपज रही भयावहता और परिणामस्वरूप पड़ने वाले दूरगामी प्रभावों, वैश्विक आपदाओं, महासागरीय अम्लीकरण समेत नवीकरणीय ऊर्जा एवं इसके विभिन्न स्त्रोतों पर विस्तार से चर्चा की। प्रो. पाठक ने चर्चा के दौरान पर्यावरण के लिए लाभप्रद नीतियों, इसके विशद समाधान एवं टिकाऊ



ऊर्जा स्त्रोतों की ओर बढ़ने और ग्रीनहाउस गैसों की सांद्रता को कम करने के लिए पारिस्थितिकी तंत्र के सुधार की दिशा में वैश्विक स्तर पर उन्मुक्त एवं ईमानदारीपूर्वक पहल करने की आवश्यकता की बात कही। सरला बिरला विश्वविद्यालय के माननीय प्रतिकुलाधिपति बजय कुमार दलान, माननीय कुलपति प्रो सी जगनाथन एवं माननीय राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने इस वैश्विक सम्मेलन में एसबीयू की भागीदारी पर हर्ष व्यक्त किया एवं प्रो पाठक को शुभकामना संदेश प्रेषित किया है।

## दो पटमदा में तीन पंचायतों में सरकार आपके द्वार में महिलाओं की उमड़ रही भीड़



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के तीन पंचायत बिडरा, बांगुड़दा, कुमीर पंचायत और बोड़ाम प्रखंड के भुला और बेलडीह पंचायत में झारखंड सरकार द्वारा आम जनता को सरकार की जन लाभकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम किया गया है। पंचायत में जनप्रतिनिधियों के हाथों विभिन्न योजनाओं से जुड़े परिसंपति का वितरण किया गया। महिलाए मैया सम्मान योजना का फॉर्म भरने के लिए अधिक से अधिक संख्या में क्षेत्र में ग्रामीण इलाकों से धान कटनी छोड़कर शिविर में उपस्थित हो रही हैं। विधायक प्रतिनिधि चंद्र शेखर टुडू ने कहा कि योजनाओं को धरातल पर अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हेमंत सरकार का मुख्य उद्देश्य। कार्यक्रम में बीडीओ शशि नीलिमा डुंगडुंग, सीओ डॉक्टर राजेंद्र कुमार दास,पार्षद खगेन महतो, विधायक प्रतिनिधि चंद्र शेखर टुडू, सुभाष कर्मकार, मुखिया कल्याणी सिंह,काजल सिंह ,दीपक कोड़ा, उप मुखिया गोपाल गोराई, ग्राम प्रधान विकास महतो बोड़ाम प्रखंड में बीडीओ किकू महतो, सीओ रंजीत रंजन,विधायक प्रतिनिधि मानिक महतो सहित कई प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### समाजसेवी मंगल सिंह मुंडा ने पेश किया मानवता की मिसाल



**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के कुकडू प्रखंड क्षेत्र के मिलन चौक कुकडू मुख्य सड़क पर डाटम के तीखा मोड़ के पास अनियंत्रित बाइक सवार बीच सड़क पर गीर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे समाज सेवी मंगल सिंह मुण्डा ने मानवता का मिसाल पेश करते हुए तत्काल दोनों घायलों को तिरूलडीह स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाकर इलाज कराया, जिसमें एक युवक की हालत गंभीर होने से उसे एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर भेजवाया गया। घायलों में नीमडीह थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर निवासी प्रशांत मछुआ 22 एवं शिशि निवासी राजेश मछुआ 25 बताया जा रहा है।

### नीमडीह के लाकड़ी गांव में युवक की हत्या, झाड़ियों में मिला शव



**ईचागढ़ :** नीमडीह थाना क्षेत्र के लाकड़ी गांव स्थित मकलीकोचा टोला में एक युवक की हत्या से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। बीते शाम घर से निकले युवक का शव सोमवार की सुबह झाड़ियों में मिलने पर ग्रामीणों में दहशत व्याप्त हो गई। मृतक की पहचान सुखराम माझी के पुत्र सोनू मांझी के रूप में की गई है। मृतक के परिजनों के अनुसार सोनू मांझी रविवार की शाम को घर से बाहर निकला था, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। सुबह जब मृतक का भाई उसकी तलाश में निकला तो रास्ते में खून के धब्बे दिखाई दिए। खून के निशान का पीछा करते हुए वह झाड़ियों तक पहुंचा, जहां सोनू मांझी का शव पड़ा मिला।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार**

**प्रेस विज्ञप्ति**

Ankit Kumar Shukla, Piska More, Ratu Road, Ranchi संवेदक के द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना मद अंतर्गत पैकेज सं0 JH-LWE-LAT-07/2021-22 का कार्य कराया जा रहा है, जिसका एकरारनामा सं0 SBD-18/2022-23 है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ करने की तिथि 03.09.2022 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 02.09.2023 है, जो कार्य पूर्ण करने का समयावधी पूर्व में ही समाप्त हो चुका है। इस कार्यालय का पत्रांक 579 दिनांक 20.05.2023, पत्रांक 1182 दिनांक 09.11.2023 पत्रांक 144 दिनांक 12.02.2024 पत्रांक 1192 दिनांक 06.12.2024 एवं पत्रांक 144 दिनांक 07.02.2025 एवं प्रेस विज्ञप्ति के द्वारा कार्य पूर्ण करने हेतु लिखित आदेश देने के बाद भी आपके द्वारा अब तक कार्य पूर्ण नही किया गया है। एकरारनामा के शर्तो के अनुसार आपके एकरारनामा को विखण्डन एवं निबंधन को कालीसूची में डालने की कार्रवाई करने के पूर्व आपके द्वारा किये गये कार्यो का अद्यतन अंतिम मापी निम्न सूची के अनुसार दर्ज तिथि को संबंधित कनीय अभियंता एवं सहायक अभियंता द्वारा ली जायेगी। उक्त तिथि को आप या आपके द्वारा प्रतिनियुक्त प्राधिकृत प्रतिनिधि स्थल पर उपस्थित रहेंगें। अगर उपस्थित नही रहते हैं तो भी अंतिम मापी ले ली जायेगी जो आपको मान्य होगा एवं भविष्य में आपके द्वारा किया गया किसी प्रकार का दावा मान्य नही होगा।

| क्र0 | योजना का नाम | संवेदक का नाम | कार्य पूर्ण करने की तिथि | अंतिम मापी की तिथि | मापी करने वाले अभियंताओं का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 1. Const. & Maint of Road from Richuguta to Pesrar Road 2. H.L. RCC Bridge over Pano River in between Richughuta to Pesrar Road | अंकित कुमार, रॉची। | 30.03.23 | 03.12.2025 | श्री बिनकोष खेस्स, कनीय अभियंता। श्री अवधेष कुमार, सहायक अभियंता |

**एकरारनामा के समय दिये गये पते पर भी इसकी एक प्रति भेजी जा रही है।**

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार

PR 366950 REO(25-26).D


# कैरबेड़ा में सेवा का अधिकार सप्ताह के तहत विशेष शिविर में विधायक ने किया परिसंपत्ति का वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकरटांड :** प्रखण्ड के कैरबेड़ा पंचायत में सोमवार को सेवा का अधिकार सप्ताह के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिमडेगा विधायक सह जिला अध्यक्ष भूषण बाड़ा शामिल हुए। उन्होंने दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। शिविर में लगे स्वास्थ्य, कृषि, पशुपालन, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा, आवास, खाद्य आपूर्ति आदि विभागों के स्टॉल पर ग्रामीणों की लंबी कतारें लगी रहीं। मौके पर ग्रामीणों से आवेदन जमा किए गए और कई लाभुकों को तुरंत प्रमाण पत्र एवं स्वीकृतियाँ भी प्रदान की गईं। कार्यक्रम में विधायक भूषण बाड़ा ने लाभुकों को परिसंपत्ति, प्रमाण पत्र, चेक, साइकिल, छोटे बच्चों को स्वेटर,



धोतीझसाड़ी आदि का वितरण किया। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि सिमडेगा की मिट्टी और यहाँ के लोग उनका परिवार हैं। उन्होंने कहा कि पहले जनता सरकारी दफ़्तरों में भटकती थी, फाइलें लंबित रहती थीं और लोगों का समय बर्बाद होता था। लेकिन अब हालात बदल रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब सरकार आपके दरवाजे पर है। यह शिविर सरकार का नहीं आपका दरबार है। फैसले जनता की जरूरत के अनुसार होंगे। उन्होंने कहा कि बदलाव जनता की जागरूकता से आता है। महिलाओं और युवाओं की भूमिका की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि महिला शक्ति आज सिमडेगा को आगे ले जा रही है। पहले महिलाएँ योजना भरने आती थीं, आज योजना चलाती हैं। युवा अपने सपनों को छोटा मत होने दीजिए। सरकार आपके हुनर को पहचानने आई है। प्रशिक्षण, स्टार्टअप और रोजगार के हर अवसर आपके लिए खुले हैं।मौके पर कांग्रेस महिला जिला अध्यक्ष सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा, प्रमुख रजत लकड़ा, बीडीओ पाकरटांड निशा तिर्की, प्रखण्ड अध्यक्ष अजीत लकड़ा, सांसद प्रतिनिधि भूषण राम, उप प्रमुख फ्लोरा मिंज, मुखिया बिनीता खाखा, विधायक प्रतिनिधि अख्तर खान, निखिल बड़ा, पंचायत अध्यक्ष निलेश एक्का, संजय तिर्की, प्रतिमा कुजूर, शोभेन तिग्गा, सुचिता तिर्की सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।


**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी**
**(खेल शाखा)**
**(Email ID – dsokhunti2017@gmail.com)**

**डे बोर्डिंग हॉकी प्रशिक्षण केन्द्र, खूँटी जिला में अस्थाई प्रशिक्षक(दैनिक परिश्रमिक) के रिक्त पद हेतु विज्ञापन**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सरकार के सचिव, कला संस्कृति खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग झारखण्ड सरकार के अधिसूचना संख्या-2/खेल-1 कला- 15/2005 (अंश्स-2)-28 दिनांक-24.10.2014 द्वारा खूँटी जिलान्तर्गत स्वीकृत डे बोर्डिंग हॉकी प्रशिक्षण केन्द्र में से **1. डे बोर्डिंग हॉकी प्रशिक्षण केन्द्र (बालक) तोरपा, 2. डे बोर्डिंग हॉकी प्रशिक्षण केन्द्र (बालक), खूँटी, 3. डे बोर्डिंग हॉकी प्रशिक्षण केन्द्र (बालिका), उम्बुलबाहा, अड़की, एवं 4. डे बोर्डिंग हॉकी प्रशिक्षण केन्द्र (बालिका), मारंगहादा** में प्रशिक्षक के रिक्त पद हेतु आवेदन आमंत्रित कर मेधा सूची के आधार पर अस्थाई रूप से नियुक्त करने हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया जा रहा है। इच्छुक अभ्यर्थी जिला खेल पदाधिकारी, खूँटी के कार्यालय में **दिनांक 24.11.2025 से 03.12.2025** तक (कार्यालय अवधि में) आवेदन विहित प्रपत्र एवं सीलबन्द लिफाफे में अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं खेल संबंधित सर्टिफिकेट/विभिन्न खेल संघों द्वारा जारी प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र (स्वहस्ताक्षरित) के साथ जमा कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। अस्थाई क्रीड़ा प्रशिक्षक के रूप में नियुक्ति हेतु निम्नांकित अहर्त्ताएँ होनी चाहिए :-

| क्र0 | योग्यता | डे बोर्डिंग हॉकी प्रशिक्षण केन्द्र के प्रशिक्षक हेतु अहर्त्ताएँ | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | शैक्षणिक एवं खेल उपलब्धि | I. स्नातक उत्तीर्ण एवं भारतीय खेल प्राधिकरण अन्तर्गत संचालित National Institute of Sports से सर्टिफिकेट कोर्स / विभिन्न खेल संघों द्वारा जारी प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र(Level-C to A) /एम0पी0एड0/बी0पी0एड0/बी0पी0ई0 अहर्ताधारी को प्राथमिकता दी जायेगी। अथवा II. इंन्टरमीडिएट उत्तीर्ण एवं राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी/अर्न्तराष्ट्रीय खिलाड़ी अहर्ताधारी को प्राथमिकता दी जायेगी। | |
| 2 | उम्र सीमा | राज्य सरकार द्वारा निर्धारित उम्र सीमा (20-50 वर्ष) | |
| 3 | प्राथमिकता | संबंधित प्रशिक्षक को झारखण्ड राज्य का निवासी होना अनिवार्य है एवं खूँटी जिला के प्रशिक्षक को प्राथमिकता दी जायेगी। | |

**नियम एवं शर्तें :-**

1. उक्त चारो डे बोर्डिंग हॉकी प्रशिक्षण केन्द्र, खूँटी जिला में एक-एक (01) प्रशिक्षक की अस्थाई नियुक्ति की जायेगी, तथा खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड सरकार के द्वारा निर्धारित पारिश्रमिक राशि का भुगतान किया जायेगा।
2. प्रत्येक वर्ष प्रदर्शन के आधार पर प्रशिक्षक के प्रदर्शन का मूल्याकंन किया जायेगा, जिसके आधार पर उनकी सेवा समाप्त या नवीनीकरण किया जा सकेगा।
3. प्रशिक्षक की सेवा प्रति कार्य दिवस न्यूनतम 02 घंटे व अधिकतम 03 घंटे की होगी, सप्ताह में कम से कम 01 दिन (रविवार) का अवकाश होगा।
4. क्रीड़ा प्रशिक्षक खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड के नियमित कर्मी नहीं माने जायेंगे, न ही वे संविदा के आधार अथवा नियमित आधार पर नियुक्ति का दावा करने के पात्र होंगे।
5. स्क्रुटनी के पश्चात् योग्य आवेदकों को सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन (Certificate Verification) के लिए सुचित किया जायेगा।
6. आवेदक प्रपत्र ीजजचरूध्धीनदजपण्दपबण्पद से डाउनलोड किया जा सकता है। साथ ही जिला खेल कार्यालय, खूँटी के सूचना पट्ट पर आवेदन पत्र को देखा जा सकता है।

ह0/-
जिला खेल पदाधिकारी,खूँटी

PR 366913 (District)25-26*D

# मजहब का जिहादी जहर...कदम -कदम पर कहर

देश में आजादी से अब तक आतंकवाद नहीं रुक सका है। इस दौरान सभी सरकारों ने इस पर शिकंजा कसने के अथक प्रयास किए। वर्ष 1980 से आज तक भारत में लगभग 125 बड़े हमले हो चुके हैं। इन हमलों में हजारों लोग बेमौत मारे गए । यह हर बार अपने मंसूबों में कामयाब हो जाते हैं। इनकी ट्रेनिंग इतनी खतरनाक होती है कि वह अपनी जान की परवाह किए बिना किसी भी घटना को अंजाम दे देते हैं। दरअसल आतंकवादियों के लिए आतंक फैलाना हमेशा एक बड़ा व्यवसाय रहा है। आतंकवादी संगठन मजहब के नाम पर रोजाना सैकड़ों युवाओं को दलदल में खींच लेते हैं। मजहब के नाम पर कुर्बान होने के लिए उनके दिमाग में जहर भरा जाता है। दिल्ली में लाल किला के पास हालिया आतंकी हमले को अंजाम देने वाले वालों में डॉक्टर जैसे पढ़े-लिखे लोगों की लंबी कतार निकली।

इनमें एक आतंकी लखनऊ की डॉ. शाहीन सईद है। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार शाहीन 2015 में पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़ी थी। एक डॉक्टर के मन में इतना जहर कैसे हो सकता है, यह बड़ा सवाल है। आप जिस देश में रह रहे हो, उससे इतनी बड़ी गद्दारी कर रहे हो। जांच में पता चला कि वर्ष 2021 में एक रिश्तेदार ने डॉ. शाहीन को पति, बच्चे और नौकरी छोड़ने पर जब टोका तो उसने कहा था- परिवार और नौकरी में क्या रखा है। अपनों के लिए बहुत जी लिए। अब कौम का कर्ज उतारने का समय है। इसी वाक्य से बहुत कुछ तय हो जाता है। दुनिया में माना जाता है कि डॉक्टर का पेशा बहुत पवित्र होता है। यह पेशा लोगों की जान बचाता है। अगर ऐसे लोगों के मस्तिष्क बदला जा सकता है तो फिर किसी का भी संभव हैं। सवाल यही है कि आखिर इनके पास ऐसी कौन सी शक्ति है जो यह किसी को भी नियंत्रित कर लेती है। आखिर अमेरिका व अन्य शक्तिशाली देश भी इन पर नियंत्रण क्यों नहीं पा सके।

भारत सरकार ने अब तक 42 संगठनों को आतंकवादी संगठन घोषित किया है। विकीपीडिया के अनुसार, दक्षिण एशिया आतंकवाद पोर्टल ने भारत में संचालित होने वाले 180 से अधिक आतंकवादी समूहों को सूचीबद्ध किया है। इनमें से कुछ पड़ोसी देशों में भी सक्रिय हैं। आश्चर्य की बात है कि इनका देश में बैठे कुछ आस्तीन के सांप खुलेआम समर्थन भी करते हैं। जाकिर नाईक जैसे फर्जी धर्मगुरुओं ने धर्म परिवर्तन की दुकान खोलकर लाखों युवाओं को आतंकवाद में धकेलने का काम किया है। इस कड़ी में छांगुर बाबा जैसे अनेक मगरमच्छ भी जुड़े हैं। हर सरकार आतंकवाद पर शिकंजा कसने के लिए हर अथक प्रयास करती है और पूरी निगरानी भी रखती है फिर भी उनके मंसूबों को समय रहते भांप नहीं पाती। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत में लगातार जनसंख्या बढ़ रही है, इसलिए सभी पर नजर रखना बहुत मुश्किल है। इसलिए भारत सभी कट्टर इस्लामिक आतंकवादी संगठनों की निगाह में रहता है। हरियाणा के फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी के तार जुड़ने से नकारात्मक संदेश गया। तीन संदिग्ध डॉक्टरों की वजह से विद्यार्थियों पर भी गाज गिर रही है। यूनिवर्सिटी की मान्यता रद्द हो चुकी है। अब जितनी भी इस्लामिक यूनिवर्सिटी हैं उनको भी शक के घेरे में लिया जा रहा है। इस घटना से देश में सभी मुस्लिम डॉक्टरों को भी संदेह की नजर से देखा जाने लगा है। इस जिहादी मानसिकता को कैसे बदला जाए, इस पर गहन चिंतन की जरूरत है।

यह भी महत्वपूर्ण है कि सोशल मीडिया के दौर में संपर्क साधना बहुत आसान हो गया और आतंकवादी संगठन इसका जमकर फायदा उठा रहे हैं।इस खेल के चक्रव्यूह को भेदना आसान तो नहीं हैं लेकिन असंभव भी नहीं हैं। सोशल मीडिया पर देश विरोधी एजेंडा चलाने वालों पर कठोर कार्रवाई इसका प्रमुख हिस्सा हो सकती है।

## सूडोकु नवताल- 7624

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore


- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7623 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

# सांसों से बढ़कर दुनिया में कुछ है?

डॉ. प्रितम भि. गेडाम



मनुष्य के जीवन का आधार पर्यावरण है, अगर पर्यावरण सुरक्षित होगा तो ही, जीवसृष्टी का संरक्षण संभव हैं। हमारे आसपास के वातावरण में मौजूद आवश्यक तत्वों की मौजूदगी पर्यावरण का अमूल्य हिस्सा है, जैसे - हवा, पानी, धूप, पहाड़, नदियां, समुद्र, जंगल, पेड़-पौधे, पशु-पक्षी, जमीन, आकाश, धातु, खनिज, हिमखंड व अन्य मिलकर पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर पृथ्वी पर जीवन को संभव बनाते हैं। यह तत्व भी एक-दूसरे के पूरक होते है एवं हमारे जीवन के प्रत्येक गतिविधि पर असर डालते हैं। पर्यावरण हमारे लिए सबसे ज्यादा जरूरी है, इसकी रक्षा अर्थात मनुष्य जीवन की रक्षा है, परंतु कई बार विकास के नाम पर, भ्रष्टाचार, अपराध, लापरवाही और स्वार्थ के कारण हमारा पर्यावरण बेहद तेजी से बर्बाद हुआ हैं। जिसके कारण जानलेवा बीमारियों ने तेजी से पैर पसारे है और असमय मौत की घटनाओं में बेतहाशा वृद्धी हुयी हैं। अब बीमारियां उम्र के हिसाब से नहीं बल्कि प्रदूषण और खराब जीवनशैली के हिसाब से होती हैं। आज देश में शुद्ध हवा पानी भोजन और सुख-शांति से जीने के लिए पोषक वातावरण मिलना दुर्लभ हो रहा हैं। इसी समस्या के प्रति जागरूकता हेतु पर्यावरण बचाने के लिए हर साल 26 नवंबर को विश्व पर्यावरण संरक्षण दिवस पूरी दुनिया में मनाया जाता हैं।

हमारे देश में पाश्चात्य देशों की तुलना में बहुत अधिक प्रदूषण, लोगों में लापरवाही, अपराधवृत्ति, स्वार्थ और सहने की आदत हैं। हमारे आसपास के छोटे-छोटे देश भी पर्यावरण के संरक्षण में हमसे आगे है, उदाहरण के लिए भूटान देश अपने प्राकृतिक सौंदर्य को बेहतर ढंग से संजोकर आगे बढ़ रहे है, जिसका असर वहां के नागरिकों के सेहत पर भी नजर आता हैं। विकसित राष्ट्रों में सख्त नियम-कानून का कड़ाई से पालन किया जाता है, ताकि पर्यावरण को नुकसान न हों, पर्यावरण संरक्षण के प्रति वहां सरकार सख्ती से पेश आती है और जनता को भी परेशानी न हों, उसका भी खास ख्याल रखा जाता है, संभावित विविध पयार्यों का क्रियान्वयन किया जाता हैं। ऐसे माहौल में जनता भी सरकार के पर्यावरण और स्वास्थ्य पूरक बेहतर कार्यों में पूरा सहयोग देती है, इसके मुकाबले हम आज भी बहुत पिछड़े हुए नजर आते है, जीवन के लिए सबसे आवश्यक शुद्ध वातावरण है, लेकिन हम आज भी पर्यावरण को खराब करने पर तुले हुए हैं। जागरूकता केवल दिन विशेष पर और दिखावे के लिए की जाती है, ऐसा अक्सर प्रतीत होता हैं।

हमारे शहरों से बहने वाली अधिकाधिक नदियों का स्वरूप नालों की भांति नजर आता है, अरबों रुपये खर्च कर नदियों के स्वच्छता के दावो की सच्चाई भी हम देखते है, भ्रष्टाचार और लीपापोती का साम्राज्य पर्यावरण को तेजी से बर्बाद कर रहा हैं। स्विस कंपनी आयक्यूएअर द्वारा जारी वर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट 2024 में भारत को दुनिया का पांचवा सबसे प्रदूषित देश बताया गया है। दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी हैं। दुनिया के 10 सबसे प्रदूषित शहरों में से 6 और शीर्ष 20 में से 13 शहर भारत में हैं। हाल ही के अध्ययन अनुसार, एयर पॉल्यूशन से भारत में हर साल 1.7 मिलियन से 2 मिलियन लोगों की मौत होती हैं। स्टेट ऑफ ग्लोबल एयर 2025 रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में करीब 2 मिलियन मौतें और 2022 की लैंसेट रिपोर्ट के मुताबिक 1.7 मिलियन से ज्यादा मौतों का अंदाज हैं। आउटडोर और इनडोर एयर पॉल्यूशन की वजह से दिल की बीमारी, स्ट्रोक और सीओपीडी जैसी नॉन-कम्युनिकेबल बीमारियों से होने वाली मौतें होती हैं। इसी प्रकार जल प्रदूषण, प्लास्टिक प्रदूषण, मृदा प्रदूषण और अस्वच्छता के कारण बड़ी मात्रा में असमय मासूम जिंदगियां छीन जाती है, साथ ही बीमारियों का जंजाल तन-मन के साथ-साथ जीवन के हर स्थिति पर गंभीर आघात करता हैं। रेडियोधर्मी प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, तापीय प्रदूषण, प्रकाश प्रदूषण हमें मौत के आगोश में धकेलता हैं।

हमारे देश में जब तक लोग जागरूक नहीं होंगे तब तक ये व्यवस्था नहीं सुधरेंगी। पर्यावरण के रक्षा के लिए स्वार्थ और लालच छोड़कर अनमोल जीवन की कीमत समझनी होंगी। अनाज के लिए हानिकारक रसायनों के उपयोग को खत्म करके जैविक खेती को अपनाना समय की मांग है, हम अपने आसपास रोज पर्यावरण और स्वास्थ्य प्रणाली को नुकसान पहुंचानेवाले घटनाओं को देखते है, लेकिन ऐसी समस्याओं पर अधिकतर लोग अपने कर्तव्य को निभाने की कोशिश भी नहीं करतें। आवश्यकता, मांग के नाम पर शहरों से जमीन गायब होकर सीमेंट में तब्दील हो रही है, पनपने के लिए पर्याप्त मिट्टी न होने के कारण शहरों में पेड़ कम हो रहे है, बरसात के मौसम में हल्की हवा से बचे हुए चंद पेड़ भी सड़कों पर उखड़कर गिर जाते हैं। बारिश का पानी सोखने के लिए शहरों में जमीन नजर नहीं आती। जल्द ही अकाल या बाढ़ की स्थिति बन जाती है, तापमान लगातार बढ़ रहा है, ऋतुओं का चक्र बिगड़ रहा है, जिससे लगातार फसलों को नुकसान पहुंचता है, मानवीय शरीर कमजोर हो रहा हैं। अक्सर देखते है कि, सड़कों पर नल का पानी बहता है, दिन में सड़कों के पथदीप शुरू रहते है, लोग बेखौफ सड़कों के किनारे कचरा फेंकते है, खुले में कचरा जलाते है, राह चलते थूकते जाते हैं। प्रतिबंधित प्लास्टिक का धड़ल्ले से उपयोग होता है, कारखानों का घातक रासायनिक जल खुले में या खेतों में छोड़ा जाता है, नदियों में कचरा डालते है, बायोमेडिकल कचरा और यांत्रिकी कचरे का योग्य पद्धति से निपटान नहीं करते है, सीमित प्राकृतिक संसाधनों और ईंधन का अत्यधिक प्रयोग पर्यावरण के साथ संपूर्ण जीवसृष्टि के लिए खतरा बन रहा हैं। अस्वच्छता के कारण बीमारियों का साम्राज्य भी चरम पर होता हैं। अपशिष्ट के पुनर्चक्रण प्रणाली को गति नहीं मिल रही। बिना डर के मिलावटखोरी चलती है, अधिकतर बस्तियों, सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी का आलम बरकरार दिखता हैं। लोगों को आँगन में पेड़ की जगह एक अधिक कमरा चाहिए, हर तरफ सड़कों, गलियों में अतिक्रमण नजर आता हैं।

पर्यावरण को बचाने और अपनी सेहत को स्वस्थ रखने के लिए हम जितना संभव हो सके पैदल चलकर, साइकिल चलाकर या सार्वजनिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करके कार्बन फुटप्रिंट कम कर सकते हैं। घरों या संस्थानों में ग्रीन ऊर्जा का प्रयोग कर सकते है, पुनर्चक्रण के द्वारा वस्तुओं का फिर से इस्तेमाल कर सकते हैं। प्लास्टिक के बजाय उसके अन्य पर्याय पर ध्यान दें, सिंगल-यूज प्लास्टिक प्रयोग से बचें। बचे हुए खाद्य को फेंकने के बजाय उनसे कम्पोस्ट बनाएं और सस्टेनेबल सोर्स से बने प्रोडक्ट, इको-फ्रेंडली सफाई प्रोडक्ट इस्तेमाल करें, स्वच्छता भागीदारी बढ़ाएं, अधिकाधिक पेड़ लगायें।

मनुष्य अपनी असीमित आकांक्षाओं और जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्यावरण के रक्षा के बजाय उसका दोहन कर रहा हैं। मनुष्य से बेहतर तो पशु-पक्षी, जानवर, जीव-जंतु है, जो प्रकृति को बचाने में अनमोल भूमिका निभाते हैं। हमें अपना आलस और स्वार्थ छोड़कर पर्यावरण की रक्षा और अपनी सुरक्षा की जिम्मेदारी बखूबी निभानी होंगी, यह सुन्दर, स्वच्छ, अनुकूल पर्यावरण बचेगा, तभी हम पृथ्वी पर आराम से जी पायेंगे, यह सच्चाई सबने समझनी होंगी। जैसे प्रकृति हमें निस्वार्थ भाव से हमेशा देती जाती है, उसी प्रकार हमें भी उसका ख्याल रखना जरुरी बन जाता हैं। पैसों से हम सांसे नहीं खरीद सकते, जीवनावश्यक संसाधनों की पूर्ति प्रकृति द्वारा ही होती हैं। मनुष्य पर्यावरण से छेड़छाड़ करने से बचें, वरना प्रकृति अपना विनाशकारी रौद्र रूप दिखा ही रही हैं। जो वस्तु हमें सहज उपलब्ध होती है, जैसे - शुद्ध हवा, पानी, सूर्यप्रकाश, पोषक भोजन, पेड़-पौधे, हरियाली पर प्रत्येक मनुष्य, प्राणी, जीवजंतु का समान अधिकार है, इसे दूषित नहीं करना, बल्कि इसका संरक्षण करना हैं।

# कांग्रेस की अंदरूनी जंग ढाई साल का रोटेशन फॉर्मूला अब बना संकट



अजय कुमार

कर्नाटक की राजनीति में पिछले कुछ दिनों से उठ रहा तूफान अब स्पष्ट रूप से दिखाने लगा है कि राज्य की सत्ता के शीर्ष पर खींचतान किस हद तक पहुँच चुकी है। 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को प्रचंड जीत मिली थी। कांग्रेस ने 224 में से 135 सीटों पर कब्जा किया था जबकि भाजपा 66 सीटों और जेडीएस 19 सीटों पर सिमट गई थी। जीत के बाद कांग्रेस ने राज्य में सरकार तो बना ली, लेकिन सत्ता के असली खेल की बिसात उसी दिन से बिछनी शुरू हो गई थी, जब मुख्यमंत्री की कुर्सी पर सिद्धारमैया को बिठाया गया और डीके शिवकुमार को डिप्टी सीएम बनाकर इस उम्मीद पर रखा गया कि ढाई साल बाद उनकी बारी आएगी। इसी ढाई साल के रोटेशन फॉर्मूले की घड़ी अब पास आ चुकी है। सिद्धारमैया के कार्यकाल के ढाई साल पूरे होने पर शिवकुमार के समर्थकों ने पार्टी नेतृत्व पर दबाव बढ़ाना शुरू कर दिया है। उनके करीबी विधायकों का बिना पूर्व निर्धारित समय लिए दिल्ली पहुँचना और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मिलने की कोशिशें इसी दबाव राजनीति का हिस्सा माना जा रहा है। इस मुलाकात के वायरल हुए फोटो और वीडियो ने कर्नाटक में सियासी उथल-पुथल को और तेज कर दिया है।

राज्य में सत्ता परिवर्तन की अटकलों के बीच मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने अपने तेवर साफ कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि कर्नाटक को पाँच साल का जनादेश मिला है और वह पाँच साल का कार्यकाल पूरा करेंगे। उन्होंने मीडिया में चल रही नवंबर क्रांति की चचाओं को हवा बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में सरकार स्थिर है और अगले साल का बजट भी वही पेश करेंगे। सिद्धारमैया का यह बयान साफ दिखाता है कि वह कुर्सी छोड़ने के मूड में नहीं हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि सिद्धारमैया कर्नाटक के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने का रिकॉर्ड अपने नाम करना चाहते हैं और उनके लिए यह अवसर बेहद अहम है।दूसरी तरफ शिवकुमार धैर्य के साथ हाईकमान के फैसले का इंतजार करते हुए भी अपनी दावेदारी मजबूत करने का हर अवसर साध रहे हैं। वह वोक्कालिगा समुदाय के सबसे बड़े नेता हैं, दक्षिण कर्नाटक में उनकी पकड़ बेहद मजबूत है। हालांकि 2024 के लोकसभा चुनाव में इस समुदाय के कुछ हिस्सों का रुख भाजपा की ओर दिखा, लेकिन राज्य संगठन में शिवकुमार की पकड़ कम नहीं हुई। वह कांग्रेस के संकटमोचक नेता के तौर पर अपनी अलग पहचान रखते हैं। मध्य प्रदेश, गोवा और गुजरात जैसे राज्यों में कांग्रेस संकटों के दौरान उनकी सक्रियता और रणनीति को पार्टी के भीतर बड़ी ताकत माना जाता है।

यही वजह रही कि 2023 कर्नाटक चुनाव से ठीक पहले सीबीआई और ईडी के दबाव के बावजूद वह डटे रहे और चुनावी जीत के बाद सिद्धारमैया के साथ सत्ता की इस नई कहानी की शुरूआत हुई।

लेकिन इस कहानी में हमेशा से एक अनकहा संघर्ष रहा, जो अब खुलकर सामने आ चुका है। शिवकुमार का यह कहना कि कोई भी पद स्थायी नहीं होता, मैं लाइन में पहले नंबर पर हूँ उनकी महत्वाकांक्षा की खुली घोषणा है। वह लगातार अपने समर्थकों को भरोसा दे रहे हैं कि उनकी बारी आएगी। लेकिन कब आएगी, यही सवाल कर्नाटक की राजनीति को इस समय बेचैन कर रहा है। कांग्रेस हाईकमान अब इस बेचैनी को संभालने में उलझा हुआ है। भाजपा इस पूरी स्थिति को कांग्रेस का अंदरूनी संकट बताते हुए हमलावर हो चुकी है। विपक्ष का आरोप है कि सत्ता संघर्ष की वजह से प्रशासनिक कामकाज बुरी तरह प्रभावित हुआ है। ठेकेदारों ने दावा किया है कि लगभग 33,000 करोड़ रुपये के भुगतान में देरी हो रही है। इसका असर विकास परियोजनाओं पर साफ दिखाई देता है। भाजपा नेताओं ने कांग्रेस सरकार पर यह भी आरोप लगाया है कि प्रदेश की जनता को राहत देने की योजनाएँ सिर्फ कागजों में चल रही हैं जबकि जमीन पर विकास ठप पड़ा है।कांग्रेस के भीतर बढ़ती बेचैनी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि कई विधायक यह मानते हैं कि स्थिति अगर ऐसी ही रही तो 2028 के चुनाव में इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेता खुले तौर पर हाईकमान से यह आग्रह कर चुके हैं कि स्थिति स्पष्ट की जाए और मुख्यमंत्री पद को लेकर चल रही रस्साकशी खत्म की जाए। आंतरिक बैठकों में इस बात पर सहमति बनी है कि पार्टी का संदेश एकजुटता का होना चाहिए न कि सत्ता संघर्ष का।

सवाल यह भी है कि अगर हाईकमान सिद्धारमैया को हटाने का जोखिम नहीं लेता, तो क्या शिवकुमार सख़्त कदम उठा सकते हैं? उनके बयान अक्सर यह संकेत देते हैं कि वह पार्टी से इतर निर्णय से खुद को नहीं जोड़ते, लेकिन राजनीति में कुछ भी असंभव नहीं होता। महाराष्ट्र मॉडल की कई बार चर्चा हो चुकी है, जहां सरकारें रातों-रात पलट चुकी हैं। शिवकुमार के भाजपा से बेहतर संबंधों की भी कई बार चर्चा होती रही है। उनके खिलाफ दर्ज मामलों की मौजूदगी और एजेंसियों की सक्रियता को लेकर भी राजनीतिक संकेत निकाले जाते हैं। इसलिए अगर कांग्रेस की इस अंदरूनी लड़ाई में भाजपा अवसर तलाशती है तो यह किसी को चकित नहीं करेगा।कहा जाता है कि सिद्धारमैया और शिवकुमार के बीच समझौता ही कांग्रेस की जीत की नींव था। लेकिन अब वही समझौता कांग्रेस की सत्ता को डस्टेबलाइज कर रहा है। हाईकमान के सामने एक तरफ सिद्धारमैया की ओबीसी राजनीति है, तो दूसरी तरफ शिवकुमार की संगठनात्मक पकड़ और वोक्कालिगा वोटबैंक। दोनों नेताओं की अपनी मजबूती और अपनी-अपनी सीमाएँ हैं। ऐसे में किसी भी पक्ष को नाराज करना कांग्रेस के लिए जोखिम भरा होगा।

बेंगलुरु में हवा यह कह रही है कि आने वाले दिनों में कुछ बड़ा होने वाला है। अगर सिद्धारमैया को हटाया जाता है तो वह इसे अपनी राजनीतिक विरासत के खिलाफ कदम मान सकते हैं और नाराजगी खुलकर सामने आ सकती है। वहीं अगर शिवकुमार की दावेदारी को टाल दिया गया तो उनके समर्थक इसे वादाखिलाफी मानकर सड़कों पर उतर सकते हैं। कांग्रेस के भीतर उठती यह लहर आने वाले महीनों में सुनामी भी बन सकती है।राज्य की जनता को उम्मीद थी कि प्रचंड बहुमत से मिली सरकार विकास की नई इबारत लिखेगी। लेकिन आज हालत यह है कि राज्य की राजनीति कुर्सी के लिए टकराती दो आकांक्षाओं में उलझी पड़ी है। कांग्रेस हाईकमान के लिए इस संघर्ष को सुलझाना जितना जरूरी है, उतना ही मुश्किल भी।

# कृत्रिम मेधा का महत्व और दरकते-जुड़ते रिश्ते

हरीश शिवनानी

बात इसी साल सितंबर की है। एक छोटे देश अल्बानिया ने एक कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) डिएला को स्त्री रूप देकर उसे अपनी केंद्रीय सरकार में कैबिनेट मंत्री बना दिया और दुनिया में मनुष्य बनाम तकनीक को लेकर एक बहस की शुरूआत कर दी। इस बहस के बीच ही जापान की 32 वर्षीय ऐमी कैनो ने नवंबर में अपने प्रेमी से लंबे ब्रेकअप के बाद चैटजीपीटी क्लॉस से विवाह कर बहस को नया आयाम दे दिया है। कैनो ने विवाह करने के लिए एआई पर्सोना को अपने स्वानुकूल बनाया।आवाज, टोन, पर्सनेलिटी तय कर डिजिटल इमेज भी बनाई और उसे नाम दिया क्लॉस। इतना ही नहीं, उसने विवाह समारोह का आयोजन भी किया। यह कार्यक्रम नाओ और सायाका ओगासावारा ने आयोजित किया, जो '2 डी कैरेक्टर वेडिंग्स' करवाने में विशेषज्ञ हैं यानी वर्चुअल या फिक्शनल पार्टनर से शादी करने वाले लोगों के लिए समारोह।

यह मामला तकनीक के अलावा सामाजिक और मनोवैज्ञानिक दृष्टि से काफी दिलचस्प है। इसके कई चिंतनीय पहलू हैं। प्रश्न यह है कि क्या तकनीक अब पति-पत्नी जैसे नितांत निजी और अंतरंग मामले में भी मनुष्य का विकल्प बनने जा रही है? कैनो का क्लॉस से प्रतीकात्मक विवाह पहला मामला नहीं है। पुरुष या स्त्री रूप बने एआई/रोबोट/होलोग्राम के बीच ऐसे विवाह के अन्य मामले भी हैं। यह कानूनी रूप से मान्य नहीं होते, लेकिन भावनात्मक रूप से व्यक्ति के लिए गहन होते हैं। 2017 में चीन के इंजीनियर झेंग जियाजिया ने खुद एक रोबोट यिंगयिंग बनाया और उससे विवाह कर लिया। 2018 में जापान के अकीहिको कोन्डो ने वर्चुअल पॉप स्टार हत्सुने मिकु (एक होलोग्राफिक एआई चरित्र) से तो 2023 में अमेरिकी रोसाना रैमोस ने रेप्लिका ऐप पर बनाए गए चैटबॉट एरेन कार्टल से वर्चुअल मैरिज की।

अमेरिका में ही 2025 में ट्रेविस नामक व्यक्ति ने चैटबॉट लिली रोज से डिजिटल समारोह में विवाह किया। इसी तरह अलाईना विंटर्स ने भी एक रोबोट लुकास से विवाह किया। इन विवाहों से सवाल भी उभरते है कि आखिर वह कौन-सी दुनिया है जिसमें इनसान मशीन के पास सुकून खोजने को मजबूर हो जाता है? वह कौन-सा जीवन है जहां लोग इतने अकेले हो चुके हैं कि उन्हें एक डिजिटल साथी के सामने दिल खोलना आसान लगता है? ऐसे विवाह करने वाले सभी लोगों के तर्क में एक सामान्य बात थी कि वे इस भरी दुनिया में बेहद अकेलापन महसूस कर रहे थे और वर्चुअल रूप से उन्हें एक परफेक्ट पार्टनर मिल गया है। दरअसल इन घटनाओं को सतह से नहीं, भीतर से देखने की जरूरत है। कभी मानव समाज का स्वरूप वृहद था, लोग एक ही छत के नीचे रहते थे, सब आत्मीय रिश्तों की डोर से बंधे थे।आगे चलकर विवाह का अर्थ बदल गया। रिश्तों का केंद्र साथीपन बन गया, जिसमें अपनेपन की तलाश, भावनात्मक सहारा, दर्द और थकान को साझा करने की अपेक्षाएं थीं, लेकिन आधुनिक दुनिया इस साथीपन को धीरे-धीरे खोखला भी करती गई।

समय की कमी, अस्थिर रोजगार, असुरक्षा का भाव, संत्रास, कुंठा, अवसाद, महानगरों का अजनबीपन सब मिलकर ऐसा माहौल बना रहे हैं,जहां रिश्तों का बंधन निभाने का धैर्य कम होता जा रहा है। उनकी दिनचर्या में लोगों से संपर्क तो है, पर संबंध नहीं, आत्मीयता तो कतई नहीं। ऐसे माहौल में मन ऐसी उपस्थिति खोजने लगता है जो थकती न हो, शिकायत न करे, गायब न हो जाए। ये विवाह उस खालीपन की तरफ ही इशारा करते हैं जिसे भरने के लिए हर कोई अलग राह चुनता है। इसी आधुनिक जीवन का एक पथ तकनीक से भी होकर गुजर रहा है। ये घटनाएं सिर्फ ह्यअनूठी खबरह्ण मात्र नहीं है, बल्कि समाज शास्त्र के एक बड़े बदलाव की ओर संकेत करती हैं- जहां मानव संबंधों की पारंपरिक धारणाएं बदल रही हैं। करीब तीन साल पहले इजराइल के प्रोफेसर समाजशास्त्री एलियाकिम किस्लेव ने किताब लिखी- ह्यरिलेशनशिप 5.0: हाऊ एआई,वीआर एंड रोबोट्स विल रिशेप अवर इमोशनल लाइव्सह्ण। यह किताब मानव संबंधों के इतिहास को तकनीकी विकास के चश्मे से देखती है। विकास का पहला चरण प्रागैतिहासिक काल से शुरू होता है। नवीनतम चरण 21वीं शताब्दी का है, जहां यांत्रिक बुद्धिमत्ता, वर्चुअल रियलिटी और रोबोट्स संबंधों का केंद्र बन रहे हैं। तकनीक अब सिर्फ उपकरण नहीं, बल्कि आधुनिक दौर में मशीनें ह्यभावनात्मक साझेदारह्ण बन रही हैं। वे कहते हैं, ह्लतकनीक अब हमारा नया जीवन साथी है।ह्व ये ह्यडिजिटल साथीह्ण भावना अकेल जीवन बिताने वालों के लिए एक वैकल्पिक सहारा बन रहे हैं। मशीनी साथी, खासकर चैटबोट, ऐसी प्रतिक्रियाएं देते हैं जो सहानुभूति युक्त, स्थिर और प्रशंसात्मक हो सकती हैं। यह व्यवहार ह्यएम्पैथिक रीफ्लेक्टिंग साथीह्ण जैसा हो सकता है- जो व्यक्ति को यह महसूस कराता है कि उसकी भावनाओं को समझा गया है और वे एआई के साथ गहरा आत्मीय रिश्ता महसूस करने लगते हैं। इतना सब होने के बावजूद यह बिंदु भी गौरतलब है कि ये रिश्ते पारंपरिक सामाजिक संरचनाओं को चुनौती देते हैं, इनके जोखिम भी बहुत हैं। लंबा भावनात्मक रिश्ता सामाजिक हानि में बदल सकता है। ये रिश्ते भविष्य में लैंगिक अनुपात को तो असंतुलित तो करेंगे ही, पारिवारिक संस्था के विघटन से सामाजिक अलगाव भी ज्यादा नजर आएंगे।

## दैनिक पंचांग

25 नवम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृश्चिक में | धनु | 08.00 बजे से |
| चंद्र | मकर में | मकर | 10.05 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | कुंभ | 11.52 बजे से |
| बुध | तुला में | मीन | 13.25 बजे से |
| गुरु | कर्क में | मेष | 14.55 बजे से |
| शुक्र | तुला में | वृष | 16.35 बजे से |
| शनि | मीन में | मिथुन | 18.33 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कर्क | 20.47 बजे से |
| केतु | सिंह में | सिंह | 23.03 बजे से |
| राहुकाल 3.00 से 4.30 बजे तक | | कन्या | 01.15 बजे से |
| | | तुला | 03.26 बजे से |
| | | वृश्चिक | 05.40 ब.से |

मंगलवार 2025 वर्ष का 329 वा दिन
दिशाशूल उत्तर ऋतु हेमन्त।
विक्रम संवत् 2082 शक संवत् 1947
मास मृगशीर्ष पक्ष शुक्ल
तिथि पंचमी 22.58 बजे को समाप्त।
नक्षत्र उत्तराषाढ़ा 23.58 बजे को समाप्त।
योग गण्ड 12.50 बजे को समाप्त।
करण बव 10.13 बजे तदनन्तर बालव 22.58 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 4.7 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 20° 45'
सूर्य दक्षिणायन
कलि अहर्गण 1872539
जूलियन दिन 2461004.5
कलियुग संवत् 5126
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2552
हिजरी सन् 1447
महीना जमादि उस्सानी
तारीख 03
विशेष विवाह पंचमी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उपायुक्त ने किया निरीक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** ज़िले में सोमवार को उपायुक्त मनीष कुमार के द्वारा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पाकुड़ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ड्यूटी पर तैनात महिला चिकित्सा पदाधिकारी से उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, प्रतिदिन आने वाले मरीजों की संख्या तथा सभी यूनिटों के कार्य संचालन की विस्तृत जानकारी ली। इस क्रम में सिविल सर्जन, जिला भीवीडी पदाधिकारी एवं जिला शहरी स्वास्थ्य प्रबंधक द्वारा उपायुक्त को अवगत कराया गया कि केंद्र का ठदअर के लिए मूल्यांकन कराया जाना है। किंतु फार्मासिस्ट एवं प्रयोगशाला प्राविधिक के अभाव में– प्रयोगशाला सेवाएँ,दवा भंडार एवं वितरण प्रणाली दोनों प्रभावित हो रहे हैं, जिससे NQAS की तैयारी में बाधा उत्पन्न हो रही है। स्थिति से अवगत होने के बाद उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग को स्पष्ट निर्देश दिया कि ठदअर मानकों के अनुरूप उपलब्ध मानव संसाधन के नियम एवं मार्गदर्शिका को ध्यान में रखते हुए आवश्यक मैनपॉवर की नियुक्ति शीघ्रातिशीघ्र सुनिश्चित की जाए, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की व्यवधान न उत्पन्न हो तथा मूल्यांकन प्रक्रिया सुचारू रूप से संपादित की जा सके।

## मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत कौशल विकास केन्द्र, हिरणपुर का उपायुक्त ने किया निरीक्षण



**पाकुड़ :** ज़िले के उपायुक्त मनीष कुमार द्वारा हिरणपुर स्थित कौशल विकास केन्द्र मोहनपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों से बातचीत की और विभिन्न ट्रेड की प्रगति की जानकारी ली। उपायुक्त ने प्रशिक्षण केन्द्र की स्वच्छता, अनुशासन, एवं शैक्षणिक व्यवस्था का विस्तृत मूल्यांकन किया। परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी आवश्यकताओं की जानकारी ली। प्रशिक्षकों एवं कर्मियों से प्रशिक्षण की गुणवत्ता, उपस्थित विद्यार्थियों की प्रगति तथा प्लेसमेंट गतिविधियों से संबंधित जानकारी प्राप्त की। उपायुक्त ने कम्प्यूटर एवं इंग्लिश का प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया। **प्लेसमेंट गतिविधि पर विशेष जोर** उन्होंने कहा कि सभी प्रशिक्षित विद्यार्थियों को बेहतर प्लेसमेंट उपलब्ध कराना मुख्यमंत्री सारथी योजना का मुख्य उद्देश्य है। इस दिशा में शीघ्र और प्रभावी कार्रवाई करने को कहा गया। निरीक्षण के उपरांत केन्द्र पर उपस्थित विद्यार्थियों एवं जरूरतमंद लाभुकों के बीच कम्बल का वितरण भी किया गया।

# अंबेडकर भवन में मूलनिवासी संघ जिला इकाई की बैठक संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** आगामी 26 नवम्बर को संविधान दिवस कार्यक्रम को लेकर शहर के दहिया टोला स्थित अंबेडकर भवन में मुलनिवासी संघ के साहिबगंज जिला ईकाई की बैठक हुई। बैठक में संविधान दिवस पर पथ संचलन एवं संविधान पर विचार गोष्ठी के आयोजन का निर्णय लिया गया। पथ संचलन कार्यक्रम में मुलनिवासी संघ, बामसेफ, अंबेडकर संस्था दहिया टोला, डॉ अंबेडकर सेवा संस्था सकरोगढ, भीम आर्मी, अनुसूचित जाति कल्याण समिति तीनपहाङ, नगर परिषद कर्मचारी शामिल होंगे। सुबह 10 बजे दहिया टोला स्थित अंबेडकर भवन के प्रांगण से पथ संचलन निकलकर बड़तल्ला, चर्च होते हुए रेलवे नार्थ कॉलोनी, रेलवे जेनरल इंस्टीट्यूट, कलिंगा होटल, गांधी चौक, नगर परिषद परिसर स्थित बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेगी। वहां से निकलकर पटेल चौक, रेलवे स्टेशन, ग्रीन होटल मोड़, कुलीपाड़ा दुर्गा स्थान होते हुए पुनः दहिया टोला स्थित अंबेडकर भवन पहुंच कर पथ संचलन संपन्न होगा। 12 बजे संविधान पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। मुलनिवासी संघ ने अपील किया कि संविधान समर्थक सभी संस्था संविधान दिवस पर पथ संचलन कार्यक्रम एवं संविधान पर विचार गोष्ठी कार्यक्रम में शामिल हो। बैठक में बालदेव उरॉव, अनिल पासवान, फुलकुमार रजक, चंद्रशेखर मंराडी, अनुप लाल हरि, छोटेलाल पासवान, शंभू पासवान, पशुपतिनाथ मंडल, राजकुमार राम, शेखर पासवान, रामाशिष यादव, कृष्ण देव मंडल, श्याम दास, वीरेन्द्र मंडल आदि मौजूद थे।

# गुमानी के रैयतों ने कृषि भूमि बचाव को लेकर यादवनगर गांव में की बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिला के बरहरवा प्रखण्ड के यादवनगर गांव में रविवार शाम 5 बजे मो कमाल के भवन परिसर में रैयतों की एक बैठक अध्यक्ष कामरेड असगर आलम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में रैयतों के इलावे गांव के विशिष्ठ लोग भी उपस्थित थे। श्रीकुण्ड से शिबापहाड़ तक वाया मधुवापाड़ा, आगलोई, हस्तीपाड़ा, जुहीबोना रोड़ का चौड़ीकरण व मजबूतीकरण के नाम पर तीन फसली सिंचित जमीन पर पथ प्रमण्डल साहेबगंज चिह्नित करने का काम किया। जिसपर सभी रैयतों के आपत्ति है तथा इसके विरोध स्वरूप उपायुक्त, अपर समाहर्ता, भू-अर्जन पदाधिकारी, एवं कार्यपालक अभियंता को विरोध एवं अपत्ति पत्र दिया गया है। इसके बावजूद विभाग से रैयतों को किसी प्रकार की जानकारी नहीं दी गई हैं। प्रशासन की इस प्रकार की अड़यल रैयवा को देखते हुए रैयतों एवं ग्रामीणो ने विभिन्न गांवों में एकता-बध होकर इसका विरोध दर्ज करने हेतु विभिन्न प्रकार की रुप रेखा पर चिंतन-मंथन किया। इसी कड़ी में यादवनगर में भी एक बैठक संपन्न हुई। जिसमें उपस्थित सभी रैयतों ने एकमत से निर्णय लिया कि, चिह्नित जमीन पर किसी भी प्रकार का कार्य होने नहीं देंगे, इसके लिए हमें जंग-जुसंघर्ष करना पड़े तो हम करेंगे, सर्व-सहमति से न्यायलय की सरण लेने की बात भी तय हुई, तीन फसली सिंचित भूमि पर सड़क निर्माण हेतु विभाग ने रैयतों को न कोई जानकारी दिया और न ग्राम-सभा का आयोजन किया।

# अनुकंपा पर नियुक्ति के लिए मंत्री ने बांटा नियुक्ति पत्र



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम :** जिला के प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय में सोमवार को अनुकंपा के आधार पर चुने गए कर्मियों में नियुक्ति पत्र बांटा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर परिवहन मंत्री दीपक बिरुवा शा ?मिल हुए। उन्होंने सभी चयनित कर्मियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। इस मौके पर आयुक्त नेलसम एयोन बागे, उपायुक्त चंदन कुमार और उप विकास आयुक्त संदीप कुमार मीणा भी उपस्थित थे। नियुक्ति पत्र वितरण के दौरान मंत्री कहा कि सरकार आपके द्वार के तहत राज्य सरकार लोगों तक उनके अधिकार और सुविधाएं पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने अनुकंपा नियुक्ति को मुश्किल समय से गुजर रहे परिवारों के लिए एक अहम सहारा बताते हुए कहा कि ऐसी नियुक्तियां प्रभावित परिवारों को नई उम्मीद और स्थिरता प्रदान करती हैं। नव-नियुक्त कर्मियों को उनके संबंधित पदों और स्थानों पर पदस्थापित करते हुए नियुक्ति पत्र सौंपा गया। इनमें निम्नवर्गीय लिपिक पद पर विनोद कुमार पाल, कविता हेम्ब्रम ,काजल महाराणा, शिवशंकर मुर्मू ,संदीप कुमार बेहरा, शिव सुंदर लेयांगी और समीर कुमार नायक शामिल हैं। इसके अलावा मालती सिंह को जमशेदपुर सदर बाल विकास परियोजना में अनुसेवक के पद के लिए नियुक्ति पत्र दिया गया। कार्यक्रम में आयुक्त कार्यालय के सचिव अजय कुमार, अपर उपायुक्त प्रवीण केरकेट्टा, सदर एसडीओ संदीप अनुराग टोप्पो सहित कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

# जिले में किया गया पुरुष नसबंदी अभियान का शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** पुरूष नसबंदी अभियान का आज दिनांक 24.11.2025 को जिला परिषद अध्यक्ष सूधा देवी एवं सिविल सर्जन, रामगढ़ डॉ० महालक्ष्मी प्रसाद के द्वारा सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन, रामगढ़ ने बताया कि इस अभियन का आयोजन जिला के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में दिनांक 20 दिसम्बर 2025 तक किया जाएगा। झारखण्ड राज्य अन्तर्गत वर्तमान में प्रजनन दर 2.3 को घटाकर 2.1 के नीचे करने का लक्ष्य रखा गया। जिला परिषद अध्यक्ष के द्वारा बताया गया कि सहिया के साथ-साथ जन प्रतिनिधि भी इस अभियान में बढ़ चढ़ कर सामुदाय के अंतिम व्यक्ति को प्रेरित करना सुनिश्चित करेंगे। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि परिवार नियोजन में लापरवाही करने से परिवार को अर्थिक तथा स्वास्थ्य की स्थिति में भी दुष्परिणाम भुगतना पडता है। अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं जिला मलेरिया पदाधिकारी रामगढ़ के द्वारा बताया गया कि परिवार नियोजन में पूरूष की भागीदारी भी आपेक्षित है। यह भी बताया गया कि पृरूष नसबंदी की विधि बहुत आसान है इसमें ना कोइ टांका-ना कोई चीरा लगता है और ऑपरेशन को तुरंत बाद व्यक्ति आपने काम पर जा सकता है। उक्त अभियान के शुभारंभ में अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, डॉ० नवल कुमार, जिला मलेरिया पदाधिकारी, डॉ० अजय चौधरी, डॉ उदय शंकर श्रीवास्त, डॉ शमीम एवं अन्य चिकित्सा पदाधिकारी तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई के सभी सदस्य BTT एवं सहिया दीदी उपस्थित थे।

# साहिबगंज में सेवा का अधिकार सप्ताह: तीसरे दिन विभिन्न पंचायतों में लगा शिविर का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिले में 28 नवंबर तक चलने वाले सेवा का अधिकार सप्ताह का आज तीसरे दिन विभिन्न पंचायत एवं वार्डों में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा "आपकी योजना–आपकी सरकार–आपके द्वार" अभियान के तहत विभिन्न प्रखंडों, पंचायतों एवं नगर क्षेत्र के वार्डों में किया जा रहा है।आज आयोजित शिविरों में निम्नलिखित स्थानों पर सेवाओं का व्यापक रूप से लाभ दिया गया– बरहेट प्रखंडः खैरवा, फूलभंगा, खिजूरखाल पंचायत, बोरियो प्रखंडः बोरियो संथाली, बडा रक्सो पंचायत, पतना प्रखंडः कटहलबाड़ी, आमडंडा संथाली पंचायत, मंडरो प्रखंडः बरतल्ला, तेतरिया पंचायत, बरहरवा प्रखंड : दरियापुर, रामनगर, कोटलपोखर पंचायत, राजमहल प्रखंडः सैदपुर, पूर्वी नारायणपुर, मध्य नारायणपुर पंचायत, तालझारी प्रखंडः सगङभंगा, मोती झरना पंचायत, उधवा प्रखंडः दक्षिण बेगमगंज, जोंका, रामनगर पंचायत, साहिबगंज प्रखंडः हाजीपुर पश्चिम, गंगा प्रसाद पश्चिम पंचायत, साहिबगंज नगर परिषदः वार्ड संख्या 7 ,8 9 ,10 ,11 नगर परिषद कार्यालय, साहिबगंज में।नगर पंचायत राजमहलः वार्ड संख्या 1,2,3,4,5,6 सिंधी दलान टाउन हॉल, राजमहल में।

**शिविर में प्रदत्त प्रमुख सेवाएँ**

कार्यक्रम के तहत बड़ी संख्या में आमजन पहुंचे और विभिन्न सेवाओं के लिए आवेदन किया। इनमें मुख्य रूप से जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, नया राशन कार्ड आवेदन, दाखिल-खारिज एवं भूमि संबंधी वादों से संबंधित आवेदन, भूमि धारण प्रमाण पत्र, भूमि की मापी से संबंधित आवेदन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं हेतु आवेदन, अन्य विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन। शिविर के दौरान पात्र लाभुकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के अंतर्गत परिसंपत्तियों का वितरण, स्वीकृत लाभ, प्रमाण पत्र एवं योजनाओं से संबंधित दस्तावेज प्रदान किए गए।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, लाभुक एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित हुए। साथ ही जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड एवं पंचायत स्तरीय पदाधिकारी भी उपस्थित रहे और अभियान को सफल बनाने में सहयोग किया। जिला प्रशासन द्वारा सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस सप्ताह भर चलने वाले शिविरों में पहुँचकर सरकारी सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ अवश्य लें।

## एक नजर

### हाईवा की चपेट में आने से युवक की मौत, आक्रोशित लोगों ने किया सडक जाम

**गोड्डा :** जिले के महागामा थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहनपुर-ललमटिया मुख्य मार्ग पर सिमड़ा गांव के समीप सोमवार की सुबह तेज रफ्तार हाईवा की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सद्दाम अंसारी (27) के रूप में हुई है। वह वर्तमान में तेतरिया में रहता था, जबकि उसका पैतृक घर डहुआ बताया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हाईवा ने बाइक सवार सद्दाम अंसारी को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक का शव क्षत-विक्षत हो गया। हादसे के बाद हाईवा चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में लोग आक्रोशित हो गये। स्थानीय लोगों ने रोष व्यक्त करते हुए मोहनपुरझललमटिया मुख्य मार्ग को जाम कर दिया और दोषी चालक की गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की। सूचना पर पुलिस इंस्पेक्टर उपेंद्र कुमार महतो और थाना प्रभारी मनोज पाल दल-बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और लोगों को शांत कराने का प्रयास किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### अज्ञात व्यक्ति की गला रेतकर हत्या, झाड़ियों से मिला शव

**पूर्वी सिंहभूम :** जिले के डुमरिया थाना क्षेत्र में एक अज्ञात व्यक्ति की धारदार हथियार से हत्या कर शव को झाड़ियों में फेंक दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। स्थानीय लोगों ने झाड़ियों के बीच एक व्यक्ति का शव पड़े होने की सूचना डुमरिया थाना को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पंचम तिग्गा के नेतृत्व में पुलिस टीम डिबुडीह से बाहादा जाने वाली सड़क पर स्थित पूणार्पानी रोड के नीचे पहुंची। यहां नदी के ऊपर किनारे पर झाड़ियों में संदिग्ध शव स्थिति में पड़ा मिला। प्रथम दृष्टया गला रेतकर हत्या किए जाने की आशंका जताई गई है। पुलिस ने मौके पर आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। थाना प्रभारी पंचम तिग्गा के फर्द बयान के आधार पर अज्ञात हत्यारों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है।

### फायरिंग का खुलासा दो आरोपित गिरफ्तार

**पूर्वी सिंहभूम :** जुगसलाई थाना क्षेत्र में हुई फायरिंग की घटना का पुलिस ने सिर्फ छह घंटे के भीतर पदार्फाश कर अहम सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस मामले में जेल से हाल ही में छूटे अपराधी सन्नी सिंह उर्फ सन्नी सिंह सरदार (24) और उसके सहयोगी रॉकी मिश्रा (28) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने सोमवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपितों की निशानदेही पर एक लोडेड देसी पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। जांच में खुलासा हुआ कि सन्नी सिंह जेल से निकलने के बाद खुद का एक अलग गैंग तैयार करने की कोशिश कर रहा था और क्षेत्र में वर्चस्व स्थापित करना चाहता था। इसी क्रम में उसने प्रतिद्वंद्वियों पर दबाव बनाने और अपनी दहशत कायम करने के उद्देश्य से फायरिंग की घटना को अंजाम दिया। एसपी ने बताया कि जेल में बंद रहने के दौरान सन्नी को दीपक सिंह से कोई सहयोग नहीं मिला था। इसी रंजिश में उसने दीपक सिंह को धमकाते हुए उस पर गोली चलाई। पुलिस ने घटना को गंभीरता से लेते हुए तुरंत कार्रवाई शुरू की और थोड़े ही समय में दोनों मुख्य आरोपितों को पकड़ लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### अंडर-16 जिला क्रिकेट लीग में सीएबी एचएफएस जूनियर ए बरहरवा की टीम ने 22 रन से हासिल की जीत



**साहिबगंज :** जिला क्रिकेट संघ के तत्वधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे अंडर-16 जिला क्रिकेट लीग टूनार्मेंट के तहत सोमवार को सीएबी एचएफएस जूनियर बनाम जवाहर नवोदय विद्यालय के बीच मैच खेला गया। सीएबी एचएफएस जूनियर बरहरवा ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 186 रन बनाए। मो शोएब अंसारी ने 53, तौसीफ अंसारी ने नाबाद 61 व अर्जुन कुमार ने 34 रन की पारी खेली। नवोदय विद्यालय के गेंदबाज सोनू कुमार ने 2 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी जवाहर नवोदय विद्यालय की टीम 18.2 ओवर में 164 रन बना कर ऑल आउट हो गई। मोनू कुमार ने 49 व धीरज ने 42 रन की पारी खेली। सीएबी एचएफएस जूनियर ए बरहरवा के गेंदबाज मो तौसीफ ने 3, शुभम गोप व कुमार तेजस ने 2-2 विकेट लिए। सीएबी एचएफएस जूनियर ए बरहरवा की टीम ने 22 रन से जीत हासिल की। सीएबी एचएफएस जूनियर ए बरहरवा के खिलाड़ी मो तौसीफ को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ कमल महावर ने मो तौसीफ को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग चंदन यादव व सतीश ओझा एवं स्कोरिंग मो अनाउल्लाह अंसारी ने किया।

### कोटालपोखर शांति मोड़-गनी चौक के बीच स्थित पुलिया का चौड़ीकरण कार्य तेज, दुर्घटनाओं पर लगेगी रोक



**साहिबगंज :** जिला के बरहरवा प्रखंड क्षेत्र के कोटालपोखर शांति मोड़ और गनी चौक के बीच स्थित संकरे पुलिया का लंबे समय से चौड़ीकरण की मांग की जा रही थी। करीब 4 मीटर चौड़ी इस पुलिया पर आए दिन दुर्घटनाएँ होती रहती थीं, जिससे स्थानीय लोगों में भय और आक्रोश दोनों व्याप्त था। समस्या की गंभीरता को देखते हुए पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक निसात आलम ने एनएच विभाग के संबंधित पदाधिकारियों से बात कर पुलिया के शीघ्र चौड़ीकरण की मांग की थी। विधायक के प्रयासों के बाद विभाग की ओर से पुलिया के चौड़ीकरण का आदेश जारी कर दिया गया, जिसके तहत कार्य वर्तमान समय में तेजी से प्रगति पर है। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, जल्द ही पुलिया का निर्माण पूर्ण हो जाएगा और इसे चौड़ा कर दिया जाएगा। पुलिया चौड़ा होने से अब इस मार्ग पर दो वाहनों का आसानी से आवागमन संभव होगा। इससे न केवल यातायात सुगम होगा बल्कि दुर्घटना की संभावनाएँ भी काफी हद तक समाप्त हो जाएँगी। इस महत्वपूर्ण कार्य को लेकर क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का माहौल है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया के चौड़ीकरण का कार्य केवल विधायक निसात आलम और झारखंड कांग्रेस प्रदेश महासचिव तनवीर आलम के निरंतर प्रयासों से ही संभव हो पाया है। ग्रामीणों ने दोनों जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार जताया है। स्थानीय लोगों का मानना है कि चौड़ीकरण पूरा होने के बाद इस मार्ग पर आवागमन सुरक्षित और सुविधाजनक हो जाएगा, जो पूरे क्षेत्र के लिए बड़ी राहत साबित होगी।

### संथाल गांव बना मिसाल- ग्रामसभा का अनोखा 'शाम 7 बजे के बाद शराबबंदी' नियम लागू, बाहरी लोगों के प्रवेश पर भी रोक




**साहिबगंज :** जिले के मंडरो प्रखंड के तेतरिया पंचायत स्थित संथाल गांव ने सामाजिक अनुशासन और शांति की दिशा में एक अनोखी पहल की है। ग्रामसभा के सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय के तहत गांव में शाम 7 बजे के बाद शराब पीने और बेचने पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। इतना ही नहीं, रात्रि 8 बजे के बाद बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर भी पाबंदी लागू कर दी गई है। गांव में व्यवस्था बनाए रखने और नियमों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए कुल 11 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। नियम का उल्लंघन करने वालों पर 2500 का जुमार्ना तय किया गया है, जिसे गांव के सभी लोग कड़ाई से पालन कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। *इस नए नियम से गांव में कई सकारात्मक बदलाव दिखने लगे हैं, स्कूली बच्चों की पढ़ाई में सुधार, नशामुक्त वातावरण से सामाजिक सौहार्द मजबूत, रात में अनाधिकृत प्रवेश रोकने से सुरक्षा व्यवस्था बेहतर। संथाल गांव की यह पहल अब आसपास के कई गांवों के लिए एक प्रेरणादायी मॉडल बनती जा रही है, जहां ग्रामीण सामूहिक प्रयास से समाज में सुधार ला रहे हैं।

### सुदूर पहाड़ी क्षेत्र में निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा का एक दिवसीय शिविर का आयोजन



**साहिबगंज :** जिले के दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्र अद्रो पहाड़ में पोद्दर होम्यो क्लिनिक के प्रख्यात चिकित्सक डॉ. एस.एन. प्रसाद के नेतृत्व में एक दिवसीय नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य पहाड़िया एवं अन्य आदिवासी समुदायों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना था। डॉ. एस.एन. प्रसाद एवं उनकी टीम ने लगभग 70 मरीजों का नि:शुल्क परीक्षण किया तथा सभी को आवश्यक होम्योपैथिक दवाइयाँ नि:शुल्क वितरित की गईं। मरीजों में महिलाएँ, बच्चे एवं बुजुर्ग प्रमुख रूप से शामिल थे, जिन्हें त्वचा रोग, जोड़ों का दर्द, खून की कमी, पाचन संबंधी समस्याएँ, श्वास रोग आदि की शिकायतें थीं। डॉ. प्रसाद ने कहा होम्योपैथी जैसी सुरक्षित एवं सस्ती चिकित्सा पद्धति उनके लिए वरदान साबित हो सकती है। हमारा प्रयास रहेगा कि ऐसे शिविर नियमित रूप से आयोजित होते रहें। पहाड़िया आदिवासी जनजाति को स्वस्थ एवं सुरक्षित रखना ही झारखंड के जल-जंगल-जमीन को बचाने के बराबर है। इस पुनीत कार्य में सुमन शेख एवं सहयोगी के रूप में विरेन्द्र कुमार, हर्ष कुमार एवं बिट्टू कुमार का विशेष योगदान रहा। इनके अथक परिश्रम से ही दूरस्थ क्षेत्र में शिविर को सुचारु रूप से संपन्न कराया जा सका।

# अमेरिकी प्रतिबंध से भारत का रूसी तेल आयात 75 फीसदी घटेगा

**- पहले भारत रोजाना 17-18 लाख बैरल रूसी तेल ले रहा था**

नई दिल्ली ।

अमेरिका ने रूस की दो सबसे बड़ी तेल कंपनियों रोसनेफ्ट और ल्यूकोइल पर कड़े प्रतिबंध लगाए हैं, जो 21 नवंबर 2025 से पूरी तरह लागू हो चुके हैं। इन प्रतिबंधों के बाद भारत का रूसी कच्चा तेल आयात तेजी से घटने वाला है। पहले भारत रोजाना 17-18 लाख बैरल रूसी तेल ले रहा था, लेकिन दिसंबर-जनवरी में यह घटकर लगभग 4 लाख बैरल रोज हो सकता है। यानी आयात में लगभग 75 फीसदी कटौती संभव है। भारत की बड़ी रिफाइनरियां रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचपीसीएल, मित्तल एनर्जी और मंगलोर रिफाइनरी ने रोसनेफ्ट और ल्यूकोइल से तेल लेना रोक दिया है। केवल नयारा एनर्जी ही रोसनेफ्ट से तेल ले रही है, क्योंकि उसकी रिफाइनरी पहले से यूरोपीय प्रतिबंधों के दायरे में है। रिलायंस ने 20 नवंबर से अपनी सेज रिफाइनरी में रूसी तेल लोडिंग पूरी तरह बंद कर दी है। अमेरिका ने केवल रोसनेफ्ट और ल्यूकोइल को निशाना बनाया है। रूस की अन्य कंपनियां जैसे सर्गुटनेफ्टेगाज और गज़प्रोम नेफ्ट भारत को तेल सप्लाई कर सकती हैं, यदि वे प्रतिबंधित बैंक या जहाज का उपयोग न करें। रूस नए व्यापारियों, शैडो फ्लीट और



शिप-टू-शिप ट्रांसफर के जरिए सप्लाई बनाए रख सकता है। पिछले दो सालों में सस्ता रूसी तेल मिलने की वजह से रिफाइनरियों ने अच्छा मुनाफा कमाया। अब जब यह तेल कम आएगा, रिफाइनरियां सऊदी अरब, इराक, यूएई और अमेरिका से तेल खरीदेंगी। तकनीकी रूप से इनको प्रोसेस किया जा सकता है, लेकिन मार्जिन कुछ कम हो सकता है।

# अफगानिस्तान से भारत का व्यापार तेजी से बढ़ा

**- 34 अरब रुपये के सूखे मेवे और मसाले खरीदे गए**

नई दिल्ली ।

अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच व्यापार लगभग बंद होने के बाद भारत के साथ अफगानिस्तान का व्यापार लगातार बढ़ रहा है। टोलो न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले सात महीनों में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 525 मिलियन डॉलर तक पहुंच गया। इसमें सबसे बड़ा हिस्सा अफगानिस्तान के निर्यात का रहा, जो लगभग 379 मिलियन डॉलर (34 अरब रुपये) तक पहुंचा। अफगानिस्तान के उद्योग और वाणिज्य मंत्रालय के प्रवक्ता अखुंदजादा अब्दुल सलाम जवद के अनुसार, भारत को भेजे जाने वाले प्रमुख निर्यात में सूखे अंजीर, केसर, हींग और इसके बीज, किशमिश, जीरा, पिस्ता और बादाम शामिल हैं। ये उत्पाद भारत में घरेलू और प्रीमियम खाद्य बाजार में बड़े पैमाने पर इस्तेमाल होते हैं। अफगानिस्तान की ये निर्यात वस्तुएं भारतीय त्योहारों और विशेष अवसरों के लिए भी काफी मांग में रहती हैं। भारत ने आधिकारिक रूप से दोनों देशों के बीच कार्गो फ्लाइट्स बहाल कर दी हैं। यह



कदम अफगान कारोबारियों के लिए राहत भरा माना जा रहा है क्योंकि वाघा बॉर्डर रूट के अनुपलब्ध होने से व्यापार प्रभावित हो रहा था। विशेषज्ञों का कहना है कि एयर-कार्गो उच्च मूल्य वाले उत्पादों जैसे सूखे मेवे के लिए सबसे लाभकारी विकल्प है, हालांकि इसकी लागत सुलभ होनी चाहिए।

# इस हफ्ते चार बड़ी कंपनियों के आईपीओ शेयरों का लॉक-इन खत्म

**- बाजार में बढ़ सकती है हलचल**




नई दिल्ली ।

इस हफ्ते एनटीपीसी ग्रीन इनर्जी, बोराना वेब्जि गोडिजिट जनरल इंश्योरेंस और मंगल इले क्ट्रिकल के आईपीओ शेयरों की लॉक-इन अवधि समाप्त हो रही है। कुल 57,124.63 करोड़ रुपए के शेयर अब बाजार में उपलब्ध होंगे।

लॉक-इन अवधि खत्म होने के बाद प्रमोटर और शुरुआती निवेशक अपने शेयर बेच सकते हैं, जिससे बाजार में शेयरों की आपूर्ति बढ़ती है और शुरुआती दिनों में कीमतों में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। 24 नवंबर को मंगल इले क्ट्रिकल की तीन महीने की लॉक-इन अवधि खत्म हो रही है। इसके बाद 11 लाख शेयर, जिनका कुल मूल्य 46.75 करोड़ रुपए है, बाजार में उपलब्ध होंगे। कंपनी 28 अगस्त 2025 को लिस्ट हुई थी। 25 नवंबर को गो डिजिट की छह महीने की लॉक-इन अवधि पूरी हो जाएगी। इसके बाद 1.858 करोड़ शेयर, जिनकी कुल कीमत 654.28 करोड़ रुपए है। यह कंपनी 23 मई 2024 को लिस्ट हुई थी। 26 नवंबर को इस हफ्ते का सबसे बड़ा अनलॉक होने वाला है। एनटीपीसी ग्रीन इनर्जी के 5,806 मिलियन शेयर बाजार में खुलेंगे, जो कंपनी की कुल इक्विटी का 69 फीसदी है। इन शेयरों का कुल मूल्य 56,347.42 करोड़ रुपए है। कंपनी 27 नवंबर 2024 को लिस्ट हुई थी।

27 नवंबर को बोराना वेब्स की लॉक-इन अवधि खत्म होगी। इस दिन 26 लाख शेयर, जिनकी कीमत 76.18 करोड़ रुपए है, बाजार में उपलब्ध होंगे। कंपनी 27 मई 2025 को लिस्ट हुई थी।

# टीसीएस को अमेरिकी कोर्ट में 1600 करोड़ का जुर्माना

**- पुराने डेटा इस्तेमाल की रोक हटाई**




नई दिल्ली।

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस (टीसीएस) को अमेरिकी कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कंप्यूटर साइंसेज कॉर्पोरेशन (के साथ लंबे समय से चल रहे ट्रेड सीक्रेट्स विवाद में अमे रिकी कोर्ट ने टीसीएस के खिलाफ 194.2 मिलियन डॉलर (लगभग 1600 करोड़ रुपये) के हर्जाने को बरकरार रखा है। साथ ही कोर्ट ने पहले लगी स्थायी रोक हटा दी है, जिससे अब टीसीएस बिना डर के सीएससी के पुराने मटेरियल और डेटा का इस्तेमाल कर सकेगी। मामला दोबारा टेक्सास की निचली अदालत में समीक्षा के लिए भेजा गया है। यह विवाद 2019 में शुरू हुआ था। सीएससी ने आरोप लगाया कि टीसीएस ने उनके ट्रेड सीक्रेट्स का गलत फायदा उठाया। ट्रांसअमेरिका ने 2 बिलियन डॉलर का बड़ा आउटसोर्सिंग प्रोजेक्ट टीसीएस को दिया, उस दौरान कई कर्मचारी सीएससी से टीसीएस में शामिल हुए। सीएससी का कहना था कि इन कर्मचारियों की वजह से टीसीएस ने उनके सॉफ्टवेयर का अनुचित लाभ उठाया और नया इंश्योरेंस प्लेटफॉर्म विकसित किया, जो सीएससी से प्रतिस्पर्धा कर रहा है। टीसीएस ने कोर्ट के फैसले को चुनौती देने की योजना बनाई है और ऊपरी कोर्ट में अपील करेगी। कंपनी ने यह भी कहा कि जो भी हर्जाना अंतिम रूप से तय होगा, उसके लिए अकाउंटिंग प्रोविजन पहले से तैयार है। टीसीएस ने भरोसा दिलाया कि वह पूरी ताकत से अपना पक्ष रखेगी और भविष्य में कानूनी लड़ाई जारी रखेगी।

# भारत की जीडीपी 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमानः एसएंडपी ग्लोबल

**- कटौती और मौद्रिक नीति में ढील से उपभोग आधारित वृद्धि को प्रोत्साहन मिलेगा**

नई दिल्ली ।

रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की अर्थव्यवस्था 6.5 प्रतिशत और अगले वित्त वर्ष 2026-27 में 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान व्यक्त किया है। एजेंसी ने कहा कि कर कटौती और मौद्रिक नीति में ढील से उपभोग आधारित वृद्धि को प्रोत्साहन मिलेगा। एसएंडपी ने चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में भारत की वास्तविक जीडीपी 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया है, जो पिछले पांच तिमाहियों में सबसे तेज वृद्धि है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई)) ने इस वर्ष की जीडीपी वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, जो पिछले वर्ष 6.5 प्रतिशत से बेहतर है। एजेंसी ने कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की कम दरें मध्यम वर्ग के उपभोग को बढ़ावा देंगी। वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में आयकर छूट बढ़ाकर 12 लाख रुपये करने से लगभग एक लाख करोड़ रुपये की कर राहत मिली है। इसके अलावा, आरबीआई ने जून में प्रमुख ब्याज दर




5.5 प्रतिशत तक घटा दी। इन उपायों से निवेश की अपेक्षा उपभोग वृद्धि प्रमुख चालक बनेगी। एसएंडपी ने कहा कि अमेरिकी शुल्क में वृद्धि से भारत के निर्यातोन्मुखी विनिर्माण पर असर पड़ रहा है। हालांकि, अमेरिका भारतीय उत्पादों पर शुल्क घटा सकता है। एजेंसी ने यह भी कहा कि व्यापार नीति के प्रति अमेरिका के नए दृष्टिकोण के कारण सरकारें और कंपनियाँ छूट के लिए समय और संसाधन खर्च कर रही हैं।

## बिटकॉइन में तेज गिरावट, क्रिप्टो मार्केट हिला



**मुंबई** । अक्टूबर में बिटकॉइन ने 1,26,000 डॉलर का सार्वजे निक उच्च स्तर बनाया था, लेकिन यह 80,000 डालर तक गिर गया। यह गिरावट लगभग 36 फीसदी की है। बिटकॉइन ने थोड़ी रिकवरी दिखाई और रविवार शाम 6.15 बजे 86,583.24 पर कारोबार कर रहा था, जो 2.25 फीसदी की बढ़त दर्शाता है। हालांकि, 2025 में बिटकॉइन ने -7.36 फीसदी का नेगेटिव रिटर्न दिया है और पिछले 1 महीने में 20.14 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। विशेषज्ञों के मुताबिक, बाजार का मनोबल लालच से डर में बदल चुका है और लिक्विडिटी तेजी से बाहर जा रही है। अक्टूबर के हाई से गिरावट यह दर्शाती है कि बाजार की दिशा अब पलट चुकी है और टेक्निकल इंडिकेटर अभी भी कमजोर हैं।



## भारत और कनाडा एफटीए वार्ता फिर से शुरू

**- 2030 तक व्यापार बढ़ाने का लक्ष्य**

**नई दिल्ली** । वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि भारत और कनाडा मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) पर वार्ता फिर से शुरू करने पर सहमत हुए हैं। इस समझौते का लक्ष्य 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब अमेरिकी डॉलर तक बढ़ाना है। गोयल ने कहा कि इस तरह के समझौते दोनों देशों के निवेशकों और कारोबारियों के बीच विश्वास को मजबूत करते हैं। गोयल ने बताया कि भारत और कनाडा स्वाभाविक सहयोगी हैं और एक-दूसरे के साथ प्रतिद्वंद्विता नहीं करते। उन्होंने कहा कि दोनों देशों की ताकतें व्यापार और निवेश के क्षेत्र में महत्वपूर्ण अवसर पैदा कर सकती हैं। 2023 में हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद भारत पर आरोपों के कारण वार्ता रोक दी गई थी। भारत ने इन आरोपों को खारिज किया। मार्च 2022 में दोनों देशों ने अंतरिम प्रारंभिक प्रगति व्यापार समझौता (ईपीटीए) के लिए वार्ता शुरू की थी। गोयल ने कहा कि दोनों देश उच्च महत्वाकांक्षी सीईपीए पर वार्ता करके 2030 तक व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य रखते हैं। जून 2024 में जी-7 सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी और कनाडाई समकक्ष की बातचीत से दोनों देशों के संबंधों में नई ऊर्जा आई है।

## इक्विलिब्रेटेड वेंचर ने पैसालो में बढ़ाया स्वामित्व, खरीदे 54 लाख शेयर

**नई दिल्ली** । पैसालो डिजिटल लिमिटेड के प्रवर्तक समूह का हिस्सा इक्विलिब्रेटेड वेंचर ने पिछले सप्ताह खुला बाजार लेनदेन के जरिए लगभग 54 लाख शेयर खरीदे। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि इकाई ने 13 नवंबर को 43.94 लाख, 18 नवंबर को 8.37 लाख और 19 नवंबर को 1.4 लाख शेयर खरीदे। इस खरीदारी के बाद इक्विलिब्रेटेड की हिस्सेदारी 19.94 फीसदी से बढ़कर 20.53 फीसदी हो गई। यह प्रवर्तक समूह के स्वामित्व में वृद्धि का संकेत है। पैसालो डिजिटल के वर्तमान में 1.14 लाख से अधिक शेयरधारक हैं। इस खरीदारी का समय कंपनी की मजबूत वित्तीय स्थिति के बीच हुआ, जो निवेशकों के लिए सकारात्मक संकेत माना जा सकता है।

## इंगरसोल-रैंड इंडिया ने शेयरधारकों के लिए घोषित किया 550 फीसदी डिविडेंड

**- डिविडेंड 10 रुपए के फेस वैल्यू वाले शेयर पर आधारित**

नई दिल्ली ।

इंगरसोल-रैंड (इंडिया) लिमिटेड ने 14 नवंबर 2025 को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अंतरिम डिविडेंड 55 रुपये प्रति शेयर घोषित किया। यह डिविडेंड 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले शेयर पर आधारित है, यानी 550 फीसदी का रिटर्न। कंपनी ने अपनी एक्सचेंज फाइलिंग में बताया कि यह निर्णय बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की मीटिंग में लिया गया। डिविडेंड पाने के लिए रिकॉर्ड डेट 25 नवंबर तय की गई है। यानी इस दिन जिनके डीमैट अकाउंट में इंगरसोल-रैंड के शेयर होंगे, वही लाभार्थी होंगे। डिविडेंड की राशि सीधे 11 दिसंबर 2025 को शेयरधारकों के खाते में ट्रांसफर कर दी जाएगी। 30 सितंबर 2025 को खत्म हुई तिमाही में कंपनी की आय 321.94 करोड़ रुपये रही, जो पिछले साल की समान तिमाही के 318.35 करोड़ रुपये से थोड़ी अधिक है। टोटल इनकम बढ़कर 330.92 करोड़ रुपये हुई। वहीं, कुल खर्च 247.38 करोड़ से बढ़कर 250.07 करोड़ रुपये हो गया। इस तिमाही में कंपनी का मुनाफा 60.35 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल के बराबर है। बीते शुक्रवार कंपनी का शेनि बीएसई पर 0.05 फीसदी गिरकर 3,888.60 रुपये पर बंद हुआ। पिछले एक महीने में शेयर में 0.83 फीसदी की गिरावट रही। लंबी अवधि में कंपनी के शेयर ने शानदार प्रदर्शन किया है। 1 साल, 2 साल और 5 साल के रिटर्न क्रमशः -6.98, 32.03 और 510.17 फीस रहे। 10 साल में शेयर ने 402.44 फीसदी की वृद्धि दर्ज की है। कंपनी का मार्केट कैप 12,275.53 करोड़ रुपये है, जबकि 52-वीक हाई और लो क्रमशः 4,699.90 रुपये और 3,060.80 रुपये हैं।


# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**सेंसेक्स 331, निफ्टी 108 अंक गिरा**

मुंबई ।

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के बाद भी बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के अंत में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 331.21 अंक नीचे आकर 84,900 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 108.65 अंक टूटकर 25,959.50 पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट धातु और और रियल्टी शेयरों के टूटने से आई है। अधिकतर सूचकांकों में गिरावट रही। निफ्टी रियल्टी 2.05 फीसदी, निफ्टी मेटल 1.23 फीसदी, निफ्टी एनर्जी 1.18फीसदी, निफ्टी कमोडिटीज 1.14 फीसदी, निफ्टी पीएसई 1.42 और निफ्टी एफएमसीजी 0.66 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुए। मुख्य सूचकांकों में केवल निफ्टी आईटी ही 0.41 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ। लार्जकैप के साथ ही मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी गिरावट दर्ज की गयी। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 194.70 अंक टूटकर 60,081.60 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 151 अंक फिसलकर 17,696.50 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स पैक में टेक महिंद्रा, एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक, इन्फोसिस, अदाणी पोर्ट्स, एचडीएफसी बैंक, सन फार्मा और कोटक महिंद्रा बैंक गेनर्स थे। बीईएल, टाटा स्टील, एमएंडएम, अल्ट्राटेक सीमेंट, ट्रेंट, बजाज फिनसर्व, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, बजाज फाइनेंस, आईटीसी और एनटीपीसी के शेयर गिरे। पूरे सत्र में बाजार ने एक




सीमित दायरे में कारोबार किया। हालांकि, आखिरी कारोबारी सत्र में बिकवाली हावी रही।

इससे पहले आज सुबह बाजार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई। सेंसेक्स करीब 100 अंक की बढ़त के साथ 85,320 पर खुला और कुछ ही मिनटों में इसमें और मजबूती देखने को मिली। इसी तरह निफ्टी-50 भी 26,122.80 पर हरे निशान में खुला और यह 43.85 अंक की बढ़त के साथ 26,112 पर पहुंच गया। वहीं एशियाई बाजारों में भी सोमवार को सकारात्मक माहौल देखने को मिला। फेडरल रिज़र्व द्वारा संभावित ब्याज दर कटौती की उम्मीदों ने निवेशकों का भरोसा बढ़ाया। ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी, एएसएक्स 200 और दक्षिण कोरिया का कोस्पी करीब 1 फीसदी ऊपर रहे, जबकि जापानी बाजार अवकाश के चलते बंद रहा।

## दिल्ली में सर्किल रेट में बड़े बदलाव की तैयारी

**- बाजार और सरकारी मूल्य में तालमेल होगा**

**नई दिल्ली** । दिल्ली में सर्किल रेट में एक दशक बाद बड़े बदलाव होने जा रहे हैं। राजधानी में सर्किल रेट आखिरी बार 2014 में तय किए गए थे, तब से रियल एस्टेट की कीमतों में भारी वृद्धि हो चुकी है। खासकर लुटियंस दिल्ली, दक्षिणी




दिल्ली और शहरीकृत इलाकों में संपत्तियों की कीमतें कई गुना बढ़ चुकी हैं, लेकिन आधिकारिक सर्किल रेट अब भी पुराने स्तर पर हैं। सरकार का मकसद अब संपत्तियों के सरकारी मूल्य को वास्तविक बाजार दरों के करीब लाना है। वर्तमान में दिल्ली के सर्किल रेट आठ कैटेगरी में विभाजित हैं। कैटेगरी ए में रेट 7.74 लाख रुपए प्रति वर्गमीटर तक है, जबकि कैटेगरी एच में यह 23,280 रुपए प्रति वर्गमीटर तक है। हालांकि एक ही कैटेगरी में शामिल इलाकों में बाजार दरों और सुविधाओं के अंतर काफी हैं। उदाहरण के लिए, गोल्फ लिंक और कालिंदी कॉलोनी दोनों कैटेगरी ए में हैं, लेकिन दोनों की संपत्ति दरों में जमीन-आसमान का अंतर है। सरकार अब इस कैटेगरीकरण को अधिक वैज्ञानिक और यथार्थवादी बनाने पर काम कर रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि सर्किल रेट के पुराने आंकड़े सरकार को भारी राजस्व हानि पहुंचाते हैं। जहां बाजार मूल्य कई गुना अधिक होता है, वहीं दस्तावेजों में कम मूल्य दिखाने से स्टाम्प ड्यूटी और रजिस्ट्रेशन फीस कम होती है और कैश लेन-देन बढ़ते हैं। इसके विपरीत, कुछ क्षेत्रों में सर्किल रेट अधिक होने से लेन-देन धीमा पड़ जाता है।

# पेट्रोल-डीजल के दाम कुछ शहरों में बढ़े तो कुछ में कम हुए

**- गुरुग्राम में पेट्रोल की कीमत 8 पैसे बढ़कर 95.65 रुपए प्रति लीटर**

नई दिल्ली ।

देश की पेट्रोलियम कंपनियों ने सोमवार को पेट्रोल और डीजल के नए रेट जारी किए। इससे कई शहरों में ईंधन की कीमतों में बदलाव देखा गया। उत्तर भारत के कई शहरों में पेट्रोल और डीजल महंगे हुए, जबकि दक्षिण और कुछ पूर्वी शहरों में कीमतें कम हुईं। दिल्ली के नजदीकी गुरुग्राम में पेट्रोल की कीमत 8 पैसे बढ़कर 95.65 रुपए प्रति लीटर हो गई, जबकि डीजल 7 पैसे महंगा होकर 88.10 रुपए प्रति लीटर बिक रहा है। जयपुर में पेट्रोल 68 पैसे बढ़कर 105.40 रुपए प्रति लीटर और डीजल 61 पैसे बढ़कर 90.82 रुपए प्रति लीटर हो गया। लखनऊ में पेट्रोल और डीजल ऋमश: 5 और 6 पैसे महंगे हुए। पटना में पेट्रोल 29 पैसे और डीजल 27 पैसे बढ़ा। प्रयागराज में पेट्रोल 87 पैसे और डीजल 1 रुपए महंगा हो गया। भुवनेश्वर में पेट्रोल और डीजल के दाम 18-18 पैसे घटकर ऋमश: 100.93 और 92.51 रुपए प्रति लीटर पर आ गए। तिरुवनंतपुरम में पेट्रोल 18 पैसे और डीजल 30 पैसे सस्ता हुआ। आगरा में पेट्रोल और डीजल ऋमश: 5-5 पैसे सस्ते हुए, वहीं अंबेडकरनगर में पेट्रोल 29 पैसे और डीजल 26 पैसे घटकर बिक रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार तेल के अंतरराष्ट्रीय दाम



और स्थानीय कर संरचना के आधार पर यह बदलाव हुआ है। उत्तर भारत में महंगाई का दबाव और तेल की मांग बढ़ने के कारण कीमतें बढ़ीं, जबकि दक्षिण भारत में कर घटाव और बाजार में आपूर्ति बढ़ने के कारण रेट घटे।

## राइट्स पहली बार चालू डीजल लोकोमोटिव दक्षिण अफ्रीका को निर्यात करेगी

**- गेज परिवर्तन सहित तकनीकी बदलाव के बाद क्यू4 वित्त वर्ष 26 तक भेजेगी पहली खेप**

**नई दिल्ली** । रेल मंत्रालय की सार्वजनिक कंपनी राइट्स लिमिटेड (आरआईटीईएस) ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए पहली बार चालू डीजल लोकोमोटिव निर्यात करने की मंजूरी पाई है। कंपनी ने दक्षिण अफ्रीका से 18 ऐसे लोकोमोटिव का ऑर्डर हासिल किया है, जिन्हें वहां की केप गेज प्रणाली (1,067 मिमी) के अनुरूप तकनीकी रूप से संशोधित किया जा रहा है। भारत में ये लोकोमोटिव ब्रॉड गेज (1,676 मिमी) पर चलने के लिए बनाए गए थे, लेकिन आवश्यक बदलाव के बाद वे पूरी तरह उपयुक्त होंगे। राइट्स के एक अे धिकारी ने बताया कि क्योंकि भारतीय रेल अब लगभग पूरी तरह विद्युतीकृत हो चुकी है, इसलिए 15 साल से अधिक शेष सेवा-आयु वाले डीजल इंजन निर्यात के लिए उपयुक्त बने हुए हैं। पहली संशोधित खेप वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही तक दक्षिण अफ्रीका भेज दी जाएगी। गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मकता की उम्मीद के साथ, राइट्स भविष्य में दक्षिण अफ्रीका के पड़ोसी देशों से भी इसी तरह के ऑर्डर की संभावनाओं की बात कर रही है।

# धरती पर डायनासोर आ सकता है, बिहार में RJD नहीं

## जीतनराम मांझी का तंज; जेपी सेतू का निरीक्षण करने पहुंचे CM नीतीश





**पटना।** केंद्रीय मंत्री HAM सुप्रीमो जीतन राम मांझी ने RJD पर तंज कसा है। उन्होंने पर लिखा, 'जो धरती पर डायनासोर का हुआ, आने वाले वक्त में वही हश्र बिहार में राजद का होगा। अब तो सब लोग कहने लगें हैं- धरती पर दोबारा डायनासोर आ सकता है, लेकिन बिहार में राजद के लोग नहीं आ सकते..। इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार को अचानक नवनिर्मित MLA फ्लैट का निरीक्षण करने पहुंच गए। इसके बाद वे जेपी गंगा पथ पहुंचे, जहां उन्होंने सौंदर्यीकरण कार्य का जायजा लिया।AIMIM प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने बिहार में नीतीश सरकार को समर्थन देने की बात कही है। उन्होंने कहा कि वो नीतीश सरकार को अपना समर्थन देने के लिए तैयार हैं, बशर्ते सीमांचल के साथ न्याय किया जाए।'ओवैसी ने कहा, 'समर्थन तभी देंगे जब बिहार सरकार सीमांचल के लोगों को वह अधिकार देगी और वहां का विकास करेगी, जिसका वह सालों से इंतजार कर रहे हैं।'केंद्रीय मंत्री बोले- क्रिमिनल्स अपराध छोड़ दें या फिर बिहार मंत्रिमंडल में विभाग का बंटवारा होने के बाद से ही नई सरकार चर्चा में हैं। सबसे ज्यादा चर्चा गृह विभाग को लेकर हो रही है। दरअसल, 20 साल में नीतीश कुमार ने पहली बार गृह विभाग अपने पास नहीं रखा है। अब ये सम्राट चौधरी के पास है। गृह विभाग बीजेपी को मिलने को लेकर केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने रविवार को कहा कि यह किसी तरह का विवाद या असहमति का विषय नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि 2005 से ही बिहार में कानून का राज कायम है, लेकिन सम्राट चौधरी के गृह मंत्री बनते ही अपराधियों के लिए बिहार की जमीन और तंग हो जाएगी। सरकार उनसे निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।सतीश चंद्र दुबे एक अस्पताल के उद्घाटन के दौरान मीडिया से बात कर रहे थे, जहां उन्होंने यह भी कहा कि NDA में गृह विभाग को लेकर किसी तरह का कोई बवाल नहीं है। हम सभी एकजुटता के साथ और मजबूती से सरकार चला रहे हैं।हिंदुस्तान की जम्हूरियत सुरक्षित और संरक्षित हैः JDU जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी के बयान पर जेडीयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा, मौलाना अरशद मदनी साहब, ये हिंदुस्तान है, हिंदुस्तान की जम्हूरियत इतनी सुरक्षित और संरक्षित है और आप 'न्यूयॉर्क' जा रहे हैं? लोकतंत्र है, संविधान है और यहां देश के हर जाति और धर्म के लोगों को काम करने का अधिकार है। दरअसल, जमीयत उलेमा-ए-हिंद के प्रेसिडेंट मौलाना अरशद मदनी ने एक कार्यक्रम में कहा कि लंदन या न्यूयॉर्क जैसे बड़े विदेशी शहरों में मुसलमान मेयर बन सकते हैं, लेकिन भारत में मुसलमान किसी यूनिवर्सिटी का कुलपति तक नहीं बन सकता। मदनी ने आगे कहा कि अगर कोई मुसलमान बड़ा पद हासिल भी कर ले तो उसका अंजाम आजम खान जैसा हो सकता है। जिसे जेल तक भेज दिया गया। उन्होंने ये कहा कि बिना किसी वजह के देश के लोगों को धार्मिक आधार पर बांटा जा रहा है।रविवार को डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी तारापुर पहुंचे। यहां कार्यकताओं और ग्रामीणों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद डिप्टी सीएम ने नवगाई समेत कई पंचायतों और गांवों का दौरा किया। सोमवार को वे असरगंज प्रखंड के विभिन्न गांवों का दौरा करेंगे और आम लोगों से संवाद करेंगे।कांग्रेस सांसद अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा, ₹सम्राट चौधरी को गृह मंत्रालय मिला है। हम उम्मीद करते हैं कि गुंडाराज का समापन होगा और बिना किसी डर-भय के आम जन जीवन चलेगा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार को अचानक नवनिर्मित MLA फ्लैट का निरीक्षण करने पहुंच गए। इसके बाद वे जेपी गंगा पथ पहुंचे, जहां उन्होंने सौंदर्यीकरण कार्य का जायजा लिया। मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा, नीतीश कुमार के नेतृत्व में काम करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। उनसे मुलाकात हुई और उन्होंने आशीर्वाद दिया और हम आगे अच्छा काम करे इसके लिए शुभकामनाएं दीं। हम काफी कुछ सीख रहे हैं मुझे सभी वरिष्ठ नेताओं से काफी कुछ सीखना है। इस बारे में काफी कुछ बातचीत हुई। हैदराबाद से सांसद और AIMIM के चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, हम पटना में बैठी सरकार को समर्थन देने के लिए तैयार हैं, लेकिन शर्त है कि सीमांचल को उनका हक मिलना चाहिए। सिर्फ राजगीर का, नालंदा का विकास न हो, सीमांचल दशकों से उपेक्षा का शिकार हो रहा है। अब स्थिति सुधरनी चाहिए।

## 8 दिन से कहां गायब हैं तेजस्वी यादव



बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में सबसे ज्यादा चर्चा जिस नेता ने बटोरी, वह थे तेजस्वी यादव। क्योंकि वे जीत को लेकर इतने आश्वस्त थे कि उन्होंने तारीख भी तय कर दी थी- 14 नवंबर रिजल्ट, 18 को शपथ। लेकिन जब नतीजे आए, घटनाक्रम उलट गया। NDA ने 202 सीटें जीतकर सत्ता में वापसी की और RJD सिर्फ 25 सीटों पर सिमट गई। पूरे महागठबंधन का आंकड़ा भी 35 से आगे नहीं बढ़ा। चुनावी हार के बाद एक और बात चर्चा में रही- तेजस्वी यादव का सार्वजनिक जीवन से अचानक गायब हो जाना। 20 नवंबर को पटना के गांधी मैदान में ऐतिहासिक शपथ समारोह हुआ। प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री, 11 राज्यों के मुख्यमंत्री मौजूद थे, लेकिन तेजस्वी यादव गायब। आमंत्रण भी गया था, सीट भी रिजर्व थी, लेकिन तेजस्वी नहीं दिखे। 14 से 23 नवंबर तक वे ना रोड पर, ना मीडिया के सामने, ना प्रेस कॉन्फ्रेंस में नजर आए। बस राबड़ी आवास तक सीमित रहे। सोशल मीडिया पर तेजस्वी ने नीतीश सरकार को सिर्फ एक औपचारिक रूप से बधाई दी। इन 8 दिनों में RJD में विवाद, परिवार में नाराजगी, हार की समीक्षा को लेकर उथल पुथल चलती रही।14 नवंबर को नतीजों की घोषणा शुरू हुई तो तेजस्वी अपने 1, पोलो रोड आवास में ही रहे। RJD की सीटें घटती गईं, लेकिन पूरे दिन उन्होंने मीडिया से दूरी बनाए रखी। रात में वे राबड़ी आवास पहुंचे, लेकिन कोई बयान नहीं दिया। 15-16 नवंबर के दिन भी सन्नाटा देखने को मिला। इस चुनावी हार के बाद परंपरा रही है कि विपक्ष का नेता जनता और समर्थकों को संदेश दे, लेकिन तेजस्वी बाहर ही नहीं आए। सबसे बड़ा सवाल शपथ ग्रहण समारोह को लेकर उठा, क्योंकि बिहार के राजनीतिक इतिहास में ऐसा शायद ही हुआ होगा कि नेता प्रतिपक्ष इस मौके पर मौजूद ना हो। नीतीश कुमार 10वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ले रहे थे। मंच पर प्रधानमंत्री सहित दर्जनों राष्ट्रीय नेता थे, लेकिन फखऊ की खाली कुर्सी सभी का ध्यान खींच रही थी। क्या तेजस्वी निमंत्रण से नाखुश थे या कोई रणनीति थी या परिवार में चल रहे विवाद ने सार्वजनिक उपस्थिति रोक ली? फखऊ नेताओं ने भी इस मामले पर चुप्पी साथ रखी थी। तेजस्वी की यही चुप्पी चर्चा का सबसे बड़ा विषय बन गई है। 14 नवंबर की सुबह चुनावी गिनती के दौरान शुरूआत में RJD कार्यकर्ता उत्साहित थे। सेट ट्रेंड देख उम्मीदें बनीं, लेकिन धीरे-धीरे तस्वीर बदलने लगी। पोलो रोड आवास के बाहर मीडिया, समर्थक, राजनीतिक विश्लेषक जुटे। सभी को केवल तेजस्वी के बयान का इंतजार था, लेकिन पूरे दिन ना कोई प्रेस नोट, ना अपीयरेंस, ना सोशल मीडिया संदेश। देर रात तक जब हार तय हो गई थी, तेजस्वी राबड़ी आवास पहुंचे, लेकिन वहां भी सन्नाटा पसरा था। लालू परिवार में क्या हुआ, रणनीति पर क्या चर्चा हुई, इसको लेकर बाहर किसी को भी जानकारी नहीं दी गई। यह पहली बार हुआ, जब तेजस्वी ने चुनावी हार पर फौरन कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। इससे यह सवाल उठा कि क्या RJD की हार उम्मीद के विपरीत थी, जबकि वे जीत को निश्चित मान बैठे थे या पार्टी के भीतर असंतोष को शांत करने में देरी हुई। RJD के युवा कैडर लगातार पूछते रहे- दिशा क्या है? लेकिन जवाब नहीं मिला। उस रात RJD की चुप्पी ने कहानी बदल दी।चुनाव में हार के बाद 15-16 नवंबर के दिन मीडिया ने तेजस्वी को खोजने की कोशिश की। इसी दौरान जानकारी आई कि वे पासपोर्ट ऑफिस गए थे, लेकिन मुख्य गेट से नहीं, पीछे के गेट से। यह खबर जैसे ही फैली, राजनीतिक अफवाहें शुरू हो गईं। क्या विदेश जाने की तैयारी है? क्या मेडिकल इमरजेंसी है या क्या यह मीडिया से दूरी बनाए रखने की रणनीति है? इस पर RJD ने सफाई दी–पासपोर्ट रिन्यूअल था पर सवाल खत्म नहीं हुए। इससे यह भी साबित हुआ कि तेजस्वी सार्वजनिक रूप से दिखाई नहीं देना चाहते थे। यह वो तेजस्वी थे, जिन्होंने चुनाव से पहले सबसे ज्यादा 171 रैलियां कीं, नीतीश से भी दोगुनी।

## थाईलैंड में जॉब के नाम पर मानव तस्करों को बेचा



**गयाजी।** के रहने वाले धर्मेंद्र (35) जॉब के नाम पर थाईलैंड में मानव तस्करों के चंगुल में फंस गया। थाईलैंड से उन्हें म्यांमार ले जाया गया, जहां उन्हें मानव तस्कर के चंगुल में फंसने का एहसास हुआ।धर्मेंद्र वहां से निकलने का जुगाड़ लगा रहा था। इसी दौरान म्यांमार की सेना ने छापेमारी की। धर्मेंद्र के साथ 7 लोगों का रेस्क्यू किया। फिर उन्हें इंडियन एंबेसी के हवाले किया गया, जहां से धर्मेंद्र अपने घर गयाजी लौटे। गयाजी पहुंचे धर्मेंद्र ने बताया कि तीन दिनों तक मानव तस्करों के चंगुल में था। खाना छोड़िए, पीने को पानी भी नहीं देते थे।गयाजी के छोटकी डेल्हा के रहने वाले धर्मेंद्र ने बताया कि, 2014 में ग्रेजुएशन करने के बाद पुणे चले गए थे। कुछ साल बाद शादी और दो बच्चे होने के बाद कोरोना में नौकरी चली गई। नौकरी ढूंढ रहे थे, इसी दौरान तीसरा बच्चा हुआ। घर में बुजुर्ग माता-पिता हैं। मां हाउस वाइफ हैं, पिता का सैलून है। घर की आर्थिक स्थिति खराब हो रही थी तो नौकरी के लिए एक दोस्त से बात की। उसने मुजफ्फरपुर के शुभम का नंबर दिया। शुभम ने थाईलैंड में 27 हजार थाई करेंसी (करीब 76 हजार रुपए) की सैलरी, फाइव स्टार होटल और मल्टीनेशनल कंपनी का ऑफर दिया। धर्मेंद्र बताते हैं कि, ऑफर अच्छा था तो हमने हां बोल दिया। कंपनी के बुलाने पर थाईलैंड चला गया। यहां से म्यांमार भेजा गया, लेकिन यहां कुछ ऐसा हुआ कि मानों सपना ही टूट गया। पता चला कि मैं साइबर स्कैम वाले गिरोह के चंगुल में फंस चुका हूं। थाईलैंड जाने के लिए एक लाख रुपए खर्च किए थे। वहां से घर आते-आते एक एजेंसी ने 50 हजार रुपए और ठग लिए। 7 राउंड इंटरव्यू, थाईलैंड में जॉब का ऑफरधर्मेंद्र के मुताबिक, दोस्त ने मुजफ्फरपुर के शुभम का नंबर दिया और कहा कि तुम इससे बात करो। तुम्हारी मदद करेगा। मुझे पैसे की जरूरत थी तो शुभम को कॉल किया। शुभम ने मेरा इंटरव्यू लिया। इसके बाद इसी साल जुलाई में करीब 7 राउंड इंटरव्यू के बाद थाईलैंड की एक कंपनी ने मुझे सिलेक्ट कर लिया। मल्टीनेशनल कंपनी में जॉब का ऑफर मिला। धर्मेंद्र बताते हैं कि जिस कंपनी में मेरा सिलेक्शन हुआ था, उसका नाम 'केके-5' था। इस कंपनी को गूगल पर सर्च किया, लेकिन कुछ पता नहीं चला। फिर शुभम को कॉल कर इसकी जानकारी दी, तो उसने बताया कि ह्यकेके-5 एक पार्क है, जिसके अंदर कई बड़ी कंपनियां हैं। ये सुनकर मुझे तसल्ली हुई। 14 अक्टूबर को टिकट मिला, 19 अक्टूबर को मैं गयाजी से पटना पहुंचा और फिर फ्लाइट से 20 अक्टूबर को थाईलैंड पहुंच गया। धर्मेंद्र ने बताया कि 20 अक्टूबर को थाईलैंड पहुंचने के बाद मुझे फाइव स्टार होटल में ठहराया गया। यहां भी फाइनल इंटरव्यू के नाम पर कुछ लोगों ने मुझसे बात की और कहा कि आपका सिलेक्शन प्रोसेस पूरा हो चुका है। फिर मैं अपने कमरे में आराम करने लगा।थोड़ी देर बाद दरवाजे पर एक शख्स पहुंचा और कहा सारा सामान पैक कर लो। ऑफिस चलना है। फिर मुझे महंगी गाड़ी में बैठाया गया। मेरे साथ 7 लोग और थे। हम लोगों को शहर से दूर जंगल और पहाड़ों की ओर ले जाया गया। जंगल और पहाड़ देखकर ड्राइवर से पूछा ऑफिस कितनी दूर है। इतना कहने के बाद ड्राइवर और उसके साथ मौजूद एक शख्स ने पिस्टल निकाल ली और कहा कि चुपचाप बैठे रहो नहीं तो गोली मार देंगे। कार रुकी तो बाइक सवारों के हवाले किया, सभी के हाथ में पिस्टल थाधर्मेंद्र ने बताया कि जंगलों के बीच कार रुकी तो हमलोगों को बाइकर्स के हवाले कर दिया गया। इन लोगों ने जंगल के बीच एक कमरे में रखा। यहां कुछ अजीब लग रहा था। इस दौरान शुभम से बात की तो उसने कहा तुम लोगों को साइबर स्कैम वाले गिरोह के हाथों बेच दिया गया है और तुम्हारी लोकेशन फिलहाल म्यांमार में है। 23 अक्टूबर को अचानक म्यांमार की आर्मी ने कमरे पर छापा मारा और हम सभी 8 लोगों का रेस्क्यू कर मिसार्ट नाम की जगह लेकर आया। धर्मेंद्र के पिता उपेंद्र शर्मा ने बताया कि, सैलून का काम एक साल से बंद है। आमदनी का कोई स्त्रोत नहीं है। मुझे जैसे ही पता चला कि मेरा बेटा धर्मेंद्र म्यांमार में बंधक बना लिया गया है। तो मेरे होश उड़ गए। मेरी पत्नी दयमंती देवी बार-बार बेसुध हो रही थी। मैं तत्काल गयाजी के एसएसपी आनंद कुमार के पास पहुंचा। उन्होंने पहले भरोसा दिया कि आपके बेटे को कुछ नहीं होगा। मैं जांच कराता हूं। धर्मेंद्र की मां दमयंती ने कहा कि मेरा बेटा छोटी दिवाली के दिन घर से निकला था। तीन दिन बाद ही पता चला कि उसे बंधक बना लिया गया है। घर में 9 दिन का बच्चा है। जब उसे देखती थी तो और भी डर लगता था। मेरे बेटे को कुछ हो जाएगा, तो पोते-पोती को क्या होगा। लेकिन भगवान ने हमारी सुन ली और मेरे बेटे को सही सलामत भेज दिया।

## ठाकुरगंज विधायक ने नशा, खनन के खिलाफ भरी हुंकार



**किशनगंज।** के ठाकुरगंज विधानसभा 53 से नव निर्वाचित जदयू विधायक गोपाल कुमार अग्रवाल ने पौआखाली थाना क्षेत्र के नगर पंचायत बाजार में ड्राई नशा और अवैध खनन के खिलाफ कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने घोषणा की कि 24 घंटे के भीतर इन गतिविधियों पर प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।विधायक अग्रवाल ने इस अवसर पर अपनी जीत के लिए मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि लंबे समय बाद उन्हें दोबारा सेवा का मौका मिला है और वे चौतरफा विकास कर अपना फर्ज निभाएंगे। उन्होंने नशा मुक्ति अभियान में सभी से भागीदारी निभाने और एक-दूसरे को जागरूक करने की अपील की। विधायक ने लोगों से प्रशासन का सहयोग लेने का आग्रह किया और कहा कि यदि रोकथाम नहीं होती है, तो वे सीधे उनसे संपर्क कर ऐसे लोगों की जानकारी दें, जिस पर वे स्वयं कार्रवाई करेंगे। उनका उद्देश्य समाज के उज्जवल भविष्य को सुनिश्चित करना है। इस कार्यक्रम में जदयू नगर अध्यक्ष हबीबुर रहमान, प्रोफेसर विष्णु कांत झा, पूर्व मुखिया अजय सिन्हा, वार्ड पार्षद दिलीप दास, पूर्व जिला परिषद धनपति सिंह, शमीम, जदयू नेता इस्त्राफील उर्फ मौलबी, शिवचंद्र शर्मा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# पटना, खगड़िया समेत 10 शहरों में घना कोहरा

## 2-3 डिग्री गिरेगा पारा, 7 से ज्यादा ट्रेनें लेट; अररिया गयाजी और राजधानी की हवा खतरनाक





**पटना।** बिहार में धीरे-धीरे न्यूनतम तापमान गिर रहा है और ठंड बढ़ रही है। सुबह-सुबह पटना, खगड़िया, गोपालगंज, सारण, बेगूसराय समेत 10 शहरों में घना कोहरा देखने को मिला मौसम विज्ञान के अनुसार, अगले 2 से 3 दिनों में न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की जाएगी। इससे बढ़ेगी।पिछले 24 घंटे में सबसे कम न्यूनतम तापमान किशनगंज में 12.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं, अधिकतम तापमान की बात करें तो अररिया में 31.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।मौसम विज्ञान के अनुसार, फिलहाल दोपहर में धूप निकलने से लोगों को ठंड से राहत मिल रही है। लेकिन, 27- 28 नवंबर के बाद से ठंड और बढ़ जाएगा। धूप में भी हल्की ठंड महसूस होने लगेगी। खासकर उत्तर बिहार और पहाड़ी इलाकों में तापमान तेजी से गिर सकता है।राजधानी में इन दिनों सुबह और रात का तापमान लगातार नीचे जा रहा है। दिन में धूप निकलने से सामान्य स्थिति बनी हुई है, लेकिन अगले कुछ दिनों में न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट की संभावना है। सुबह-शाम हल्का कोहरा भी छाया रह सकता है। ठंड बढ़ने के साथ ही हवा भी दूषित हो रही है।पिछले 24 घंटे में बिहार के कई शहरों में अदकखराब श्रेणी में दर्ज किया गया। विशेषज्ञों का कहना है कि ठंड के मौसम में प्रदूषित कण नीचे की परत में जमा हो जाते हैं, जिससे हवा की गुणवत्ता खराब हो जाती है। ऐसे में सुबह-शाम मास्क पहनकर बाहर निकले। बच्चों और बुजुर्गों को प्रदूषण से बचाने की सलाह दी गई है।लखीसराय में फिलहाल मौसम साफ है। तापमान में लगातार गिरावट देखी जा रही है। मौसम विभाग की माने तो 4-5 दिनों में ठंड बढ़ेगी। अधिकतम तापमान 26 डिग्री और न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।नालंदा में न्यूनतम तापमान 13 डिग्री है। सुबह-सुबह हल्का कोहरा है। पौधों पर भी ओस है। हवा की रफ्तार कल से थोड़ी कम हुई है। इससे लोगों को ठंड से थोड़ी राहत मिली है।गोपालगंज में हल्की धुंध छाई है। लोगों को दिन में गाड़ियों का लाइट जलाकर जाना पड़ रहा है। मौसम विभाग की माने तो आने वाले समय में ठंड बढ़ने वाली है। यहां न्यूनतम तापमान 14 डिग्री के आसपास है।सारण में न्यूनतम तापमान 16 डिग्री है। अधिकतम 28 डिग्री के आसपास है। कोहरे की वजह से लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। मौसम विभाग ने 5-7 दिनों में कड़ाके की ठंड का अनुमान जताया है।

## संक्षिप्त डायरी

### मदनपुर में ऑटो और बाइक की भीषण टक्कर



**औरंगाबाद।** के मदनपुर थाना क्षेत्र में रविवार को एक ऑटो ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। यह हादसा शिवनाथ बिगहा मोड़ स्थित एनएच 19 पर हुआ, जिसमें बाइक चालक घायल हो गया।घायल बाइक चालक की पहचान औरंगाबाद के सिमरा गांव निवासी श्यामसुंदर सिंह के 42 वर्षीय पुत्र विनय कुमार के रूप में हुई है। घटना के तुरंत बाद उन्हें मदनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर कुमार जय ने विनय कुमार का प्राथमिक उपचार किया। विनय कुमार ने बताया कि वह औरंगाबाद से मदनपुर किसी निजी काम से आए थे, तभी यह दुर्घटना हुई। उनके दाहिने पैर और बाएं हाथ में चोटें आई हैं।

### महिला से सोने के ज्वेलरी की ठगी



**किशनगंज।** सदर थाना क्षेत्र के सुभाषपल्ली चौक के पास शनिवार को एक महिला से दिनदहाड़े ठगी की घटना सामने आई है। अज्ञात ठगों ने महिला को डराकर और अंधविश्वास का सहारा लेकर उसके सोने के जेवरात ठग लिए। पीड़िता के पति सुदीप्तो दास ने तुरंत सदर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।प्राथमिकी के अनुसार, पीड़िता अपने घर की ओर जा रही थी। सुभाषपल्ली चौक के पास दो युवक, जिन्होंने साधु का वेश धारण किया हुआ था, उनके पास आए। उन्होंने महिला को डराने वाली बातें कहना शुरू कर दिया, जैसे ₹आपके घर में बहुत बड़ी अनहोनी होने वाली है₹ और ₹कोई बहुत बड़ा खतरा मंडरा रहा है। 'अगर घर-परिवार को बचाना है तो एक खास मंत्र पढ़वाना होगा'महिला इन बातों से घबरा गई। इसके बाद ठगों ने उसे अपनी बातों में उलझाते हुए कहा कि अगर घर-परिवार को बचाना है तो एक खास मंत्र पढ़वाना होगा। इसके लिए महिला को अपने सभी धातु के जेवर (सोने-चांदी) निकालकर उन्हें सौंपने होंगे। डर और भ्रम में आकर महिला ने गहने ठगों को थमायाडर और भ्रम में आकर महिला ने अपने गले से सोने का चेन, दोनों हाथों से दो सोने की बाला और उंगली से एक अंगूठी उतारी। उसने अपना बैग भी ठगों को थमा दिया। जैसे ही महिला पीछे मुड़ी, दोनों ठग जेवरात लेकर तेजी से मौके से फरार हो गए। घर पहुंचकर महिला ने अपने पति सुदीप्तो दास को पूरी घटना बताई। इसके बाद दंपती तुरंत सदर थाना पहुंचे और लिखित शिकायत दर्ज कराई।महिला से ठगी की लिखित शिकायत मिली - सदर थानाध्यक्षसदर थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार रंजन ने बताया कि महिला से ठगी की लिखित शिकायत मिली है। इसके आधार पर अज्ञात ठगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। उन्होंने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी गई है और जल्द ही आरोपियों तक पहुंचने की उम्मीद है।पुलिस का कहना है कि यह ठगी का एक नया तरीका है, जिसमें अंधविश्वास और डर का सहारा लेकर महिलाओं को निशाना बनाया जा रहा है। पिछले कुछ महीनों में किशनगंज और आसपास के इलाकों में ऐसी कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि कोई भी अजनबी यदि इस तरह की बात करे तो तुरंत नजदीकी थाने या पुलिस हेल्पलाइन 112 पर सूचना दें और अपने जेवरात किसी को न सौंपें।

### इंडियन क्रिकेटर मुकेश कुमार पहुंचे पूर्णिया





**पूर्णिया।** इंडियन क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार रविवार को पूर्णिया पहुंचे। वे दिवगंत शिक्षाविद् रमेश चंद्र मिश्र की 74वीं जयंती समारोह में शिरकत करने VVRS परोरा पहुंचे थे। इंडियन क्रिकेटर मुकेश कुमार खुद इसे लेकर काफी उत्साहित दिखे। यहां पहुंचकर उन्होंने शिक्षाविद् को सच्ची श्रद्धांजलि दी। T 20 क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रैंड फिनाले में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान पूरा स्टेडियम लोगों की भीड़ से भरा नजर आया।इस दौरान मीडिया से बात करते हुए इंडियन क्रिकेटर मुकेश कुमार ने कहा कि मैं पहली बार पूर्णिया आया हूं। मुझे पूर्णिया और इस ग्राउंड पर आकर काफी अच्छा लग रहा है। मुझे ऐसा लग रहा है कि मैं पूर्णिया में नहीं बल्कि बाहर ही हूं। यहां का वातावरण और माहौल बहुत अच्छा है।गेंदबाज ने VVRS को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्कूल दुगुनी और रात चौगुनी तरक्की करता रहे। जैसे मैं निकला हूं, हर डिस्ट्रिक्ट से हर युवा का सपना होता है खेलने का। यहां के बच्चों में भी आगे बढ़ने की प्रतिभा है। खेलकूद के साथ पढ़ाई भी बहुत जरूरी है। हमेशा ऑप्शन लेकर चलना चाहिए। आज के जमाने में आईपीएल के जैसा मंच भी आ गया है। हर कोई अच्छे से मेहनत करेगा वो आईपीएल तक चला जाएगा। साथ ही बच्चों को मेरी शुभकामनाएं भी हैं।ससे पहले ढोल-नगाड़ों के साथ क्रिकेटर मुकेश कुमार का जोरदार स्वागत हुआ। उन्होंने दिवगंत शिक्षाविद् रमेश चंद्र मिश्र की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। विद्यालय के छात्रछात्राओं ने वेलकम गीत गाए। विद्या विहार समूह के सचिव राजेश चंद्र मिश्र और उनके भाई ब्रजेश चंद्र मिश्र ने स्वागत भाषण देते हुए संस्थापक के मूल्यों, शिक्षा-दर्शन और व्यक्तित्व को याद किया।विद्या विहार आवासीय विद्यालय की टीम को मिली जीतफाइनल मैच में विद्या विहार आवासीय विद्यालय की टीम ने रोमांचक संघर्ष के बाद डीएवी कहलगांव को 19 रन से पराजित कर लगातार दूसरी बार चैंपियनशिप अपने नाम की।क्रिकेटर मुकेश कुमार ने विजेता टीम को 60 हजार कैश और विजेता ट्रॉफी, उपविजेता टीम को 40 हजार और ट्रॉफी भेंट किया। सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली मिलिया कॉन्वेंट इंग्लिश स्कूल, बनभाग और पार्वती उच्च माध्यमिक विद्यालय, हरदा इन दोनों टीमों को 15,15 हजार कैद और ट्रॉफी दी गई। सुधांशु शेखर फाइनल के मैन ऑफ द मैच और अनुकूल चंद्र टूर्नामेंट के मैन ऑफ द सीरीज रहे।संस्थापक की प्रतिमा पर पुष्पांजलि दीवहीं VVRS परोरा के संस्थापक दिवगंत रमेश चंद्र मिश्र की 74वीं जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। विद्यालय, महाविद्यालय, कोचिंग संस्थान और ब्रजेश ऑटोमोबाइल्स के सभी सदस्यों ने विद्यालय के मुख्य द्वार स्थित स्मारक और स्टेडियम में स्थापित संस्थापक की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया। इसी के साथ दिनभर चलने वाले आयोजन का शुभारंभ हुआ।संस्थापक के जयंती के अवसर पर विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन वीवीआईटी प्रांगण में किया गया। जहां विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों, अभिभावकों और समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## महंगे सीरम को कहें अलविदा, घर पर बनाएं असरदार विटामिन सी सीरम, मिलेगी दमकती त्वचा



अगर आप भी रोजाना रात में स्किन केयर करना नहीं भूलती हैं और चेहरे की खूबसूरती बढ़ाने के लिए कई प्रयास करती हैं। तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि महिलाएं अपनी स्किन को हेल्दी और ग्लोइंग बनाने के लिए तरह-तरह के प्रोडक्ट्स फेस पर लगाती हैं। लेकिन आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक ऐसे विटामिन सी सीरम के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसका इस्तेमाल आप रोजाना रात में सोने से पहले कर सकती हैं।

अगर आप इस खास सीरम को लगाती हैं, तो इससे मार्केट के महंगे सीरम खरीदने की जरूरत नहीं पड़ेगी। साथ ही आप कम पैसों में इस सीरम को बनाकर तैयार कर सकती हैं। तो आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि घर पर रहकर विटामिन सी सीरम कैसे बनाया जा सकता है।

### होममेड विटामिन सी सीरम

ब्यूटी एक्सपर्ट के मुताबिक अगर आप घर पर एक खास विटामिन सी सीरम तैयार करना चाहती हैं, तो आप कम पैसे में इसको बनाकर तैयार कर सकती हैं। इसको बनाने का तरीका भी काफी आसान है और इसको बनाने के लिए कुछ खास सामग्री की जरूरत होगी।

### सामग्री

गुलाब जल
विटामिन सी पाउडर
विटामिन ई कैप्सूल
एलोवेरा जेल
ग्लिसरीन

### ऐसे बनाएं विटामिन सी सीरम

आप घर पर आसानी से यह खास सीरम बनाकर तैयार कर सकती हैं। इसको बनाने का तरीका बेहद आसान है। इसको बनाने के लिए सबसे पहले एक कटोरी में विटामिन सी पाउडर ले लें। अब इसमें गुलाब जल, एलोवेरा जेल और ग्लिसरीन को डालकर अच्छे से मिक्स कर लें। अब इसमें विटामिन सी कैप्सूल की कुछ बूंदे डालकर इस सीरम को अच्छे से मिक्स कर लें। इस आसान तरीके से आपका होममेड सीरम बनकर तैयार हो गया है।

आप रोजाना रात में सोने से पहले इस सीरम को अपने फेस पर अप्लाई कर सकती हैं। आप 15 दिन तक इस सीरम का इस्तेमाल कर सकती हैं। आप चाहें तो रोजाना रात में इसका इस्तेमाल कर सकती हैं या फिर सप्ताह में 3-4 बार भी इसका इस्तेमाल कर सकती हैं। आप जब भी इसको फेस पर अप्लाई करें, तो पहले साफ पानी से चेहरे को धो लें और फिर फेस के सूखने के बाद इस सीरम को फेस पर लगाएं। इसको आप फेस के साथ-साथ गर्दन पर भी लगा सकती हैं।

## घर की सब्जी को दें शाही ट्विस्ट! बस काजू-बादाम, मूंगफली से बढ़ाएं ग्रेवी का जबरदस्त स्वाद



**रेस्तरां स्टाइल में हम सभी टेस्टी सब्जी बनाना चाहते हैं, लेकिन कहीं न कहीं मिस्टेक जरुर हो जाती है। अपने खाने को टेस्टी बनाने के लिए छोटे-छोटे टिप्स एंड ट्रिक्स पर ध्यान देना काफी जरुरी है। घर में चाहे कितना भा टेस्टी खाना बना लें, लेकिन बच्चे फिर कमी निकाल देते हैं। ऐसे में हर महिलाओं को इन टिप्स का जरुर पता होना चाहिए। अगर आप मेवों की मदद से सब्जी में इस्तेमाल करके लाजवाब खाना बना सकते हैं। मेवे सब्जियों के स्वाद को दोगुना कर देते हैं। यह सब्जी में स्वाद तो बढ़ा ही देते हैं और यह काफी हेल्दी भी होती है। आइए आपको बताते हैं मेवे से सब्जी की क्रीम को गाढ़ा और क्रीमी से बनाएं।**

### मेवे से सब्जी को गाढ़ा और क्रीमी कैसे बनाएं

– इसके लिए आफ काजू या बादाम को गर्म पानी में 30 मिनट के लिए भिगोकर रख दें। अब इसे पानी से निकालकर थोड़ा दूध या पानी डालकर एक चिकना पेस्ट बना लें। फिर आप इसे सब्जी की ग्रेवी में डालें। इससे आपकी ग्रेवी गाढ़ी, क्रीमी और स्वादिष्ट बनेंगी। इसका यूज आप शाही पनीर, कोफ्ता और मलाई कोफ्ता जैसी सब्जियों में कर सकते हैं। आप बादाम, काजू या मूंगफली को हल्का भूनकर छोटे टुकड़ों में काट लीजिए। सब्जी तैयार होने के बाद ऊपर से इन टुकड़ों को डालें। सब्जी तैयार होने के बाद ऊपर से आप इन टुकड़ों को डालें। ऐसा करने से सब्जी में कुरकुरापन और स्वादिष्ट मेवों वाला फ्लेवर आएगा। सूखी सब्जियों के लिए भी यह तरीका बेस्ट है।

– भुनी हुई मूंगफली का पेस्ट बनाकर ग्रेवी में डाल सकते हैं। इससे आपकी ग्रेवी का स्वाद और भी बढ़ जाएगा। इसके साथ ही ग्रेवी गाढ़ी हो जाएगी। आप तिल को पीसकर उसका पेस्ट भी ग्रेवी में मिला सकती हैं। इससे ग्रेवी का स्वाद बढ़ जाता है।

– बादामा या काजू को पीसकर पाउडर बना लीजिए। इस पाउडर को आप मसाले की तरह किसी भी सब्जी की ग्रेवी में डाल दीजिए। प्याज की जगह दही और मूंगफली का पेस्ट बनाकर ग्रेवी का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे आपकी ग्रेवी गाढ़ी होने के साथ ही उसका स्वाद भी काफी कमाल लगेगा।

## सर्दी-जुकाम से राहत के लिए अपनाएं दादी-नानी का नुस्खा, बेसन का शीरा देगा तुरंत आराम।



बदलते मौसम में बच्चों को सर्दी-जुकाम की शिकायत हो जाती है। बच्चों की इम्युनिटी कमजोर होने के कारण खांसी-जुकाम की समस्याएं बन जाती है। यदि आपके बच्चे को मौसम के बदलने से सर्दी-जुकाम से परेशान हो गए है, तो इसे दवाओं की जगह आप एक बार बेसन का शीरा बनाकर जरूर पिलएं। यह एक ट्रेडिशनल पंजाबी रेसिपी है, जो मौसम बदलने के बाद बच्चों की इम्यूनिटी को बूस्ट करती है। बीमारी से लड़ने में मदद करती है। बेसन शीरा स्वाद के साथ ही हेल्थ के लिए काफ बढ़िया है। इसके सेवन से सर्दी, खांसी और जुकाम की समस्या जल्द ठीक हो जाती है। आइए आपको बताते हैं कैसे बनाया जाता है टेस्टी और हेल्दी बेसन का शीरा।

### बेसन का शीरा बनाने के लिए सामग्री

- 3 बड़े चम्मच बेसन
- 1 बड़ा चम्मच देसी घी
- 2 छोटी चम्मच चीनी/गुड़
- डेढ़ कप दूध
- कुटी हुई इलायची
- 1/4 छोटी चम्मच अजवाइन
- कटे हुए बादाम
- कुटी हुई काली मिर्च
- हरा धनिया
- 1 चुटकी हल्दी

### बेसन का शीरा बनाने का तरीका

बेसन का शीरा बनाने के लिए सबसे पहले आप एक कड़ाही लें और गैस पर चढ़ाकर गर्म करें। अब इसमें घी डाले और बेसन को लो फ्लेम पर भूने जब तक इसका रंग हल्का भूरा ना हो जाए। बेसन को अच्छे से भून जाने के बाद इसमें खुशबू आने लगेगी। अब इसमें बेसन इलायची, गुड़, कटे हुए बादाम, कुटी हुई काली मिर्च, अजवाइन और हल्दी डालकर अच्छी तरह सभी चीजों को मिला लीजिए। इसके बाद आप इसमें दूध डालते हुए सभी चीजों को करछी से लगातार चलाते हुए मिलाएं, वरना पेसन में गांठें पड़ जाएगी। बेसन में पड़ी गांठे शीरा का स्वाद बिगड़ सकती हैं। इसके बाद आप दूध को 5 मिनट तक अच्छे से उबालें। इसके बाद बेसन के शीरे में कटा हुआ ताजा हरा धनिया डाल दें। यह लीजिए टेस्टी गर्मागर्म बेसन का शीरा तैयार है। बेसन का शीरा पीने के बाद बच्चों को खुली हवा में बाहर ना भेंजे। क्योंकि ऐसा करने से इसका असर कम हो जाता है। बेसन का शीरा पीने के बाद बच्चे सोने दें।

## बासी पोहा हो गया सख्त तो अपनाइए ये आसान नुस्खा, मिलेगा वही पुराने जैसा स्वाद

नाश्ते में पोहा खाना आखिरकार किसे अच्छा नहीं लगता। सुबह अक्सर चाय के साथ पोहा खाने में एक अलग ही मजा आता है। लेकिन पोहा केवल तभी अच्छा लगता है, जब उसे बनाकर गरमा-गरम सर्व किया जाए। अगर उसे बाद में खाया जाता है तो वह थोड़ा सख्त और सूखा-सूखा महसूस होता है। इतना ही नहीं, उसका वो टेक्सचर भी गायब हो जाता है, जिसकी वजह से उसे खाने का मन ही नहीं करता है। हालांकि, अगर आप ऐसे में उसे फेंकने की सोच रहे हैं तो जरा ठहरिए। अगर आप चाहें तो थोड़ा सा जादू करने पर बासी पोहा को फिर से नरम, टेस्टी और फ्रेश बना सकते हैं।

वास्तव में, पोहा उन आसान डिशेज में से है, जिसे अगर सही ट्रिक से दोबारा गरम किया जाए तो उसका स्वाद और टेक्सचर दोनों ही पहले जैसा हो जाता है। तब आपको उसे खाते समय ऐसा महसूस होता है, जैसा कि इसे अभी-अभी गरमागरम बनाया गया हो। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसे ही आसान टिप्स के बारे में बताने वाले हैं, जो आपके बासी पोहे को फिर से टेस्टी बनाने में मदद करेंगे-

### थोड़ा पानी छिड़कें

यह एक आसान तरीका है बासी पोहा को फिर से फ्रेश करने का। इसके लिए सबसे पहले पोहे को एक कटोरे या कड़ाही में डालिए और उस पर 2-3 चम्मच पानी हल्के से छिड़किए। अब इसे ढककर 2-3 मिनट के लिए रख दीजिए। दरअसल, पोहा इसलिए सूख जाता है क्योंकि उसमें से नमी निकल जाती है। थोड़ा पानी और भाप उसे चिपचिपा किए बिना दोबारा नरम बना देते हैं।

### थोड़ा तेल या घी डालकर दोबारा गरम करें



एक पैन में 1 चम्मच तेल या घी गरम करें। चाहें तो उसमें थोड़े राई के दाने, करी पत्ता या एक चुटकी हल्दी डालें। अब उसमें बासी पोहा डालकर 1-2 मिनट तक चलाइए। जब आप पोहे को हल्का सा भूनते हैं तो इससे पोहे की खुशबू और स्वाद दोनों ताजा हो जाते हैं। तेल हर दाने को कोट कर देता है जिससे पोहा दोबारा चिपकता नहीं है।

### आजमाएं माइक्रोवेव ट्रिक

अगर आपके पास समय कम हो तो माइक्रोवेव की इस ट्रिक को भी आजमाया जा सकता है। इसके लिए सबसे पहले पोहे पर थोड़ा पानी छिड़कें, फिर उस पर गीला टिशू पेपर या माइक्रोवेव ढक्कन रखकर 30-40 सेकंड के लिए गरम करें। गीला टिशू भाप को अंदर रोकता है, जिससे पोहा बराबर गरम होता है और सूखता नहीं है।



## किचन के इन 3 मसालों से पाएं मुंह की बदबू से छुटकारा, बनाएं नेचुरल माउथवॉश!

हर भारतीय के किचन में पाए जाने वाले ये मसाले केवल खाना का स्वाद ही नहीं, मुंह की दुर्गंध और बैक्टीरिया को दूर भागा देते हैं। आपकी रसोई में रखें इन 3 मसालों से तैयार करें नैचुरल माउथवॉश। मुंह की दुर्गंध, मसूड़ों की सूजन और बैक्टीरिया संक्रमण की समस्या से परेशान हो गए हैं, तो यह लेख आपके लिए है। वैसे तो बाजार में कई सारे माउथवॉश मिलते हैं लेकिन इनमें केमिकल और अल्कोहल की मात्रा होती है। यह अस्थायी ताजदी तो पहुंचता हैं लेकिन लंबे समय तक दातों और मसूड़ों को नुकसान भी पहुंचता है। इसी कारण आप अपने घर पर ही इन 3 मसालों से नैचुरल माउथवॉश बना सकते हैं। लौंग, चक्र फूल और दालचीनी से बना यह घरेलू माउथवॉश आपके लिए बेहद ही फायदेमंद होगा। यह माउथवॉश आपके मुंह के बैक्टीरिया को खत्म करता है। आइए आपको बताते है इसे कैसे बनाएं।

माउथवॉश बनाने की विधि

सामग्री

- 4-5 लौंग
- 2 चक्र फूल
- 1 दालचीनी का टुकड़ा
- 1 कप पानी

इसे बनाने का तरीका

– सबसे पहले आप एक पैन में पानी डालें। फिर इसमें लौंग, दालचीनी और चक्र फूल को डालें।

– फिर आप इसे 7-8 मिनट तक उबालें। इसे तब तक उबालें जब तक इसका रंग हल्का भूरा न लग जाएं।

– जब यह पानी ठंडा हो जाए, तो इसे कांच की बोतल में भरकर रख दें।

– इसे घरेलू माउथवॉश से आप दिन में 1 या 2 बार कुल्ला जरुर करें।

घरेलू माउथवॉश इस्तेमाल करने के फायदे

– मुंह की दुर्गंध दूर करता है और सांसों को लंबे समय तक तरोताजा रखता है।

– इसमें एंटीबैक्टीरियल के गुण होते हैं, जो कि मुंह में बैक्टीरिया को खत्म करते हैं।

– मसूड़ों की सूजन को कम करता है और ओरल हेल्थ को बेहतर बनाता है।

– यह एक प्रकार से 100% प्राकृतिक और केमिकल-फ्री जो दांतों के एनामेल को नुकसान नहीं पहुंचाता है।

# मार्को जानसन के 6 विकेटों ने ढाया कहर: भारतीय टीम 201 रनों पर सिमटी, दक्षिण अफ्रीका की 314 रनों की बढ़त

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** गुवाहाटी में चल रहे दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन दक्षिण अफ्रीका ने भारत को सिर्फ 201 रनों पर आउट कर 288 रनों की विशाल बढ़त हासिल कर ली। मेहमान टीम की पहली पारी में शानदार प्रदर्शन करने वाले मार्को जेनसन ने 48 रन देकर 6 विकेट लिए, जिससे भारतीय बल्लेबाजी क्रम लड़खड़ा गया। भारतीय टीम को कमज़ोर स्कोर पर आउट करने के बाद, दक्षिण अफ्रीका ने फिर से बल्लेबाजी की और तीसरे दिन का खेल आठ ओवर में 26/0 पर समाप्त हुआ। सलामी बल्लेबाज़ एडेन मार्करम (12*) और रयान रिकेल्टन (13*) नाबाद क्रीज़ पर थे और दक्षिण अफ्रीका 314 रनों की बढ़त के साथ आगे था।

भारत ने लंच के बाद के सत्र में 174/7 के स्कोर से शुरुआत की, जिसमें वाशिंगटन सुंदर (33*) और कुलदीप यादव (14*) नाबाद रहे और भारत 315 रनों से पीछे था। वाशिंगटन और कुलदीप ने सतर्कता से खेलते हुए बीच-बीच में चौके भी लगाए। हालांकि, प्रोटियाज़ स्पिनर साइमन हार्मर ने दिन का अपना तीसरा विकेट हासिल किया और वाशिंगटन को आउट कर दिया, जिससे भारत की विरोधी टीम की बढ़त को और कम करने की उम्मीदों पर पानी फिर गया। हार्मर की आउटसाइड ऑफ स्टंप गेंद पर वाशिंगटन ने पहली स्लिप में खड़े एडेन मार्करम को कैच थमा दिया। वाशिंगटन ने 92 गेंदों पर 48 रन बनाने के बाद अपना विकेट गंवा दिया, जिससे भारत का स्कोर 194/8 हो गया।

जसप्रीत बुमराह के रूप में नए बल्लेबाज़ कुलदीप के साथ क्रीज़ पर थे, और जैनसन, जो पहले ही चार विकेट ले चुके थे, दूसरे छोर से भारतीय पुछल्ले बल्लेबाज़ों को लगातार परेशान कर रहे थे। दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज़ों ने 81वें ओवर में दूसरी नई गेंद ली और कुछ ही देर में कुलदीप भी आउट हो गए। 82वें ओवर में जैनसन ने अपना विकेट गंवा दिया और भारत का स्कोर 194/9 हो गया। कुलदीप ने 134 गेंदों पर 19 रन की ज़बरदस्त पारी खेलने के बाद शॉर्ट-लेंथ गेंद पर दूसरी स्लिप में मार्करम को कैच थमा दिया। कुलदीप के विकेट के साथ ही जैनसन ने पाँच विकेट पूरे कर लिए।

मोहम्मद सिराज और बुमराह के क्रीज़ पर रहते हुए, भारत ने सात रन और जोड़े, इससे पहले जैनसन ने बुमराह का भी विकेट लिया, जिससे पारी में उनके विकेटों की संख्या छह हो गई। इससे पहले, भारत ने दूसरे सत्र की शुरुआत 102/4 से की, जिसमें कप्तान ऋषभ पंत (6*) और रवींद्र जडेजा (0*) नाबाद थे। मेजबान टीम का बल्लेबाजी में संदिग्ध रवैया जारी रहा, क्योंकि कप्तान पंत ने एक जोरदार शॉट खेला, लेकिन गेंद दक्षिण अफ्रीकी विकेटकीपर काइल वेरिन के हाथों में चली गई।

पंत भारत के स्कोर में सिर्फ सात रन ही जोड़ पाए और भारत ने 37.2 ओवर में 109 रन पर अपनी आधी टीम गंवा दी। नितीश कुमार रेड्डी भी ज़्यादा देर तक क्रीज़ पर नहीं




टिक सके और एडेन मार्करम के शानदार कैच ने उनकी पारी का अंत कर दिया, जो 18 गेंदों में 10 रन पर थी। जेनसन अपनी लंबाई और उछाल से भारत को परेशान करते रहे, जिसका सामना करना जडेजा के लिए भी मुश्किल रहा। रवींद्र जडेजा के आउट होने के साथ ही भारत का स्कोर 43.3 ओवर में 122/7 हो गया। वाशिंगटन सुंदर और कुलदीप यादव ने बल्ले से भारत की लड़ाई को और लंबा खींचा और 56.3 ओवर में भारत को 150 के पार पहुँचा दिया। सुंदर ने जहाँ कुछ आक्रामक शॉट लगाए, वहीं कुलदीप ने भी कुछ रन बटोरे।

## अब राहुल की कप्तानी में खेलते नजर आयेंगे विराट और रोहित




**मुम्बई (एजेंसी)।** अनभवी बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा और विराट कोहली को प्रशंसक अब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में खेलते हुए देख पायेंगे। ये सीरीज इस माह के अंत में खेली जाएगी। इस सीरीज में भारतीय टीम के एल राहुल की कप्तानी में उतरेगी। ऐसे में ये दोनो ही दिग्गज शुभमन गिल के बाद अब राहुल की कप्तानी में खेलते हुए दिखेंगे। इसमें सभी की नजरें विराट और रोहित के प्रदर्शन पर रहेंगी। प्रशंसक भी इनसे बड़ी पारी की उम्मीद करेंगे। इस सीरीज में प्रदर्शन के आधार पर ही इन दोनो को आगे अवसर मिलेगा।

इस सीरीज के लिए बीसीसीआई ने रविवार को 15 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। शुभमन की गर्दन में अकड़न के कारण उनकी जगह राहुल को कप्तानी मिली है। इससे पहले रोहित और विराट ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में शुभमन की कप्तानी में एकदिवसीय सीरीज खेली थी। रोहित और विराट के होने से शीर्ष और मध्य क्रम मजबूत होगा। इससे टीम मे स्थायित्व आने की संभावना है। वहीं उप कप्तान की जिम्मेदारी विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को दी गयी है। इसी सीरीज में शुभमन की जगह पर रुतुराज गायकवाड़ को शामिल किया गय है। रुतुराज ने भारत ए की ओर से हाल में काफी अच्छा प्रदर्शन किया था। इसके अलावा ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा भी इसी सीरीज में खेलेंगे। एशिया कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले तिलक वर्मा को भी इस टीम में शामिल किया गया है।

## टोक्यो से भी बड़ा कारनामा! ब्लाइंड महिला टी20 विश्व कप भारत ने जीता, पीएम-जय शाह ने सराहा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार आयोजित हुए दृष्टिबाधित महिला टी20 विश्व कप में जीत के लिए भारतीय महिला टीम को बधाई दी और कहा कि यह कड़ी मेहनत, टीम वर्क और दृढ़ संकल्प का एक शानदार उदाहरण है। भारत ने दृष्टिबाधित महिला टी20 विश्व कप के पहले संस्करण को जीतकर इतिहास रच दिया। भारत ने रविवार को कोलंबो में एकतरफा फाइनल में नेपाल को सात विकेट से हराया।

प्रधानमंत्री मोदी ने X पर पोस्ट किया कि भारतीय दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट टीम को पहला दृष्टिबाधित महिला टी20 विश्व कप जीतकर इतिहास रचने के लिए बधाई! इससे भी अधिक सराहनीय बात यह है कि वे श्रृंखला में अपराजित रहीं। यह वास्तव में एक ऐतिहासिक खेल उपलब्धि है, कड़ी मेहनत, टीम वर्क और दृढ़ संकल्प का एक शानदार उदाहरण है। प्रत्येक खिलाड़ी एक चैंपियन है! टीम को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएँ। यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगी।

## भारतीय टीम को दूसरा टेस्ट जीतने आक्रामक रणनीति अपनानी होंगी: शास्त्री

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने कहा है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गुवाहाटी टेस्ट में भारतीय टीम को अगर जीत दर्ज करनी है तो उसे आक्रामक बल्लेबाजी करने होगी। शास्त्री ने कहा कि भारतीय बल्लेबाजों को अधिक समय खराब न करते हुए तेजी से रन बनाने चाहिए। साथ ही पहली पारी में हो सके तो दक्षिण अफ्रीका से कम रनों पर भी पारी घोषित कर दे। गौरतलब है कि भारतीय टीम ने टेस्ट क्रिकेट में केवल 4 बार दूसरी पारी में विरोधी टीम से कम पर पारी घोषित की है, इसमें एक भी बार भी भारतीय टीम को जीत नहीं मिली है। भारतीय टीम एक मैच हारी जबकि तीन ड्रॉ रहे हैं।

शास्त्री ने कहा, 'भारतीय टीम को तय करना होगा कि वे नई गेंद का सामना कैसे करते हैं, फिर गेम को आगे बढ़ाएं और जीत दर्ज करें। उन्हें फैसले लेने होंगे, जिसका अर्थ है कि आप शायद पहले घोषित करना चाहें, फिर दूसरी पारी में विरोधी टीम को जल्दी आउट करने के प्रयास करें।' उन्होंने साथ ही कहा, 'आपको ये अवसर लेने होंगे। आप दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी के 489 रन से आगे बल्लेबाजी करने का इंतजार नहीं कर सकते इसमें बहुत समय लगेगा।'

गौरतलब है कि टेस्ट क्रिकेट में 33 बार टीमों ने दूसरी पारी में पीछे होने पर पारी घोषित की है पर इसमें केवल तीन अवसरों पर ही इन टीमों को जीत मिली है। भारतीय टीम ने ऐसा चार बार किया है पर उन्हें एक बार भी जीत नहीं मिली। उन्हें एकमात्र हार 1948 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मेलबर्न में मिली थी, जब उन्होंने 103 रन कम पर पारी घोषित की थी। वहीं तीन अन्य बार मुकाबले ड्रॉ रहे थे।



## संजू सैमसन को वनडे टीम में जगह न मिलने पर भड़के अनिल कुंबले



मुम्बई (एजेंसी)। पूर्व क्रिकेटर अनिल कुंबले ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इस माह के अंत में होने वाली एकदिवसीय क्रिकेट सीरीज के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसम को शामिल नहीं किये जाने की आलोचना की है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीसीआई) ने 30 नवंबर से शुरू होने वाली एकदिवसीय सीरीज के लिए केएल राहुल को टीम का कमान बनाया है क्योंकि नियमित कप्तान शुभमन गिल गर्दन की अकड़न के कारण इस सीरीज से बाहर हैं। इस सीरीज के लिए युवा बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़, ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की टीम में वापसी हुई है पर सैमसन को एक बार फिर अवसर नहीं मिला है। माना जा रहा है कि चयनकर्ताओं ने सैमसन के अच्छे फार्म के बाद भी उनकी उपेक्षा की है। कुंबले का मानना है कि सैमसन ने पिछले कुछ समय में एकदिवसीय प्रारुप में अपनी बल्लेबाजी बेहतर बनायी है। इसके आधार पर वह टीम में जगह पाने के अधिकारी थे। कुंबले ने कहा, मैं सैमसन का देखना चाहूंगा। क्योंकि मुझे लगता है उन्होंने कुछ साल पहले जो एकदिवसीय खेला था, उसमें शतक लगाया था। मैं जानता हूं कि वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय दल में शामिल नहीं थे। वहीं ऋषभ पंत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में जगह दी गई है। वह लंबे समय बाद एकदिवसीय में वापसी में सफल रहे हैं।

## वेंकटेश प्रसाद बन सकते हैं दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजी कोच

नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स आईपीएल 2026 सीजन के लिए मुनाफ पटेल की जगह पर पूर्व भारतीय गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद को अपना नया गेंदबाजी कोच बना सकती है। इस कारण है कि मुनाफ के रहते टीम के गेंदबाजों का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है। वहीं प्रसाद का अपने करियर के दौरान प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है संन्यास के बाद वह कोच के तौर पर भी सफल रहे हैं। जिसको देखते हुए कैपिल्स टीम उन्हें शामिल करना चाहती है। वहीं मुनाफ साल 2025 में कैपिटल्स के गेंदबाजी कोच थे और उनके मार्गदर्शन में गेंदबाज प्रभावित नहीं कर पाये टीम प्लेऑफ में भी नहीं पहुंच पायी। कैपिटल्स लीग के 18वें सीजन में लगातार चार जीत के बाद भी अंक तालिका में पांचवें स्थान पर रही। इसी को देखते हुए कैपिटल्स नये सत्र में टीम नई सोच के साथ उतरना चाहती है और इसके लिए



कोचिंग टीम में बदलाव करने जा रही है। अपने पहले आईपीएल खिताब को तलाश रही कैपिटल्स के गेंदबाजी विभाग को वेंकटेश के आने से मजबूती मिलेगी। उनके नाम को लेकर सोशल मीडिया में अटकलें जारी हैं पर कैपिटल्स ने अभी तक आधिकारिक रूप से कोई बयान नहीं दिया है। फ्रेंचाइजी ने सीजन की शुरुआत शानदार प्रदर्शन के साथ की थी पर वह कमजोर गेंदबाजी के कारण दूसरे हिस्से में लड़खड़ा गयी। इसके पीछे उनकी खराब बल्लेबाजी और कमजोर गेंदबाजी रणनीति थी।

## शुभमन की गर्दन की जकड़न बनी रहस्य : किसी भी तरह की नर्व चोट नहीं पायी गयी




नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान शुभमन गिल की गर्दन की अकड़न को लेकर अभी तक रहस्य बना हुआ है। शुभमन इसी कारण दूसरे टेस्ट के साथ ही दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज से भी बाहर हो गये हैं। वहीं जांच रिपोर्ट्स के अनुसार शुभमन को किसी भी तरह की नर्व चोट नहीं है। इसके बाद भी शुभमन के दर्द से उबरने में हो रही देरी से सभी हैरान हैं। सभी हैरान हैं कि उनकी रिकवरी में इतना समय क्यों लग रहा है। साधारण हालातों में गर्दन की अकड़न आम है। यही वजह थी कि वे टीम के साथ दूसरे टेस्ट के लिए गुवाहाटी भी गये थे पर आराम नहीं मिलने के कारण अचानक ही जांच के लिए मुम्बई चले गये। अगर गर्दन की अकड़न 2 दिन में ठीक न हो, तो इसे पूरी तरह ठीक होने में 15-20 दिन तक लग सकते हैं पर परे आराम की जरुरत होती है। वहीं यदि आराम का समय न हो, तो डॉक्टर एक ऐसा इंजेक्शन देते हैं जो रिकवरी की प्रक्रिया को तेज कर देता है। इंजेक्शन का पूरा असर दिखने में लगभग 3 दिन लगते हैं। इसके बाद खिलाड़ी रीहैब शुरू कर सकता है। शुभमन को यह इंजेक्शन दे दिया गया है और प्राप्त जानकारी के अनुसार वे अब पहले से काफी बेहतर महसूस कर रहे हैं। इसी कारण अब एक-दो दिन में उनका रीहैब शुरू हो जाएगा। वे कितनी जल्दी मैदान पर लौटेंगे, यह उनके रीहैब की गति पर निर्भर करेगा. डॉक्टरों को भरोसा है कि अगर सब ठीक रहा, तो शुभमन टी20 सीरीज में खेल सकते हैं हालांकि ये अभी तक तय नहीं है।

## इटली ने स्पेन को हराकर लगातार तीसरी बार डेविस कप जीता, जानें पहले किस देश ने किया ऐसा

**बोलोग्ना (इटली) (एजेंसी)।** इटली ने यानिक सिनर की अनुपस्थिति के बावजूद स्पेन को हराकर लगातार तीसरी बार डेविस कप का खिताब जीता और इस तरह से इस प्रतिष्ठित टेनिस टूर्नामेंट में अपनी बादशाहत बरकरार रखी। सिनर की अनुपस्थिति में मैटियो बेरेटिनी और फ्लेवियो कोबोली इटली के लिए स्टार रहे। इन दोनों ने अपने एकल मैच जीतकर इटली को फाइनल में स्पेन पर 2-0 की अजेय बढ़त दिलाई।

यह इटली का लगातार तीसरा और कुल चौथा डेविस कप खिताब है। लगातार तीन खिताब जीतने वाला आखिरी देश अमेरिका था, जिसने 1968 से 1972 तक लगातार पांच खिताब जीते थे। पिछले दो वर्षों में इटली को डेविस कप का खिताब




दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले विश्व में दूसरे नंबर के खिलाड़ी सिनर ने अगले सत्र की तैयारी के लिए इस बार डेविस कप में भाग नहीं लिया।

यही नहीं इटली के विश्व में आठवें नंबर के खिलाड़ी लोरेंजो मुसेट्टी भी नहीं खेल रहे थे। इटली को उनकी जरूरत नहीं पड़ी। उसने इस सप्ताह बोलोग्ना के सुपरटेनिस एरेना में अपने तीनों मैच 2-0 से जीते। इटली ने क्वार्टर फाइनल में ऑस्ट्रिया तथा सेमीफाइनल में बेल्जियम को हराया। स्पेन भी अपने स्टार खिलाड़ी और विश्व में शीर्ष रैंकिंग वाले कार्लोस अल्काराज़ के बिना खेल रहा था।

फाइनल में बेरेटिनी ने पाब्लो कैरेनो बुस्टा को 6-3, 6-4 से हराया। उसके बाद कोबोली ने जौम मुनार को 1-6, 7-6 (5), 7-5 से हराकर इटली की जीत सुनिश्चित की। इटली ने पहली बार 1976 में डेविस कप जीता था। उसके बाद उसने 2023 और 2024 में मलागा में खिताब जीता था। यह पहली बार है जब उसने अपनी धरती पर जीत हासिल की है। छह बार का चैंपियन स्पेन 2019 के बाद पहली बार खिताबी मुकाबले में खेल रहा था।

## स्मृति मंधाना के मंगेतर पलाश भी बीमार हुए, अस्पताल ले जाया गया, तबियत में सुधार के बाद होटल लौटे

नई दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना की परेशानियां बढ़ती जा रही है। उनके पिता को जहां रविवार को दिल का दौरा पड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहीं अब उनके मंगेतर पलाश मुच्छल के भी बीमार होने की जानकारी मिली है। पलाश को इसके बाद अस्पताल ले जाया गया हालांकि तबीयत में सुधार होने की वजह से वह वापस होटल रूम में लौट आये हैं। कहा जा रहा है कि उन्हें एसीडिटी और संक्रमण हुआ था पर अब वह ठीक हैं। मंधाना ने पिता की तबीयत खराब होने की वजह से ही अपनी शादी भी टाल दी है। वहीं मंधाना परिवार के डॉक्टर, डॉ. नमन शाह ने कहा कि एक चिकित्सा टीम उनके पिता की सेहत पर नजर रख रही है। अगर उनकी तबियत स्थिर रहती है तो



उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी। उन्होंने कहा, रविवार को करीब 1.30 बजे स्मृति के पिता श्रीनिवास मंधाना को बाईं ओर सीने में दर्द हुआ। जैसे ही लक्षण दिखे, उनके बेटे ने मुझे फ़ोन किया, हमने एम्बुलेंस भेजी, उन्हें हॉस्पिटल ले जाया गया। हमें ईसीसी व दूसरी रिपोर्ट्स में पता चला कि कार्डियक एंजाइम बढ़े हुए हैं, इसलिए हमें उन्हें ऑब्ज़र्वेशन में रखा। उन्होंने साथ ही कहा, उनका ब्लड प्रेशर भी बढ़ा हुआ है, इसे कम करने के प्रयास जारी हैं। पूरी टीम उनका ध्यान रख रही है। ऐसे में अगर उनकी हालत बिगड़ती है, तो हमें एंजियोग्राफी करनी होगी।

# पाकिस्तान टीम ने बांग्लादेश को सुपर ओवर में हराकर राइजिंग स्टार्स एशिया कप ट्रॉफी जीती

**दोहा (एजेंसी)।** पाकिस्तान ए ने राइजिंग स्टार्स एशिया कप ट्रॉफी जीत ली है। पाक ए टीम ने खिताबी मुकाबले में बांग्लादेश को हराया। पाकिस्तान ए की टीम ने इसी के साथ ही तीसरी बार से ट्रॉफी अपने नाम की है। इस टूर्नामेंट का फाइनल काफी संघर्षपूर्ण रहा और सुपर ओवर में विजेता का फैसला हुआ। फाइनल में दोनो ही टीमों ने तय ओवरों में 125-125 रन बनाये जिसके कारण मैच का फैसला सुपर ओवर में हुआ। इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पाक ए की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसके सलामी बल्लेबाज यासिर खान पारी की पहली ही गेंद पर आउट हो गये। दूसरे ओवर में मोहम्मद फैक भी खाता खोले बिना ही पेवेलियन लौट गये। विकेटकीपर बल्लेबाज गाजी गोरी ने 9 गेंद में नौ रन बनाए। इसके बाद साद मसूद ने 26 गेंदों पर 3 चौकों और 3 छक्कों की सहायता से 38 रन बनाये और पारी को संभाला। अराफात मिन्हास ने 25 रन और माज सदाकत ने 23 रन बनाये। वहीं बांग्लादेश की ओर से रिपोन मोंडोल ने तीन जबकि रकिबुल हसन ने दो विकेट लिए। इसके बाद 126 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश को शुरुआत अच्छी रही पर 22 के स्कोर पर पहला विकेट गिरने के बाद टीम ने एक के बाद एक विकेट खो दिये। बांग्लादेश ए की टीम ने एक समय 96 रन पर 9 विकेट गंवा दिये थे पर 10वें नंबर के बल्लेबाज अब्दुल गफ्फार सकलैन ने नाबाद 16 और 11वें नंबर के रिपोन मोंडोल ने नाबाद 11 रन बनाये। इनके बीच 29 रनों की साझेदारी से मैच टाई को गया। पाकिस्तान के लिए सुफियान मुकीम ने 3 विकेट जबकि अहमद दानियाल ने 2 विकेट लिए। इसके बाद सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश ए की टीम उम्मीद के मुताबिक रन नहीं बना पायी। केवल 6 रन ही बना सके और 3 गेंदों में अपने दोनों विकेट खो दिए। इसके बाद जीत के लिए पाकिस्तान ए को 7 रनों का लक्ष्य मिला, जिसे साद मसूद और माज सदाकत की जोड़ी ने केवल 4 गेंदों में ही हासिल कर लिया।

## लियोनेल मेसी ने रचा इतिहास, इंटर मियामी की 4-0 से धमाकेदार जीत



स्पोर्ट्स डेस्क - फुटबॉल के बादशाह लियोनेल मेसी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि उम्र सिर्फ एक संख्या है और महानता कभी फीकी नहीं पड़ती। सिनसिनाटी में खेले गए ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस सेमीफाइनल में इंटर मियामी की 4-0 की धमाकेदार जीत के साथ मेसी ने अपने करियर का एक और ऐतिहासिक मुकाम छू लिया जिसमें 1300 गोल (गोल + असिस्ट) शामिल हैं। क्लब और देश के लिए कुल मिलाकर 896 गोल और 404 असिस्ट के साथ मेसी ने अपने करियर को नए ऊंचाई पर पहुंचा दिया है। यह उपलब्धि उन्हें आधुनिक फुटबॉल के इतिहास में एक अद्वितीय स्थान देती है।

**MLS कप फाइनल की ओर इंटर मियामी की सबसे बड़ी जीत**

इंटर मियामी ने FC सिनसिनाटी को हराकर पहली बार MLS कप ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस फाइनल में कदम रखा। मैच की शुरुआत से ही मियामी ने आक्रामक खेल दिखाया और पजेशन पर नियंत्रण बनाए रखा। 19वें मिनट में मिला पहला गोल टीम में जोश भरने वाला साबित हुआ। माटेओ सिल्वेटी के बेहतरीन क्रॉस को मेसी ने शानदार फिनिश में बदल दिया और मियामी को बढ़त दिला दी।

# हमारे मौजूदा खिलाड़ियों को शारीरिक तौर पर और बेहतर होना होगा: साइना नेहवाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने भारतीय खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन की मांगों पर खरा उतरने और प्रदर्शन में निरंतरता लाने के लिए अपनी शारीरिक फिटनेस बेहतर करने की सलाह दी है। लंदन ओलंपिक 2012 की कांस्य पदक विजेता साइना ने बताया कि मौजूदा पीढ़ी के लिए चोटें आम बात हो गई है और महिला एकल खिलाड़ियों की नई जमात में आक्रामकता का अभाव है।

लीजैंड्स विजन लीगेसी टूर इंडिया के लिए शहर में आई साइना ने कहा, 'हमें प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी। हमे सात्विक-चिराग, लक्ष्य या सिंधू या आने वाले खिलाड़ियों से लगातार अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। हमे नतीजे चाहिए। उन्हें अच्छे ट्रेनर और फिजियो देखने चाहिए। अगर शरीर 100 फीसदी फिट है तो कोचिंग कठिन नहीं है। लगातार खिताब जीतने के लिए शरीर को मजबूत बनाने की कवायद में अधिक ट्रेनर और फिजियो पर फोकस करना होगा।'

साइना ने कहा, 'विक्टर एक्सेलसेन ने यही किया और कैरोलिना मारिन ने भी। मानसिक तैयारी तो सभी की अच्छी होती है लेकिन शारीरिक तौर पर और बेहतर होने की जरूरत है।' लक्ष्य सेन ने 2025 सत्र में पहला खिताब जीता जब उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 फाइनल में जापान के युशी तनाका को हराया। साइना ने कहा, 'जीत तो जीत है जिससे आत्मविश्वास बढ़ता है। उसने इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया है। यह अच्छा संकेत है कि वह फॉर्म में लौट रहा है।'

उन्होंने कहा, 'उसने ओलंपिक में अच्छा खेला था और यहां भी। एक खिलाड़ी के तौर पर प्रशंसा और आलोचना दोनों का सामना करना पड़ता ही है। वह शीर्ष स्तर पर है और उससे लगातार जीत की अपेक्षा रहती है। वह इस समय हमारा सर्वश्रेष्ठ पुरूष खिलाड़ी है लिहाजा अतिरिक्त दबाव है लेकिन वह अच्छा खेल रहा है।'

साइना और पी वी सिंधू ने कम उम्र से ही अंतरराष्ट्रीय खिताब जीतने शुरू कर दिये थे लेकिन महिला वर्ग में मौजूदा पीढ़ी की खिलाड़ी उस तरह का प्रभाव नहीं छोड़ पाई है। साइना ने कहा, 'शायद इस पीढ़ी में आक्रामकता कम है। मैं और सिंधू अधिक आक्रामक और ताकतवर थे। हम जब 18 बरस के हुए, तब तक अच्छे नतीजे मिलने लगे थे।'



# ऑपरेशन सिंदूर सशस्त्र बलों के तालमेल का बेहतर उदाहरण : जनरल द्विवेदी



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा कि सशस्त्र बलों की ताकत तालमेल में निहित है और ऑपरेशन सिंदूर इसका श्रेष्ठ उदाहरण है। वे मुंबई में माहे श्रेणी के प्रथम पनडुब्बी रोधी उथले जल के युद्धपोत आईएनएस माहे के जलावतरण के मौके पर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बहु-क्षेत्रीय परिचालन के युग में समुद्र की गहराई से लेकर ऊंचाई वाले सीमावर्ती क्षेत्रों तक एक साथ मिलकर कार्य करने की देश की क्षमता भारतीय गणराज्य के सुरक्षा प्रभाव को निर्धारित करेगी। इस मौके पर जनरल द्विवेदी ने कहा, ''ऑपरेशन सिंदूर सशस्त्र बलों के तालमेल का बेहतर उदाहरण था।'' भारत ने अप्रैल 2025 में हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान में आतंकी बुनियादी ढांचे को निशाना बनाकर ऑपरेशन सिंदूर के तहत सैन्य कार्रवाई की थी।

# उत्तराखंड के टिहरी में बस खाई में गिरी, 5 लोगों की मौत

टिहरी (एजेंसी)। उत्तराखंड के टिहरी जिले के नरेंद्रनगर क्षेत्र में सोमवार को करीब 28 यात्रियों को ले जा रही एक बस के गहरी खाई में गिरने से पाँच लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) के अधिकारियों के अनुसार, जिला नियंत्रण कक्ष ने एसडीआरएफ वाहिनी नियंत्रण कक्ष को दुर्घटना की सूचना दी, जिसमें बताया गया कि वाहन नरेंद्रनगर थाना क्षेत्र में सड़क से फिसल गया था। शुरुआत में बस में 30 से 35 लोगों के सवार होने का अनुमान लगाया गया था। अलर्ट पर कार्रवाई कर एसडीआरएफ ने पोस्ट ढालवाला, पोस्ट कोटी कॉलोनी और एसडीआरएफ कोर मुख्यालय से पाँच टीमों को घटनास्थल पर तैनात किया। एसडीआरएफ अधिकारियों ने घटनास्थल पर पाँच लोगों की मौत की पुष्टि की है। अन्य सभी घायल यात्रियों को खाई से निकालकर इलाज के लिए नज़दीकी अस्पतालों में पहुँचाया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि बस में सवार यात्री कथित तौर पर राज्य के बाहर के थे।

# भदौही में केमिकल टैंक में गिरने से तीन मजदूरों की मौत

भदौही (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के भदोही जिले के उगापुर बाजार स्थित सूर्या कंपनी के डाइंग प्लांट में खौलते केमिकल टैंक में गिरने से तीन मजदूरों की मौत हो गई, जबकि एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा सोमवार को लगभग 11 बजे हुआ। घायल मजदूर को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिसकी हालत नाजुक है। पुलिस और जिला प्रशासन (एसडीएम भदौही) मौके पर हैं और हादसे के कारणों की जांच तथा सुरक्षा मानकों की समीक्षा कर रहे हैं। प्लांट परिसर में हड़कंप और मजदूरों में रोष व भय का माहौल है। वहीं एक अन्य घटना में नाबालिग लड़की के अपहरण के आरोपी नाबालिग लड़के सूर्यभान यादव (होमगार्ड संजय यादव का बेटा) का शव रविवार को चकवा महावीर के पास स्थित एक तालाब से संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ। सूर्यभान पर एक स्थानीय महिला की नाबालिग बेटी को 27 अक्टूबर को अपहरण करने का आरोप था (रिपोर्ट 1 नवंबर को दर्ज हुई थी)। पुलिस ने लड़की और सूर्यभान दोनों को 19 नवंबर को बरामद कर लिया था। एक दिन पहले तालाब के पास से आरोपी की पतलून, बेल्ट, आधार कार्ड और पांच पन्नों का कथित सुसाइड नोट मिला था। मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में संबंधित थाना प्रभारी को निलंबित कर दिया गया है।

# चार नए श्रम कानूनों के विरोध में धनबाद में हुआ विरोध प्रदर्शन

रांची (एजेंसी)। भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्र (सीटू) द्वारा झारखंड के धनबाद में आयोजित अपने राज्य सम्मेलन के दौरान केंद्र सरकार के चार नए श्रम कानूनों (लेबर कोड्स) के विरोध को दर्शाती है सीटू इन चार नए लेबर कोड्स को श्रमिक विरोधी और पूंजीपतियों के हित में बनाया गया मानती है। सीटू ने इन कानूनों के विरोध में राज्यव्यापी आंदोलन शुरू करने की घोषणा की है। सम्मेलन के दौरान, चार नए लेबर कोड और नई श्रमशक्ति नीति 2025 के विरोध में- एक किलोमीटर लंबी मानव श्रृंखला बनाई गई, मोदी सरकार का पुतला दहन किया गया। विरोध-प्रदर्शन का नेतृत्व सीटू के राष्ट्रीय महासचिव तपन सेन (पूर्व राज्यसभा सदस्य) ने किया। सीटू ने बताया कि 26 नवंबर से देशव्यापी आंदोलन की रणनीति तैयार की जा रही है। राजनीतिक-सांगठनिक प्रतिवेदन पर बहस के बाद सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। केंद्र सरकार की नई श्रमशक्ति नीति 2025 और लेबर कोड वापस लिए जाएं। सार्वजनिक क्षेत्र के निजीकरण का विरोध किया जाए। किसान-मजदूर एकता को मजबूत किया जाए। 26 नवंबर को कार्यस्थलों और जिला मुख्यालयों पर जुझारू विरोध-प्रदर्शन किए जाएं।

# पंकजा मुंडे का पीए गिरफ्तार, पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप

मुंबई(एजेंसी)। महाराष्ट्र सरकार में मंत्री पंकजा मुंडे के निजी सहायक (पीए) अनंत गर्जे को अपनी पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि गर्जे की पत्नी डॉ गौरी पालवे (28) ने कथित तौर पर घरेलू विवाद के कारण वर्ली स्थित अपने फ्लैट में फंदे से लटकर आत्महत्या कर ली। पालवे के पिता द्वारा दर्ज कराई शिकायत के आधार पर पुलिस ने गर्जे और उसके दो रिश्तेदारों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। इसके बाद पुलिस ने गर्जे को गिरफ्तार किया। दोनों का विवाह इसी साल फरवरी में हुआ था और पालवे सरकारी केईएम अस्पताल में दंत चिकित्सक के रूप में कार्यरत थीं। पुलिस के मुताबिक पालवे के परिवार ने आरोप लगाया है कि उसके पति ने उसे प्रताड़ित और परेशान किया था, इसकारण महिला ने आत्मघाती कदम उठाया।

# 20 दिन में एसआईआर प्रक्रिया के तहत 99.07 प्रतिशत मतदाता विशिष्ट गणना प्रपत्र का वितरण पूरा

## भारतीय चुनाव आयोग ने एसआईआर को लेकर दिया ब्यौरा




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के 12 राज्यों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का काम चल रहा है। भारतीय चुनाव आयोग ने बताया कि करीब 20 दिन में एसआईआर प्रक्रिया के तहत 99.07 प्रतिशत मतदाता विशिष्ट गणना प्रपत्र का वितरण पूरा हो गया है। चुनाव आयोग के अनुसार, गोवा और लक्षद्वीप में गणना प्रपत्र का 100 प्रतिशत वितरण सबसे पहले हुआ है। अभी अंडमान और निकोबार में 99.98 प्रतिशत, मध्यप्रदेश में 99.83 प्रतिशत, पश्चिम बंगाल में 99.75 प्रतिशत और गुजरात में 99.69 प्रतिशत गणना प्रपत्र बांटे गए हैं।

चुनाव आयोग रोजाना एसआईआर प्रक्रिया से जुड़े आंकड़े जारी कर रहा है। नए आंकड़ों के अनुसार, मतदाता संख्या के हिसाब से सबसे बड़े राज्य यूपी में 99.62 प्रतिशत गणना प्रपत्र का वितरण पूरा हुआ है, जहां कुल मतदाता 15.44 करोड़ से अधिक हैं। पुडुचेरी में 95.58 प्रतिशत, तमिलनाडु में 96.22 प्रतिशत और केरल में 97.33 प्रतिशत गणना प्रपत्र बांटने का काम हुआ है।

जिन 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर का काम जारी है, उसमें अंडमान और निकोबार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, लक्षद्वीप, मध्यप्रदेश, पुडुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल शामिल हैं।

आयोग के अनुसार, 12 राज्यों में 4 नवंबर से जारी एसआईआर प्रक्रिया के तहत कुल योग 50.97 करोड़ से अधिक मतदाताओं में से अब तक कुल 50.50 करोड़ से अधिक गणना प्रपत्र बंट चुके हैं। एसआईआर की ऑनलाइन प्रक्रिया ने भी तेजी पकड़ी है और 12 राज्यों में अब तक 24.13 करोड़ से अधिक फॉर्म को अपलोड किया गया है, यानी कुल डिजिटाइजेशन रेट 47.35 प्रतिशत है।

ऑनलाइन प्रक्रिया के मामले में, लक्षद्वीप 96.81 प्रतिशत के साथ सबसे आगे है। उसके बाद गोवा में 76.89 प्रतिशत और राजस्थान में 72.20 प्रतिशत फॉर्म का डिजिटाइजेशन हुआ है। केरल में सबसे कम डिजिटाइजेशन प्रोग्रेस (सिर्फ 23.72 प्रतिशत) रही है। उत्तर प्रदेश में 26.60 प्रतिशत डिजिटाइजेशन हुआ है।

# सिंधुदुर्ग में नगर परिषद और नगर पंचायत चुनाव से पहले महायुति गठबंधन के टूटने की खबरें

**मुंबई (एजेंसी)।** सिंधुदुर्ग में आगामी नगर परिषद और नगर पंचायत चुनाव से पहले महायुति गठबंधन के टूटने की खबरें है। शिवसेना विधायक नीलेश राणे ने गठबंधन टूटने का दोष भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण पर लगाया है। गठबंधन भाजपा के वरिष्ठ नेतृत्व के कारण नहीं, बल्कि चव्हाण के व्यक्तिगत कारणों से टूटा है। राणे और चव्हाण के बीच तनावपूर्ण संबंध बताए गए हैं। शिवसेना विधायक राणे ने सवाल किया कि अगर रत्नागिरी (राजापुर, लांजा) और चिपलुन में सीट बंटवारा संभव था, तब सिंधुदुर्ग में क्यों नहीं? उन्होंने दावा किया कि मालवन में शिवसेना 10 सीटें देने को तैयार थी, और सावंतवाडी में दीपक केसरकर 50-50 फॉर्मूले के लिए तैयार थे। कणकवली में शिवसेना को केवल एक या दो सीट पर चुनाव लड़ने को कहा गया। राणे ने कहा कि प्रचार बैनर से उनकी और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की तस्वीरें हटा दी गईं, जिससे उन्हें दुख हुआ। विधायक नीलेश राणे ने चव्हाण के तीन दिन तक सिंधुदुर्ग में रहने पर भी सवाल उठाया और कहा कि वह बाद में बताएंगे कि उनकी बैठकों में क्या निर्णय हुआ। राणे ने कहा कि मतभेद के बावजूद, शिवसेना ने गठबंधन बनाए रखने की कोशिश की। नीलेश राणे ने कहा कि अब वह अपने पिता और भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण राणे के किसी भी निर्णय को स्वीकार करने को तैयार है। सिंधुदुर्ग में शहार विकास आघाडी का गठन हुआ है, जिसमें शिवसेना, उद्धव ठाकरे की शिवसेना (उबाठा), कांग्रेस, और शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद्र पवार) शामिल हैं। उन्होंने विवाद को तूल न देने की कोशिश की और कहा कि उनके भाई ने किसी का नाम नहीं लिया है। उन्होंने नीलेश राणे के आरोपों पर अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

# आईआरसीटीसी घोटाला: मामले की सुनवाई कर रहे जज को बदलने की मांग




**-बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी ने मुकदमे में पक्षपात की जताई आशंका**

**पटना (एजेंसी)।** बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी ने दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट के प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट जज की कोर्ट में याचिका दायर कर आईआरसीटीसी घोटाले की सुनवाई कर रहे जज विशाल गोगने की अदालत से अपना केस किसी और जज के पास ट्रांसफर करने की अपील की है। राबड़ी ने मुकदमे में पक्षपात की आशंका जताई है। गोगने की अदालत में लालू यादव और राबड़ी देवी के परिवार से जुड़े चार मामले की सुनवाई चल रही है। 13 अक्टूबर को अदालत ने लालू यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव समेत अन्य आरोपियों पर आरोप गठित किया था।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक राबड़ी देवी ने अपनी याचिका में आईआरसीटीसी घोटाला, नौकरी के बदले जमीन घोटाला जैसे मामले दूसरे जज के पास ट्रांसफर करने की गुजारिश की है। राबड़ी ने एमपी-एमएलए कोर्ट के जिला जज की अदालत में दायर इस याचिका में अपने मुकदमों के जज पर पूर्वाग्रह से ग्रस्त होकर सुनवाई करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि जज अभियोजन पक्ष की तरफ झुके हैं। उन्होंने याचिका में लिखा है कि उनके खिलाफ मुकदमों की सुनवाई और उस दौरान दिए गए आदेशों से उन्हें पक्षपात की आशंका है, इसलिए न्यायपूर्ण सुनवाई के लिए मामले को दूसरे जज की कोर्ट में ट्रांसफर किया जाए।

राबड़ी देवी के वकील ने इस बात की जानकारी संबंधित जज को दी और उन्हें बताया कि इस पर जल्द सुनवाई हो सकती है। संभावना है कि इस अपील पर मंगलवार को सुनवाई हो सकती है। मामले में चार्ज फ्रेम का चरण पूरा हो चुका है। लालू परिवार पर रेलवे की नौकरी दिलवाने के बदले भी औने-पौन भाव पर बेशकीमती जमीन लेने का आरोप है, जिसको लेकर ईडी का मुकदमा भी चल रहा है।

# अरुणाचल निवासी महिला से शंघाई एयरपोर्ट पर बदसलूकी, चीनी अफसरों ने कहा... अरुणाचल चीन का हिस्सा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अरुणाचल प्रदेश निवासी एक महिला ने आरोप लगाया कि चीन में अधिकारियों ने उसके भारतीय पासपोर्ट को पहचानने से मना किया। महिला का कहना है कि इमिग्रेशन अफसरों ने इतना तक कहा कि अरुणाचल चीन का हिस्सा है। महिला का कहना है कि चीनी इमिग्रेशन अफसरों ने शंघाई एयरपोर्ट पर उसके साथ दुर्व्यवहार किया। इतना ही नहीं महिला को हिरासत में लेकर घंटे तक प्रताड़ित किया गया। भारतीय मूल की यह महिला ब्रिटेन में रहती है। इस महिला का नाम प्रेमा वांगजोम थोंकडोक है। वह 21 नवंबर को लंदन से जापान की यात्रा कर रही थी। यात्रा के दौरान वह शंघाई पुडांग एयरपोर्ट पर ट्रांजिट हाल्ट के लिए ठहरी थी। महिला का आरोप है कि इमिग्रेशन काउंडर पर अधिकारियों ने उसके पासपोर्ट को अवैध बताया। ऐसा करने की वजह यह थी पासपोर्ट पर महिला का जन्मस्थान अरुणाचल प्रदेश लिखा था।

महिला ने कहाकि इमिग्रेशन के बाद मैंने अपना पासपोर्ट जमा किया और सिक्योरिटी का इंतजार करने लगी। तभी अधिकारी आया और मेरा नाम लेकर इंडिया-इंडिया चिल्लाने लगा। वह मेरी तरफ इशारा भी कर रहा था। महिला के मुताबिक इस पर जब मैंने पूछा, तब वह मुझे इमिग्रेशन डेस्क पर ले गया और कहा कि अरुणाचल, वैध पासपोर्ट नहीं। इस पर जब महिला ने पूछा कि आखिर उसका भारतीय पासपोर्ट वैध क्यों नहीं है? इस पर उस अधिकारी ने कहा कि अरुणाचल चीन का हिस्सा है।

इसके बाद प्रेमा ने याद किया कि बीते साल भी जब शंघाई ट्रांजिट किया था, जब ऐसा कुछ नहीं हुआ था। महिला का यह भी कहना है कि कई अन्य इमिग्रेशन अधिकारियों और चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस स्टाफ ने उसका मजाक उड़ाया। इतना ही नहीं इन लोगों ने चीनी पासपोर्ट के लिए अप्लाई करने की सलाह दे डाली।

इस पूरे घटनाक्रम के बाद वह एक ब्रिटिश दोस्त के सहारे किसी तरह शंघाई के भारतीय कांसुलेट पहुंची। इसके बाद वहां भारतीय अधिकारियों ने महिला की मदद की। अब प्रेमा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य अधिकारियों को चिट्ठी लिखी है। महिला ने भारतीय सरकार से अनुरोध किया है कि वह इस मामले को बीजिंग में अधिकारियों के सामने उठाए।

# कर्नाटक कांग्रेस में दबाव की राजनीति या कुछ और करने दिल्ली पहुंचे शिवकुमार समर्थक

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक कांग्रेस में सत्ता परिवर्तन के लिए दबाव की राजनीति जारी है। इसके चलते उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के समर्थक विधायक दिल्ली पहुंच रहे हैं। दो समूह पहले ही दिल्ली में डेरा डाले हुए थे, वहीं अब तीसरा समूह, जिसमें लगभग 6 से 8 विधायक शामिल बताए जा रहे हैं, भी राजधानी पहुंच गए हैं। सूत्रों के अनुसार, शिवकुमार गुट के विधायक चाहते हैं कि कांग्रेस हाईकमान नेतृत्व, सत्ता संतुलन और संगठन से जुड़े मामलों पर स्पष्ट रुख दिखाए। पिछले एक हफ्ते में यह तीसरी बार है जब शिवकुमार समर्थक विधायक दिल्ली पहुंचे हैं। लगातार यात्राओं ने बेंगलुरु से दिल्ली तक राजनीतिक तापमान बढ़ा दिया है।

### बेंगलुरु में हैं खड़गे

शिवकुमार समर्थक विधायक भले ही दिल्ली में मुलाकात का समय मांगते हुए डटे हैं, लेकिन इस समय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे खुद बेंगलुरु में हैं। सूत्र बताते हैं कि खड़गे की दिल्ली वापसी फिलहाल टाल दी गई है और वे लगातार राज्य के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठकें कर रहे हैं। इससे साफ जाहिर हो रहा है कि पार्टी केंद्रीय नेतृत्व किसी जल्दबाजी में कोई फैसला लेने के पक्ष में नहीं है। बेंगलुरु में नेताओं की लगातार बैठकें और दिल्ली में विधायकों की लामबंदी–दोनों घटनाक्रमों को कर्नाटक कांग्रेस में बढ़ते असंतोष से जोड़ा जा रहा है। हाल ही में हुई डिनर मीटिंग में भी कई नेताओं ने नेतृत्व से कहा था कि वे मौजूदा स्थिति पर स्पष्ट निर्णय दें, जिससे संगठन में बन रही असमंजस की स्थिति खत्म हो सके। हालांकि पूरे घटनाक्रम पर वरिष्ठ नेता खुलकर टिप्पणी करने से बच रहे हैं।



# अयोध्या राम मंदिर ध्वजारोहण पर शंकराचार्य ने उठाए सवाल; कहा- पूरा कार्यक्रम ही शास्त्र के विपरीत

**वाराणसी (एजेंसी)।** अयोध्या में कल 25 नवंबर को एक भव्य ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ संघ प्रमुख मोहन भागवत, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल सहित कई लोग शिरकत करेंगे। यह भव्य आयोजन ट्रस्ट बड़े ही विशाल रूप में कर रहा है, जिसे लेकर तैयारियां और अनुष्ठान जारी है। वहीं, ध्वजारोहण को लेकर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि शास्त्रों में कहीं ध्वजारोहण जैसी चीज मंदिरों के लिए है ही नहीं। ध्वज बदलने की परंपरा है। यहां सिर्फ और सिर्फ सब मनमाने तरीके से किया जा रहा है। शास्त्रों का कोई ध्यान नहीं रखा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि 25 तारीख को ध्वजारोहण का कार्यक्रम हो रहा है। मेरे हिसाब से शास्त्र में ऐसा उल्लेख कहीं नहीं है कि मंदिर पर ध्वजारोहण किया जाए। ध्वजारोहण का कार्यक्रम धार्मिक रूप से कहीं नहीं होता है। मैंने कहीं पढ़ा भी नहीं है। ध्वज बदला जाता है, एक बार जब ध्वज स्थापित होता है। शिखर की प्रतिष्ठा होती है उसके बाद यहां तो शिखर की प्रतिष्ठा हुई ही नहीं। कहा भी न ही कहा जा रहा है कि शिखर की प्रतिष्ठा होगी। मैं जहां भी देख रहा हूं वह यही कह रहे हैं।

उन्होंने कहा कि चंपत राय भी ध्वजारोहण की बात कह रहे हैं। धीरे-धीरे ध्वज ऊपर जाएगा। ध्वजारोहण शब्द शास्त्र में कहीं है ही नहीं, आरोहण का क्या मतलब हुआ, धीरे-धीरे राष्ट्रध्वज ऊपर जाता है, ऐसे कहीं ध्वज मंदिर के ऊपर चढ़ने की परंपरा है ही नहीं। उन्होंने कहा किसी मंदिर में ध्वजारोहण होता ही नहीं है। भगवान जगन्नाथ जी के मंदिर में प्रतिदिन ध्वज बदला जाता है। एक व्यक्ति ध्वज लेकर ऊपर जाता है और उसे बदलता है उसका आरोहण नहीं होता है। द्वारिका जी में एक दिन में तीन से चार ध्वज बदला जाता है। वहां भी ध्वजारोहण नहीं होता है। ध्वज का बदला जाना तब होगा, जब पहले वहां ध्वज और शिखर की प्रतिष्ठा हो। ऐसी कोई बात कही नहीं जा रही की शिकार की प्रतिष्ठा हो शास्त्र के अनुसार या उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम में हमारे भाग लेने का कोई तात्पर्य ही नहीं है। अयोध्या के ट्रस्ट का मन कुछ भी शास्त्र अनुसार करने का नहीं दिखाई पड़ रहा है। उनका कहना है कि इस पूरे आयोजन में शंकराचार्य को बुलाया ही नहीं गया है। मैंने तो शास्त्रों में ऐसा उल्लेख पढ़ा ही नहीं है, जो वहां होने जा रहा है। वहां पर सब कुछ मनमाना किया जा रहा है।



# आतंकवाद समर्थकों व युवाओं को कट्टरपंथ की ओर धकेलने वालों पर हो सख्त कार्रवाई

## जम्मू-कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा ने सुरक्षा समीक्षा बैठक में दिए निर्देश



**जबलपुर (एजेंसी)।** जम्मू,(ईएमएस)। जम्मू-कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा ने उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक में उन्होंने अधिकारियों को आतंकवाद के समर्थकों और युवाओं को कट्टरपंथ की ओर धकेलने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। सिन्हा ने आतंकवादियों के खिलाफ खुफिया अभियानों को तेज करने के लिए कहा। साथ ही आतंकी संगठनों की ओर से कट्टरपंथ और वित्तपोषण के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले डिजिटल मंचों की निगरानी के लिए ठोस प्रयास करने को भी कहा।

एलजी सिन्हा ने जम्मू-कश्मीर पुलिस को आतंकवादी नेटवर्क को ध्वस्त करने में त्वरित प्रतिक्रिया के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के वित्तपोषण, नार्को-आतंकवाद संबंधों, आतंकी समर्थकों के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई के साथ आतंकवाद का मुकाबला करने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ कतई सहन नहीं करने की नीति पर जोर देते हुए कहा कि हमारे समन्वित प्रयास यह तय करेंगे कि जम्मू-कश्मीर से आतंकवादी पारिस्थितिकी तंत्र पूरी तरह से खत्म हो।

सिन्हा ने अधिकारियों को उभरती सुरक्षा चुनौतियों के प्रति सतर्क और चौकस रहने के निर्देश दिए। सूत्रों के मुताबिक सिन्हा ने जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा परिदृश्य की समीक्षा करने के साथ-साथ, सर्दियों की तैयारियों, खासकर अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा के हालात का भी जायजा लिया। उन्हें जम्मू-कश्मीर में टेरर इकोसिस्टम को खत्म करने के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में भी जानकारी दी।

# बंगाल की खाड़ी की तरफ बढ़ रहा सेन्यार तूफान, मचा सकता है तबाही

**-आईएमडी ने किया अलर्ट, ओडिशा के तटीय इलाकों में हो सकती है बारिश**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** समुद्र में बन रहा तूफान भारत में लोगों की धड़कनें बढ़ा रहा है। आशंका है कि इस दौरान 100 किमी की तूफानी हवाएं भारी तबाही मचा सकती हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक बंगाल की खाड़ी में बन रहा कम दबाव का क्षेत्र मजबूत हो रहा है और अगले 48 घंटों में यह एक चक्रवाती तूफान में बदलने की आशंक जताई जा रही है। आईएमडी ने इसे लेकर अलर्ट जारी कर कहा कि यह सिस्टम 26 नवंबर के आसपास 'चक्रवात सेन्यार' का रूप ले सकता है। इसके असर से ओडिशा के तटीय इलाकों में 25 से 27 नवंबर के बीच बारिश हो सकती है।

आईएमडी के मुताबिक फिलहाल यह सिस्टम मलक्का जलडमरूमध्य और दक्षिण अंडमान सागर के पास सक्रिय है और धीरे-धीरे दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी की ओर बढ़ रहा है। यह सिस्टम अभी मुख्य भूमि से करीब 1,000 किलोमीटर दूर है, इसलिए इसके सटीक रूट और असर के बारे में साफ जानकारी आज शाम तक मिल सकेगी। आईएमडी से संकेत मिल रहे हैं कि यह सिस्टम 24 नवंबर तक डिप्रेशन और 26-27 नवंबर तक चक्रवाती तूफान में बदल सकता है। 27 नवंबर के आसपास बंगाल की खाड़ी में हवा की रफ्तार 100 किमी प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। इससे समुद्र बहुत उग्र होने और दक्षिण ओडिशा के तटीय जिलों में भारी बारिश की आशंका है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ओडिशा के राजस्व और आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी ने कहा है कि राज्य सरकार अलर्ट है और संभावित चक्रवात से निपटने के लिए तैयारियां कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि सरकारी मशीनरी पूरी तरह तैयार है, चाहे सिस्टम आगे और ज्यादा ताकतवर ही क्यों न हो जाए। यह सिस्टम सबसे पहले अंडमान और निकोबार द्वीप समूह पर प्रभाव डालेगा। इसकी वजह से 26 नवंबर तक द्वीपों में भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। निकोबार क्षेत्र में 24 और 25 नवंबर को बारिश चरम पर रहने का अनुमान है। हवा की रफ्तार 35-45 किमी प्रति घंटा से शुरू होकर 55 किमी प्रति घंटा तक जा सकती है। 25 नवंबर को गति बढ़कर 65 किमी प्रति घंटा होने की आशंका है।



इस तूफान के रूट को लेकर अभी अनिश्चितता बनी हुई है। मौसम वैज्ञानिक आकलन लगा रहे हैं कि 26 नवंबर के बाद यह तूफान तमिलनाडु-आंध्र प्रदेश तट की ओर बढ़ेगा या उत्तर की ओर मुड़कर ओडिशा-बांग्लादेश की दिशा लेगा। फिलहाल लोगों को नियमित मौसम अपडेट पर नजर रखने की सलाह दी गई है। आईएमडी ने मछुआरों को 25 नवंबर तक अंडमान सागर और दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में समुद्र में न जाने की सलाह दी है। यह चेतावनी 28 नवंबर तक जारी रहेगी। समुद्री इलाकों और निचले तटीय क्षेत्रों में स्थानीय प्रशासन निगरानी बढ़ा चुका है।

### तूफान का नाम 'सेन्यार' क्यों?

इस तूफान का नाम 'सेन्यार' नाम रखा है जिसका अर्थ है 'शेर'। यह नाम संयुक्त अरब अमीरात ने सुझाया था और यह विश्व मौसम संगठन और संयुक्त राष्ट्र के चक्रवात नामकरण पैनल की स्वीकृत सूची का हिस्सा है। उत्तर हिंद महासागर में बनने वाले अगले तूफान के लिए इसी नाम का क्रम था। बंगाल की खाड़ी का सिस्टम जैसे-जैसे ताकत पकड़ रहा है, पूर्वी तट के सभी राज्यों को अलर्ट पर रखा गया है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** ( *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह**. 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**